ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com | e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com | पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 | पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 30.01.2023 | वर्ष 10, अंक 30 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
आपका मूल्य इससे तय नहीं होता कि आप क्या है, यह इससे तय होता है आप खुद को क्या बनाने की क्षमता रखते है।

## क्वीक न्यूज

### देवघर के दलित बस्ती में लगी भीषण आग, 12 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख

**देवघर :** देवघर के प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे स्थित क्लब ग्राउंड के दलित बस्ती में शनिवार-रविवार की दरमियान रात करीब 2ः30 बजे भीषण आग लग गयी। इसमें 12 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। इस हादसे में कई मवेशियों की भी मौत हो गई है। हादसे की सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अलाव से आग लगी है, तो कुछ लोग आग लगने का कारण शॉट सर्किट बता रहे हैं। इस हादसे में जिन लोगों की झोपड़ियां जली हैं, वह दलित सफाईकर्मियों की हैं। ये झोपड़ियां प्लास्टिक और बांस आदि से बने थे। स्थानीय लोगों के अनुसार इस घटना में कई मवेशियों की जलकर मौत हो गयी है। इस घटना में साइकिल, स्कूटी, बाइक, टीवी, अनाज, कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए।

### भारत की बेटियों ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली :** भारत की बेटियों ने इतिहास रच दिया। भारत ने महिला अंडर-19 टी 20 विश्व कप जीत लिया है। फाइनल मैच में टीम इंडिया ने इंग्लैंड ने सात विकेट से हराया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाए थे। टीम इंडिया ने यह आसान लक्ष्य सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत ने पहला महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप अपने नाम किया। भारतीय महिला टीम पहली बार आईसीसी का कोई भी टूर्नामेंट जीतने में सफल रही है।

### राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम बदलने पर मायावती ने सरकार को घेरा

**लखनऊ :** राष्टपति भवन के प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर 'अमृत उद्यान' रखा गया है। गार्डेन का नाम बदलने को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार को घेरा है। उन्होंने सरकार के इस कदम को मूल मुद्दों से ध्यान हटाने वाला करार दिया है। मायावती ने कहा कि कुछ मुट्ठीभर लोगों को छोड़कर देश की समस्त जनता जबरदस्त महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी के तनावपूर्ण जीवन से त्रस्त है। उनकी समस्याओं के निदान पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाय धर्मान्तरण, नामान्तरण, बायकाट व नफरती भाषणों के जरिए लोगों का ध्यान बांटने का प्रयास घोर अनुचित व अति-दुःखद है।

### बंद पड़ी कोयला खदान में तीन शव और मिले, मृतकों की संख्या हुई सात

**शहडोलः** जिले के धनपुरी में साऊथ-ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की बंद कोयला खदान में गत दिवस कबाड़ चोरी करने गए चार युवकों की जहरीली गैस का रिसाव होने से मौत हो गई थी। इस खदान से शनिवार को तीन और शव निकाले गए हैं। जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीम ने करीब 9 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 8 बजे इन शव को माइन्स से बाहर निकाला। अब कबाड़ बीनने के लिए इस खदान में गए लोगों की मौत का आंकड़ा सात हो गया है। दरअसल, एक दिन पहले बंद पड़ी कोयला खदान में कबाड़ बीनने गए कुछ लोगों की खदान में जहरीली गैस से मौत हो गई थी। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद चार लोगों के शव निकाले गए थे। हादसे में मरने वाले लोगों के परिजनों ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि उनके तीन साथी इसी खदान में गए हुए थे, जो वापस नहीं आए। इसके बाद उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार को रेस्क्यू टीम ने बाकी शवों को निकाल लिया। जिन तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं, उनकी पहचान मनोज पादरी, राजेश मिश्रा, रोहित कोल के रूप में हुई है। रेस्क्यू टीम के कैप्टन अमरजीत सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि माइन्स में तीन लोग फंसे हैं। दो दिन पहले इसमें लोग गए थे। उसमें से एक शख्स बाहर आया था। उसने इस बात की जानकारी दी। इसके बाद टीम बनाकर रेस्क्यू शुरू किया। जांच के दौरान अंदर एक सुराख मिला, जिसमें से लोग दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ऑपरेशन चलाकर सभी को निकाला।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21° |
| न्युनतम | 07° |

### 15 वें हॉकी विश्व कप के फाइनल मैच का सीएम ने लिया आनंद

# उड़ीसा पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के ओडिशा पहुंचने पर बीजू पटनायक एयरपोर्ट भुवनेश्वर में भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को द कलिंगा हॉकी स्टेडियम भुवनेश्वर में आयोजित 15वें हॉकी विश्व कप (पुरुष)-2023 फाइनल मैच के दौरान स्टेडियम पर मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला जर्मनी और बेल्जियम के बीच खेला गया। ओडिशा में 15 वें हॉकी विश्व कप में मुकाबलों की शुरुआत 13 जनवरी से हुआ था। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 11 जनवरी को कटक में आयोजित हुआ था। यह मैच 17 दिन तक चला और इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। पूरा मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। भुवनेश्वर 24 और राउरकेला 20 मैचों की मेजबानी किया।

बता दें कि भारत एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में गत रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच के पेनल्टी शूटआउट में 4-5 से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गया था। नियमित समय में यह मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा था। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय टीम लगभग 15000 घरेलू समर्थकों के सामने अपने स्तर के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी और शुरुआती हाफ में एक समय 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड को वापसी का मौका दे दिया।। इस हार के साथ ही भारत का 48 साल के बाद विश्व कप का खिताब जीतने का सपना भी टूट गया था।



### लातेहार के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध अभियोजन चलाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी स्वीकृति

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई करने के लगातार आदेश दे रहे हैं। इसी सिलसिले में मनरेगा योजना में वित्तीय अनियमितता के आरोपित पदाधिकारी श्री कृष्ण बिहारी राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, लातेहार के विरुद्ध अभियोजन चलाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। उनके विरुद्ध लातेहार जिला के मनिका थाना में 12 अगस्त 2010 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।लातेहार जिला के मनिका थाना में 12 अगस्त 2010 को दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधान के क्रम में श्री कृष्ण बिहारी राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना 162/ 2007 -08 की प्राकल्लित राशि में अवैध तरीके से राशि की निकासी की गई । ऐसे में अभियुक्तों पर सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित है । उक्त मामले में वादी श्री श्रवण साय, परियोजना पदाधिकारी, लातेहार के आवेदन, औपचारिक प्राथमिकी, केस दैनिकी, गवाहों के बयान और पर्यवेक्षण टिप्पणी आलोक में प्राथमिक अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोजन स्वीकृति का मामला बनता है।

# दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है भारत : पीएम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि देशभर के लोगों ने उनके साथ अपने विचार शेयर किए. कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के बारे में उन्होंने बताया.पीएम मोदी ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आती है. आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां भी हैं.

इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहता है. संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष दोनों का निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है.

योग भी स्वास्थय से जुड़ा है और बाजरा भी स्वास्थय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. दोनों अभियानों में जनता की भागीदारी के कारण एक क्रांति रास्ते पर है. पीएम ने कहा कि टोटो, हो, कुई, कुवी और मांडा जैसी आदिवासी भाषाओं पर काम करने वाली कई महान हस्तियों को पद्म पुरस्कार मिल चुके हैं. यह हम सबके लिए गर्व की बात है. सिद्दी, जारवा और ओंगे आदिवासियों के साथ काम करने वालों को इस बार भी पुरस्कृत किया गया है. डॉ अम्बेडकर ने बौद्ध भिक्षु संघ की तुलना भारतीय संसद से की थी.उन्होंने उसे एक ऐसी संस्था बताया था, जहां प्रस्ताव, संकल्प, कोरम और वोटों की गिनती के लिए कई नियम थे.

बाबासाहेब का मानना था कि भगवान बुद्ध को इसकी प्रेरणा उस समय की राजनीतिक व्यवस्थाओं से मिली होगी. पीएम ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है.

लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है. सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है. स्वभाव से हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं.

# राहुल गांधी ने लाल चौक में फहराया तिरंगा

### भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर



एजेंसी

**श्रीनगर :** कन्याकुमारी से शुरू होकर भारत जोड़ो यात्रा रविवार को अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। श्रीनगर पहुंचने पर राहुल गांधी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इस मौके पर विजयी विश्व तिरंगा प्यारा से श्रीनगर गूंज उठा। सोमवार को शेरे-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में सार्वजनिक रैली के साथ ही इस यात्रा का समापन हो जायेगा।

श्रीनगर पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोगों ने राहुल गांधी के साथ शामिल होकर भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया। यात्रा सुबह पंथा चौक से शुरू थी, जो श्रीनगर शहर के बुलेवार्ड रोड पर नेहरू पार्क के पास समाप्त होगी। सोमवार को शेरे-कश्मीर स्टेडियम में सार्वजनिक रैली की जाएगी, जिसमें कई विपक्षी नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इस समापन रैली में लगभग 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है।

यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार सुबह चुरसू गांव अवंतिपोरा से यह यात्रा शुरू हुई थी।

शनिवार को पुलवामा से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती और पार्टी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राहुल के साथ यात्रा में शामिल हुए थे। इसके अलावा पुलवामा में ही प्रियंका गांधी भी शामिल हुई थीं। राहुल गांधी ने अपनी यह यात्रा 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू की थी।

# ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर का निधन पुलिसकर्मी ने नजदीक से मारी थी गोली




**हालत गंभीर में एयर लिफ्ट करके भुवनेश्वर लाकर निजी अस्पताल में कराया गया था भर्ती**

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास नहीं रहे। अस्पताल में डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन से राज्य में शोक व्याप्त है। गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। आज सुबह ब्रजराजनगर में एक पुलिसकर्मी ने उन्हें गोली मार दी थी। उनके सीने में गोली लगी थी। इसके बाद उन्हें पहले झारसुगुडा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर लाया गया था। भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद ग्निन कॉरिडर बनाकर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम उनकी चिकित्सा में लगी थी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एवं राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल अस्पताल आकर डॉक्टरों से बातचीत की थी। श्री दास तीन बार विधायक रहे। वह झारसुगुडा विधानसभा सीट से विधायक थे। 2019 में वह बीजद के टिकट से विजयी हुए थे। इससे पहले वह कांग्रेस से विधायक थे। 2019 चुनाव से ठीक पूर्व वह कांग्रेस छोड़कर बीजद में शामिल हो गये थे। 2019 में वह राज्य सरकार में मंत्री बने थे।

**मंत्री पर हमला करने वाले गोपाल दास मानसिक रोग से पीड़ितः जयंती दास** :ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास पर गोली चलाने वाले सहायक पुलिस उप निरीक्षक गोपाल दास मानसिक रोग से पीड़िति था। गोपाल दास की पत्नी जयंती दास ने यह बात कही है। गंजाम जिले में स्थित अपने गांव में पत्रकारों से जयंती दास ने कहा कि उनके पति द्वारा मंत्री को गोली मारे जाने के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। आज सुबह उनके पति ने बेटी के साथ वीडियो कालिंग के जरिये बात की थी, लेकिन कुछ काम होने की बात कह कर फोन काट दिया था। उनके पति मानसिक रोग से पीड़ित थे। इसके लिए दवाई ले रहे थे। ब्लड प्रेशर की भी दवाई ले रहे थे। मंत्री के साथ कोई दुश्मनी होने के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस घटना को लेकर उनके बच्चे चिंतित हैं।

# उत्तर भारत में करवट ले सकता है मौसम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश होने का पूर्वानुमान है।

मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय है। इस वजह से रविवार सुबह से बादल छाए रहेंगे। इस अवधि में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

इस अधिकारी का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में रविवार को अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सोमवार को भी आकाश में आंशिक बादल छाए रहेंगे। आज कई इलाकों में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। बिहार में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। 31 जनवरी को उत्तर बिहार में जरूर बादल गरज सकते हैं।

विभागीय अधिकारी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश या हिमपात का पूर्वानुमान है। अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू संभाग में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। कश्मीर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग के इस अधिकारी का कहना है कि 29 और 30 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि हो सकती है। गुजरात, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में छिटपुट स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान और पश्चिम राजस्थान में भी बारिश के आसार है। इसके साथ ही पश्चिमी मध्य प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर बारिश हो सकती है।



### राष्ट्रपति मुर्मू ने उद्यान उत्सव का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उद्यान उत्सव-2023 का उद्घाटन किया और इस दौरान अमृत उद्यान की शोभा बढ़ाई। उद्यान उत्सव हर वर्ष फरवरी और मार्च में आयोजित किया जाता है और इस दौरान राष्टपति भवन के उद्यान को आम जनता के लिए खोला जाता है।

# एफसीआई गोदाम का कालाबाजारी आया सामने, संवेदक ने पीकअप से अपने घर भेजा राशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर प्रखंड परिसर स्थित एसएफसीआई गोदाम से डोर स्टेप डिलेवरी के संवेदक कृपाशंकर जायसवाल द्वारा रविवार की शाम एक पिकअप पर लदे 51 क्विंटल लदे गेंहू और चावल को कालाबाजारी किये जाने का मामला सामने आया। एसएफसीआई गोदाम से संवेदक कृपाशंकर जायसवाल अपनी पिकअप वाहन पर 54 बोरा गेंहू और 48 बोरा चावल कुल मिलकर 51 क्विंटल अनाज लोडकर केतार प्रखंड के परती कुश्वाणी के जविप्र डीलर शोभनाथ विश्वकर्मा के दुकान के लिए निकला। लेकिन संवेदक द्वारा उक्त पिकअप वहाँ न भेजकर अनाज लदे पिकअप को दुल्हर स्थित अपने आवास पर भेज दिया गया। अपने आवास पर संवेदक द्वारा पिकअप वाहन पर लदे अनाज को उतार कर घर में रखने लगा। इस दौरान डोर स्टेप संवेदक द्वारा अनाज गबन किये जाने की जानकारी कुछ पत्रकारो को लगी तो वहाँ पहुंचे तो पाया कि जविप्र दुकान के लिए लोड अनाज को संवेदक द्वारा अनाज को पिकअप वाहन से उतारकर अपने घर में रख दिया गया है। इसका खुल्लासा करते हुए परती कुश्वाणी के जविप्र दुकान के डीलर शोभनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि डोर स्टेप डिलेवरी के संवेदक कृपाशंकर जायसवाल ने मेरे जविप्र दुकान पर अपने पिकअप वाहन से 41 बोरा गेहू और 30 बोरा चावल अनलोड किया है। जबकि एसएफसीआई गोदाम प्रबंधक शिवकुमार यादव ने बताया कि डोर स्टेप डिलेवरी के संवेदक कृपाशंकर जायसवाल के पिकअप वाहन पर शोभनाथ विश्वकर्मा के जविप्र दुकान पर ले जाने हेतु 54 बोरा गेहू और 48 बोरा चावल दिया हूँ। जविप्र दुकान पर इतनी कम मात्रा वाहन से अनलोड किया जाना संवेदक द्वारा अनाज गबन का मामला प्रतीत होता है।

# जिप सदस्य ने डीसी से किया शिलापट्ट पर नाम अंकित कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा है कि जिले के सरकारी विभाग राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन सौंपकर जिले में होने वाले विभिन्न योजनाओं का होने वाले उद्घाटन एवं शिलान्यास पट्ट पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, जिप सदस्य, प्रमुख आदि का नाम अंकित कराने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि पूर्व में भी उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को आवेदन सौंपकर उक्त मांग की गई थी। इस पर श्रीमान ने उचित कार्रवाई किया। उसके बाद बड़गड़ प्रखंड में एक नवंबर 2022 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़गड़ से मुटकी तक पथ निर्माण एवं अन्य योजनाओं में पहले से उपेक्षित जिला परिषद सदस्य एवं प्रखंड प्रमुख का नाम अंकित किया। परंतु भवनाथपुर में अब तक यह कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को भवनाथपुर प्रखंड के ग्राम मकरी एवं रोहिनीया में पथ निर्माण योजना के शिलापट्ट पर पंचायत प्रतिनिधि का नाम अंकित नहीं करते हुए उपेक्षित रखा गया है। जिप सदस्य श्रीमती शर्मा ने उपायुक्त से शिलापट्ट पर नाम अंकित कराते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को मान, सम्मान दिलाने की मांग किया है।

# मुकुंदपुर पैक्स में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर के पैक्स में रविवार को धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उद्घाटन संबंधित पंचायत के मुखिया मुंगा साह, पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून और क्रय पदाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात फिता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस दौरान उक्त पैक्स अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह एवं धान बिक्री करने वाले रजिस्टर्ड किसान मौजूद रहे। साथ ही उक्त पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि निबंधित किसान का ही धान इस केंद्र पर क्रय किया जाएगा किसान सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपना धान क्रय केंद्र पर ला सकते हैं। इस मौके पर राम प्रवेश वर्मा, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, संजय वर्मा, उमेश साह, बिंदु साह, अमरेश सिंह, राजेन्द्र साह, सुनील कुमार राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कार्यपालक अभियंता द्वारा धांधली को लेकर सूरज अग्रवाल ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा के प्रेसिडेंट सूरज अग्रवाल ने जिला उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोप लगाया है की लोहरदगा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा अपने पद का सदुपयोग करते हुए धांधली और गड़बड़ी की जा रही है। इस संदर्भ में सूरज अग्रवाल ने कहा कि विशेष प्रमंडल द्वारा कई शर्तों के साथ निविदा कारों ने निविदा में भाग लिया था जिसमें पहला मेसर्स प्रिंस कंस्ट्रक्शन सरना टोली लोहरदगा दूसरा मेसर्स प्रेम चंद साहू सेन्हा लोहरदगा तीसरा सार्थक कंट्रक्शन सेन्हा लोहरदगा और चौथा शमीम अहमद खान कुडू लोहरदगा शामिल थे। उक्त निविदा में विभागीय अनुसार विगत 3 वित्तीय वर्षों से संबंधित श्रेणी में समान प्रकृति के कृत कार्यों में अनुभव प्राप्त करना अनिवार्य होना था एवं टर्नओवर में समान प्रकृति की राशि का कार्य किया जाना जरूरी था परंतु अपने ही नियमावली से हटाकर सभी शब्दों को अनदेखी करते हुए लोहरदगा कार्यपालक अभियंता द्वारा भारी गड़बड़ी किया जा रहा है जिसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है इनके द्वारा गड़बड़ किया गया। उन्होंने कहा कि निविदा संख्या 17/2022-23 जांच के उपरांत सामने आ जाएगी ऐसे काम करने वाले भ्रष्टाचारी पर अंकुश लगाने की जरूरत है और ऐसे गलत कार्यवाही करने वाले पदाधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संदर्भ में सूरज अग्रवाल ने माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार,माननीय मंत्री लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव,क र्यपालक अभियंता विकास विशेष प्रमंडल लोहरदगा को छाया प्रति सलग्न करवाया है, तथा जांच उपरांत कारवाही की बात कही है।

# रोहिनिया सभा में बोलते विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को रोहिनियाँ बागीचा मोड़ से गरबाँध घाटी तक तथा मकरी मोड़ से गड़ेरियाडीह होते हुए सिंघीताली मुख्य पथ तक बनने वाली दो पक्कीकरण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यनारायण यादव से कराया. मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए विधायक भानु ने कहा कि रोहिनिया बगीचा से गरबांध घाटी तक तथा मकरी मोड़ से गडेरियाडीह होते हुए सिंघिताली गावँ तक वर्षो से सड़क नही होने के चलते आम अवाम के साथ साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को आने जाने में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था।अब उक्त दोनों बहुप्रतीक्षित पक्कीकरण सड़क के बनने से एक दूसरे गांव के लोगो का आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर इस विधानसभा के डोर नगर के लोगो के हाथो में होता तो, रोहिनिया और मकरी गांव को उपेक्षा की दंश झेलना पड़ता, यहाँ सड़क का निर्माण नही हो पाता। लेकिन मैं आपके घर का बेटा होने के नाते मेरी पहली प्राथमिकता है, कि पुरे विस क्षेत्र के विभिन्न गांव टोलों में सड़क का निर्माण कराकर लोगो के आवागमन में सहूलियत प्रदान करू। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक सत्यनारायण यादव, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, बिपिन चौबे, भानु गुप्ता, दयानंद सोनी, रंजीत प्रसाद, संजय यादव, भगत दयानंद यादव, लालमोहन यादव, मधुलता देवी, मनोहर साव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने एनएच 98 पर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने के आरोप में चार टेंपो को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना पुलिस ने रविवार को एनएच 98 पर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने के आरोप में चार टेंपो को जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि मामले में दुर्गा मंदिर रोड एनएच 98 पर बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए टेंपो संख्या बीआर 26 एपी 4072, बीआर 26 बी 3183, बीआर 26 एच 6019, बीआर 26 इ 3063 को जब्त कर जिला परिवहन विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। बताते चलें कि हरिहरगंज शहर में रोजाना लग रहे जाम से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों को ले जा रहे एम्बुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसे रहते हैं । इस दौरान आवागमन बहाल करने के लिए हर दिन पुलिस को जूझना पड़ता है। शहर में रोजाना नो पार्किंग पर टेंपो खड़े कर एनएच 98 पर अतिक्रमण किए रहते हैं। सवारी बैठाने की होड़ में टेंपो आगे-पीछे करते रहते हैं । इससे कई बार टेंपो से टकराकर राहगीर चोटिल के साथ ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि कि नो पार्किंग में खड़े टेंपो संचालकों पर आगे भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

74 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर
समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक
किशुन यादव
भाजपा नेता सह जिप उपाध्यक्ष हजारीबाग

74 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर
समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक
उर्मिला देवी
निर्देशक यूके पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी बरही

74 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर
समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

निवेदक
देवलाल कुशवाहा
उपप्रमुख बरही प्रखण्ड

# यज्ञ समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पाल्हे कला-जतपुरा गांव में आयोजित होने वाले चातुर्मास श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर रविवार को यज्ञ समिति की बैठक समिति अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यज्ञ के सफल संचालन के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए. इसमें मुख्य रूप से आगामी 12 फरवरी को एक आम सभा बुलाने का निर्णय लिया गया. आम सभा में प्रखंड के सभी गांवों से प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया. समिति अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे ने कहा कि चातुर्मास महायज्ञ के लिए श्री श्री 1008 पूज्य पाद श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पदार्पण 4 जून को यज्ञ स्थल पर हो जाएगा. यह आयोजन काफी वृहद पैमाने पर होगा.इसलिए पूरे प्रखंड के सभी गांव के लोगों का सहयोग अपेक्षित है. समिति के सभी सदस्यों को अब पूरी तन्मयता से यज्ञ कार्य के लिए लग जाना होगा. बैठक में शंभूनाथ शुक्ला, श्याम बिहारी शुक्ला, मुक्तेश्वर पांडेय, जयकिशोर शुक्ला, राकेश चौबे, अमित शुक्ला, सचिव राजा शुक्ला, धीरेंद्र चौबे, सुनील चौबे, अमरनाथ पांडेय, उमेश शुक्ला, भोला शुक्ला, रजनीश कुमार मंगलम, राधेरमण चौबे, धर्मेंद्र चौबे, रामश्रृंगार चौबे, पीयूष शुक्ला, राजनारायण शुक्ला, बच्चा महतो, हरिहर राम, कामेश राम, मथुरा पासवान, विजय ठाकुर, मनोज राम, महेश राम, बालेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अनुबंध कर्मियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** रविवार को स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एएनएम, जीएनएम लैब टेक्नीशियन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अनुबंध कर्मी अपनी मांग नियमितीकरण करने को लेकर झारखंड सरकार से मांग करने को लेकर 16 जनवरी से लगातार मुख्यमंत्री आवास घेराव, अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन कर रहे हैं। झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी के आहवाहन पर स्वास्थ्य अनुबंध कर्मी अपने भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही को सामूहिक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव, 17 जनवरी से 23 जनवरी तक निश्चित कालीन हड़ताल, 24 जनवरी से आमरण अनशन किया जा रहा है। पर 12 वा दिन होने के बावजूद भी सरकार के द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया। एएनएम दीदी ने बताया कि कोरोना काल महामारी मे सरकार के कड़ी निर्देश का पालन किया। इस काल के दौरान मेरे बहनों ने कोई अपना पति तो कोई अपना बेटा खोया। इसके बावजूद भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी समस्या सदन में उठाऊंगा। आप लोग दिन रात एक कर लोगों को चिकित्सीय मदद करते हैं। इस मौके पर गढ़वा से शोभा कुमारी, सुलेखा कुमारी, राजकुमारी, पविता कुमारी, संगीता कुजूर, किरण कुमारी, रंजू कुमारी रानी कुमारी, अंचला कुमारी सीमा कुमारी, सुलेखा कुजूर सहित अन्य अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# एम एकेडमी में 12वीं विद्यार्थियों को विदाई समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** जपला रोड स्थित एम एकेडमी में 12वीं के छात्र छात्राओं के विदाई समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व एवं भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता (चुनमुन) यासीन अंसारी, सुरेश कुमार मुबारक हुसैन आदि ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया मौके पर चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि एम एकेडमी छतरपुर में सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है एवं लगभग बीस वर्षों से शिक्षा का अलख जगा रहा है इस कोचिंग से खास कर के गांव के लड़कियों को पढ़ने में बहुत सुविधा हो गया पहले अभिभावक गण अपने लड़कियों को पढ़ने के लिए बाहर नहीं जाने देना चाहते थे जिसके कारण लड़कियां शिक्षा से वंचित हो जाती थी लेकिन एम एकेडमिक ने उन बच्चियों के सपनों को उड़ान दिया और आज बच्चियां हर क्षेत्र में आगे हैं. अरविंद कुमार गुप्ता उर्फ चुनमुन ने बच्चों को सफलता के गुर सिखाए एवं कैसे बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों के बच्चों से हम प्रतिद्वंदिता कर सकते हैं इसकी जानकारी दी संस्थान के संचालक मुबारक हुसैन ने कहा कि संस्थान के सभी शिक्षकों के आपसी समन्वय के कारण ही हम बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाने में सक्षम हैं कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत नृत्य एवं नाटक का प्रदर्शन किया छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में रामजस कुमार, उमेश कुमार, उपेंद्र कुमार, पंकज कुमार, रिया कुमारी, चंदन कुमार सहित संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# पंचायतों में सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार लगा 15 वें वित्त की राशि का किया जा रहा बंदरबांट

- ➲ पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक संयुक्त सचिव के आदेश का नहीं कर रहे अनुपालन
- ➲ 24 फरवरी 2021 में तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा जलमीनार अधिष्ठापन पर लगाया गया है रोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** केंद्र सरकार के द्वारा पंचायतों को 15 वें वित्त अनुदान मद की राशि उपलब्ध कराया गया है। जिससे पंचायत क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो। साथ हीं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। लेकिन पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक को पंचायत के विकास से कोई लेना देना नहीं। वहीं लोकोक्ति ÷अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता÷ सिद्ध हो रहा है। पंचायत को प्राप्त वित्त की राशि से सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार अधिष्ठापन कराया जा रहा है। जिसपर मोटी राशि मुखिया और पंचायत सेवक को मिल जाती है। बाकी कार्यों में महज 5 प्रतिशत पर हीं इन्हें संतोष करना पड़ेगा। सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार के अधिष्ठान पर 24 फरवरी 2021 को हीं तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा रोक लगाया गया है। बावजूद संयुक्त सचिव के निर्देशों का अनुपालन पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा नहीं किया जा रहा। जलमीनार लगाने को लेकर 24 फरवरी 2021 में हीं रोक लगा दी गई है। इसके बाद से लगाया गया जलमीनार नियमसंगत नहीं है। विभाग के द्वारा जल नल यानी पूर्व में लगाए गए जलमीनार से पाइप लाइन के माध्यम सप्लाई घरों तक करने का कार्य भी किया जाना हैं। जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य पंचायत के मुखिया के द्वारा अब नहीं होगा। अधिष्ठान कराने को ले पेय जल व स्वच्छता विभाग को जिम्मेवारी सौंपी गई है। मुखिया के द्वारा विभाग को पैसे उपलब्ध कराए जाएंगे। **निदेशक सह संयुक्त सचिव के द्वारा क्या दिया गया था निर्देश :** 24 फरवरी 2021 को तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा जलमीनार अधिष्ठापन पर रोक लगाने को लेकर पत्र निर्गत किया है। साथ हीं पत्र में उल्लेखित है कि विभागीय पत्र संख्या 374 दिनांक 15 फरवरी 2019 द्वारा उपलब्ध कराए गए प्राक्कलन के आधार पर नई सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है। इस क्रम में कई मुखिया संघ व मुखिया के लेटर पेड पर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं कि पूर्व उपलब्ध कराए गए प्राक्कलन (मुख्यतः 3 लाख 84 हजार संबंधी प्राक्कलन) के आधार पर नई योजनाओं के क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान की जाए। लेकिन उक्त के संबंध में स्पष्ट करते हुए निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन ने प्राक्कलन से 15वें वित्त आयोग मद में उपलब्ध राशि से सौर उर्जा आधारित जलमीनार अधिष्ठापन को अनुमान्य नहीं बताया। **पंचायतों में बेखौफ लगाए जा रहे जलमीनार, दोषी कौन :** 15 वें वित्त अनुदान मद की राशि से जलमीनार के अधिष्ठान पर पुरी तरह रोक लगा दी गई। बावजूद प्रखंड हीं नहीं जिले के सभी पंचायत क्षेत्र में निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए जलमीनार अधिष्ठापन कराया जा रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेवार कौन हैं। विभागीय सचिव के द्वारा पत्र निर्गत कर अनुपालन कराने का निर्देश जिला और प्रखंड को दी जाती है। फिर भी किसी मुखिया पर कार्रवाई क्यों नहीं हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित मुखिया के द्वारा प्राप्त पैसों से बेखौफ अधिष्ठान कराने जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी कार्यालयों में 30 को मनाया जाएगा शहीद दिवस

**रांची** : झारखंड के सभी सरकारी कार्यालयों में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जायेगा। कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया जायेगा। शहीद दिवस पर देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित की जायेगी। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, सभी प्रधान सचिवों, सभी सचिवों, पुलिस महानिदेशक, सभी आयुक्त, सभी उपायुक्त, सभी एसपी और सभी डीएसपी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि 30 जनवरी को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण रखा जाये। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में राष्ट्रीय एकता के बारे में बतायें। साथ ही इसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।


### एचडीएफसी बैंक के पंडरा शाखा का हुआ उद्घाटन

**रांची** : पंडरा रांची में एचडीएफसी बैंक के नए शाखा का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। शाखा का उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। मौके पर श्री सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जाएगी। इस मौके पर क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, शाखा प्रबंधक निशांत कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूलों में पांच जनजातीय भाषाओं की होगी पढ़ाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में अब अनिवार्य रूप से जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई करायी जाएगी। जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई क्लास एक से तीन तक के बच्चों को करायी जाएगी। यह फंडामेंटल लिटरेसी और न्यूमेरेसी प्रोग्राम के तहत चालू किया जाएगा। तीसरी क्लास के बच्चे को हो, मुंडारी, खड़िया, कुड़ुख और संथाली भाषा पढ़ाई जाएगी। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में पहली से तीसरी तक के छात्र-छात्राओं के लिए फंडामेंटल लिटरेसी और न्यूमेरेसी कार्यक्रम चल रहा है। यह ऐसा प्रोग्राम है, जिसमें गणित और भाषा की पढ़ाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। गणित की पढ़ाई तो आरंभिक स्तर से चल रही है। वहीं, अगले साल से पांच जनजातीय भाषाओं को इसमें जोड़ा गया है।




स्कूलों में जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई हो सके इसके लिए झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना को जिम्मेदारी दी गयी है। यही इन भाषाओं की किताबें भी तैयार करा रहा है। 20 से अधिक कहानियां इन भाषाओं की किताब में होगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मुताबिक जिन स्कूलों में इसकी शुरुआत की जाएगी, वहां 10-10 किताबों का सेट दिया जाएगा। ये किताबें बाइलिंग्वल होंगी, जहां पिक्चर और टैक्स्ट दोनों के माध्यम से बच्चों को संबंधित भाषा लिखना, पढ़ना सिखाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर शिक्षकों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। नयी शिक्षा नीति में भी लोकल लैंग्वेज पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग लंबे समय से प्राइमरी स्तर पर लोकल लैंग्वेज को सिलेबस में जोड़ने के लिए प्रयासरत है। इसके पीछे का मकसद रहा है कि जिस क्षेत्र में जो लैंग्वेज पॉपुलर है, वहां उसी लैंग्वेज में पढ़ाई करायी जाए। इससे बच्चों में लर्निंग कैपेसिटी बढ़ेगी।

# अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दों पर राज्य कन्वेंशन 11 मार्च को रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर राज्य के वामदलों सीपीआई सीपीआईएम और भाकपा माले द्वारा संरक्षित अल्पसंख्यक अधिकार समन्वयक समिति झारखंड आगामी 11 मार्च 2023 को एसडीसी हॉल रांची में राज्य स्तरीय अल्पसंख्यक अधिकार कन्वेंशन आयोजित करेगा।




कन्वेंशन में केंद्र की भाजपानीत मोदी सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे हमलों का मुकाबला किए जाने पर चर्चा की जाएगी, साथ ही झारखंड राज्य में राज्य अल्पसंख्यक आयोग व वक्फ बोर्ड, उर्दू अकैडमी, अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम आदि का गठन करने सहित अल्पसंख्यकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा कर मांग पत्र बनाकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल से प्रतिनिधिमंडल मिलने का निर्णय लिया है । कन्वेंशन में उड़ीसा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज मनोरंजन मोहंती , पूर्व सांसद सुभाषिनी अली, सीपीआई के सचिव अतुल कुमार अंजान, पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अश्विनी बख्शी, भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य स्कूल ऑफ लॉ. जी. गोयनका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अफकार आलम सहित वामदलों के राज्य नेतृत्व मुख्य रूप से भाग लेंगे। यह घोषणा सीपीआई राज्य कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अल्पसंख्यक अधिकार समन्वय समिति झारखंड के संयोजक एके रसीदी, संयोजक एम ए चौधरी व नदीम खान, सीपीआई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार सिंह, सीपीआईएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा, भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य भुनेश्वर केवट आदि ने किया।

## झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी से राज्य की जनता को निजात दिलानी है : बाबूलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की जनता को झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी से मुक्ति दिलानी है। मरांडी रविवार को अपने आवास पर पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा की सामाजिक कार्यकर्ता अनिता मुर्मू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करा रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थिति भयावह हो चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। झामुमो सहित राज्य के सत्ताधारी खान खनिज, संसाधनों को लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो आज मुद्रा मोचन पार्टी बनकर काम कर रही है। राज्य के विकास से इनका कुछ भी लेना देना नहीं है।

# चिकित्सक अनुबंध कर्मियों से मिलने राजभवन पहुंचे विधायक इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी झारखंड राज्य के चिकित्सक अनुबंधित कर्मियों से मिलने राजभवन पहुंचे। अनुबंधित कर्मियों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। मौके पर विधायक ने कहा की राज्य में जितने भी अनुबंधित कर्मचारी हैं वह भाजपा की देन है।

पूर्व की भाजपा सरकार ने बाहरी लोगों को स्थाई किया और राज्य के स्थानीय लोगों को अनुबंध पर रखने का काम किया जो सरासर गलत है। भाजपा की गलत नीति के कारण आज अनुबंधित कर्मियों में भारी आक्रोश है। इन अनुबंध कर्मियों के हड़ताल पर रहने से स्वास्थ्य सेवाओं



पर खराब असर पड़ रहा है। कहा की अभी झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है जो पारा शिक्षकों को स्थाई करने की दिशा में कार्य कर रही है। आप लोगों की जो मांगे हैं वो जायज है। हमारे मुख्यमंत्री शालीन और निर्णय लेने वाले हैं। हमारे मुख्यमंत्री दयालु हैं और वह आप लोगों को हो रहे कष्ट को भी देख रहे हैं।मैं आप लोगों की मांगों को सरकार के समक्ष रखने का काम करूंगा।

# भाजपा के बूथ सशक्तीकरण टीम में आशा लकड़ा शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी लोकसभा-2024 और विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से बूथ सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। राष्ट्रीय बूथ सशक्तीकरण टीम में राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा को भी शामिल किया गया है। भाजपा में बूथ सशक्तीकरण महत्वपूर्ण कार्य है। इसके आलावा राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा को पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्य का सह प्रभारी भी बनाया गया है। साथ ही मन की बात कार्यक्रम*



के तहत पांच राज्यों (पुडुचेरी, सिक्किम, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, लक्ष्यद्वीप) का प्रभारी और स्वावलंबी भारत अभियान के तहत चार राज्यों (असम, मध्य प्रदेश, ओडिशा व छत्तीसगढ़) का प्रभारी बनाया गया है।

# झारखंड खातयानी मुस्लिम मंच का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रिजवान क्रांतिकारी ने प्रेस वार्ता में कहा कि झारखंड खतियानी मुस्लिम मंच बनाया जा रहा है, जिससे कि झारखंड की पहचान 1932 की खतियान को लेकर मुसलमानों के बीच जागरूकता पैदा किया जा सके,और उसके लिए जरूरत के समय आंदोलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई व्यवस्था, खतियान, नियोजन नीति ,उद्योग नीति, विस्थापन नीति, स्थानीय नीति को लेकर चल रही है




जिसमें मुसलमानों की भागीदारी बड़े स्तर पर करना इस मंच का उद्देश्य है। क्रांतिकारी रिजवान ने कहा हमारी मुख्य मांगे हैं, हमारी पहचान 1932 का खतियानी, इसे राज्य सरकार ईमानदारी से जल्द से जल्द लागू करने का प्रयास करें। झारखंड खतियानी मुस्लिम मंच को ऐसा लगता है कि राज्य सरकार झारखंड के 3:15 करोड़ जनता को सिर्फ गुमराह कर रही है ,उनकी नीति और नियत दोनों ही सही नहीं है । जल्द से जल्द विस्थापन नीति और विस्थापन आयोग बनाने की मांग की।

उन्होने कहा कि 24 जिलों के प्रतिनिधि मुस्लिम शामिल हुए जिसमे खतियान की लड़ाई में मुस्लिम वर्ग कैसे अपनी भागिदारी सुनश्चित करें।इसपर विचार से चर्चा तथा एक संगठन का विस्तार हुआ ।

# आरसेटी में ग्रामीणों को मिला कृषि उद्यमी का प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक प्रयोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा, दुमका में चल रहे तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र वितरीत कर किया गया। आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है, यहां बिना कृषि के सब कुछ अधूरा है और भारत की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है । कृषि के लिए तकनीकी, मिट्टी का पहचान, मानसून



पैटर्न, मिट्टी की जांच एवं उपचार, जैविक कृषि , उन्नत किस्म के बीज, बीजों के उपचार, हॉटीकल्चर, गाय पालन, मछली पालन, क्रॉप प्लानिंग इत्यादि विषय को विस्तार से बतलाएं। मौके पर संस्थान के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने कहा कि संस्थान बेरोजगार लोगों को पहचान कर उनके इच्छा के अनुसार चयनित विषय पर निःशूल्क प्रशिक्षण देती है। उन्होंने बताया कि संस्थान के द्वारा लोगों को विभीन्न कार्यक्रमों जैसे - गाय पालन, बकरी पालन, कृषि उद्यमी, सब्ज़ी नर्सरी प्रबंधन, एवं खेती, वस्त्र निर्माण, ब्यूटीशियन, कम्प्यूटर, एल.एम.भी, खिलौना गुड़िया निर्माण,दो पहिया मरम्मती, सेल फोन रिपेयरिंग आदि में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार,और अन्य उपस्थित थे।

# खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव सुजीत कुमार को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में झारखंड खोरठा साहित्य सांस्कृति परिषद के सचिव सुजीत कुमार को सम्मनित किया गया।

ज्ञात हो कि 21 एवम 22 जनवरी को मलेशिया में संगोष्ठी का आयेजन भारत- मलेशिया सांस्कृतिक संबंध विषय पे नेता जी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र , भारतीय उच्च आयोग कुवाललंग (मलेसिया) और साहित्य संचयन शोध संवाद फाऊंडेशन नई दिल्ली (भारत) के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था।


उस कार्यकर्म में सुजीत कुमार को आदि धर्म से अन्य धर्मो का उदय विषय पर सोध प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। ये झारखण्डी भाषा - भाषी एवं झारखण्डी संस्कृति के लिए बहुत गर्व की बात है। अंतराष्ट्रीय स्तर पे खोरठा साहित्य को सम्मान एवम पहचान दिलाने के लिए आजसू छात्र ने बुके एवम सोल से सम्मानित किया।

इस अवसर पे सुजीत कुमार ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुऐ कहा की भाषा- संस्कृति ही झारखंड और झारखंडियों की पहचान है मुझे अंतराष्ट्रीय पटल पे खोरठा के महत्व को प्रस्तुत करने का अवसर मिला इसके लिए सोध संवाद फाऊंडेशन एवम सुभाष चंद्र बोस भारतीय संस्कृति (मलेशिया) को धन्यवाद। झारखण्डी सभ्यता-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने के लिए मेरा हर संभव प्रयास रहेगा।

इस अवसर पे प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष जब्बार, ज्योत्सना कारकेट्टा, अंजू अंसारी, गदाधर महतो, नीरज वर्मा, ओम वर्मा, नीतिश सिंह, जमाल गद्दी, राहुल तिवारी, अभिषेक झा, अभिषेक शुक्ला, आषुतोष कुमार एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

## टीचर ट्रेनिंग की स्पेशल परीक्षा 10 से

**रांची :** रांची यूनिवर्सिटी में बीएड गवर्नमेंट टीचर ट्रेनिंग की स्पेशल परीक्षा 10 से 17 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए मोरहाबादी कैंपस स्थित बेसिक साइंस भवन स्थित पीजी जूलॉजी विभाग को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दिन के एक से चार बजे तक होगी।



# बच्चों में प्रतिभा तराशने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बच्चों में छिपी प्रतिभा को तराशने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्कूल का बखूबी संचालन करना और अपरिपक्व मस्तिष्क को सकारात्मक कार्यो के लिए प्रेरित करना एक बड़ी चुनौती है । इन चुनौतियों का सामना करते हुए शिक्षकों पर बच्चों के सुनहरे भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी है। उक्त बातें मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को लोयला ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव व पुरस्कार




वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। तिर्की ने कहा कि कुछ दूषित ताकतों द्वारा जाति व धर्म के नाम पर समाज को तोड़ने की साजिश की जा रही है। ऐसे तत्वों से हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश प्रेम सर्वोपरि है। बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना भरते हुए उनके उज्जवल भविष्य निर्माण की दिशा में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । ऐसे में शिक्षकों के समक्ष काफी बड़ी चुनौतियां हैं । स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य मोहम्मद मसूद कच्छी एवं उप प्रधानाचार्य कहकशां ने अपने विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। समारोह को सफल बनाने में मिस रिजवाना, मुशर्रत, राणा, राज, शाइस्ता,तरन्नुम,शब्बा, शुंबुल, नाहिद, नाज़नीन, चांदनी एवं आसिफ जिया सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वास्थय कर्मचारियों के आंदोलन का भाकपा माले ने किया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड जन स्वास्थ्य स्वास्थय कर्मचारी संघ के वैनर तले राज्य भर में 18 दिनों से जारी अनशन आंदोलन का भाकपा माले झारखंड राज्य कमिटी समर्थन करती है। भाकपा माले मांग करती है की आन्दोलनरत स्वास्थ्य कर्मचारियो के साथ अविलंब समझौता वार्ता कर इनकी सेवा स्थाई करने की दिशा में ठोस पहल करें।

भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त और राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने आज धरना स्थल पर जाकर भेंट मुलाकात की और स्वास्थ्य समस्याओं का हालचाल जाना। अनशनकारियों को सन्बोधन में राज्य सचिव



मनोज भक्त ने कहा की अंशनरत स्वास्थ्य कर्मियों की हालत बेहद खराब है । राज्य भर के स्वास्थ्यकर्मियों और स्वस्य साहिया के हड़ताल पर जाने पूरे राज्य की स्वास्थय सेवा ठप हो गया। अनुबंध कर्मचारियो की मांग जायज है राज्य सरकार इसके समायोजन की शुरूआत करें।

इधर भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने अनशनकारी स्वास्थय कर्मचारियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार को 30 जनवरी तक इस मामले में निर्णय के लिए बात करेंगें संभव है की सरकार इस दिशा में ठोस पहल करेगी।

जरुरत पड़ी तो हमारी पार्टी राज्य के स्वास्थ्य कर्मचारियो के लिए सड़कों पर भी आन्दोलन तेज करेगी।

# रांची में सरस्वती पूजा और टी-20 मैच की ड्यूटी से पुलिसकर्मियों के गायब रहने पर एसएसपी गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में सरस्वती पूजा और टी-20 मैच को लेकर विधि व्यवस्था संभालने की काम से रांची जिला में प्रतिनियुक्त कई पुलिसकर्मी गायब रहे। इसका खुलासा रांची एसएसपी के पत्र से हुआ, जिसमें उन्होने ऐसे पुलिसकर्मियों की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जतायी है और अविलंब ड्यूटी में उपस्थित रहने का आदेश भी दिया है। बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मी को रांची जिला में भारत न्यूजलैड मैच के विधि व्यवस्था ड्यूयी के लिये प्रतिनियुक्त किया गया था।मैच समाप्ति के पश्चात सभी पुलिसकर्मी को सरस्वती पूजा मुर्ति विसर्जन के लिये विभिन्न थानों में प्रतिनियुक्त किया गया था लेकिन बहुत से पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य स्थल से फरार थे। इस गंभीर लापरवाही को एसएसपी ने गंभीरता से लिया। एसएसपी ने ड्यूटी गायब पुलिसकर्मी को अविलंब उपस्थित



होने को कहा है, अन्यथा कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## संपादकीय

# नवनिर्माण की आचार संहिता

**शिमला** हाई कोर्ट का यह फैसला हिमाचल के अस्तित्व को जीवन प्राण देने का मूलमंत्र है और इसे व्यावहारिक शक्ल देने की अतीव आवश्यकता है। माननीय अदालत ने हिमाचल के पहाड़ों को कुरेद रही प्रवृत्ति, अंधाधुंध व बेतरतीब निर्माण और टीसीपी कानून की अनिवार्यता को लेकर कड़े संदेश दिए हैं। अपने एक अहम फैसले में हाई कोर्ट ने विकासात्मक तथा भवन निर्माण जैसी गतिविधियों के लिए पहाड़ों के कटान पर एक तरह से रोक लगा दी है। प्लानिंग एरिया व क्षेत्र विशेष विकास योजना से बाहर पहली बार मनमानी पूर्वक हो रहे निर्माण के हाथ पकड़े हैं तथा इसे व्यवस्थित करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों को भी पहाड़ चीरने की खुली छूट नहीं मिलेगी और यह भी कि सडक़ों के किनारे किसी भी तरह कि निर्माण को हद से आगे बढने की अनुमति नहीं होगी। ग्रामीण इलाकों में भी रिहायशी भवनों का निर्माण में पार्किंग के अलावा अधिकतम सीमा तीन मंजिल रखी है तथा इन्हें सडक़ से तीन मीटर की दूरी पर ही बनाया जा सकता है। वन भूमि से भी निर्माण की दूरी पांच मीटर रखी गई है। इस फैसले का सबसे अहम बिंदु यह है कि अदालत टीसीपी विभाग को प्रदेश के विकास नक्शे का प्रमुख संरक्षक बनाना चाहती है और इसलिए पहाड़ की खुदाई से पहले इसकी अनुमति की बाध्यता भी जुड़ रही है। माननीय अदालत ने टीसीपी निदेशक को साल के भीतर क्षेत्रीय आधार पर तमाम जिलों की योजना बना कर 'नो डिवेलपमेंट जोन' घोषित करने की हिदायत भी दी है। यानी अब हिमाचल में नवनिर्माण के सारे खाकों की निगरानी टीसीपी विभाग करेगा। यह लगभग समाप्त समझे जा रहे विभाग का पुनर्जीवन ही होगा कि इसे अदालती संबल मिल रहा है। पाठकों को याद होगा कि हमने इन्हीं कालमों में 'हिमाचल के जोशीमठ' के तहत इन्हीं चिंताओं का जिक्र किया था और इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले हफ्ते पाठकों से जब पूछा कि 'क्या जोशीमठ से सबक लेते हुए सारे हिमाचल में टीसीपी एक्ट लागू होना चाहिए,' तो इसके जवाब में अठासी प्रतिशत लोगों ने हामी भरी है कि पूरे प्रदेश में इस कानून को लागू करके निर्माण गतिविधियों पर नियम लागू किए जाएं। हमारा भी मानना है कि अब सारे हिमाचल को ग्राम एवं नगर नियोजन कानून के दायरे में ला कर निर्माण की आचार संहिता लागू की जाए तथा पूरे परिवेश को संबोधित करते हुए प्राकृतिक संरचना व दृश्यावलियों को बचाया जा सके। विडंबना यह भी है कि सार्वजनिक निर्माण में भी परिवेश और टीसीपी कानून की शर्तें अमल में नहीं आतीं। व्यावसायिक गतिविधियों ने न केवल पहाड़ का सौदा कर लिया, बल्कि निर्माण सामग्री के नाम पर भी प्राकृतिक संसाधनों की लूट से सारा परिवेश खोखला हो रहा है। आश्चर्य यह कि जिस टीसीपी कानून से हिमाचल के विकास का मॉडल तया होना था या शहरीकरण के दबाव में ग्रामीण परिवेश को बचाना था, वहां सियासी तौर पर इच्छाशक्ति हार गई। भले ही अब एक से बढक़र पांच नगर निगम हो गए या कल इनकी संख्या आठ या इससे भी अधिक हो जाए, लेकिन विडंबना यह कि शहरों के साथ लगते गांवों को हम कानूनी तौर पर या व्यवस्थित ढंग से निर्माण की आदर्श पद्धति से छूट दिलाना चाहते हैं। प्रायःशहरों के दायरे के बाहर दर्जनों गांव खुद में निर्माण की मशीनरी व आर्थिक लाभ उठा कर भी यह नहीं चाहते कि उन पर योजनाबद्ध या कानूनी मंजूरियों का कोई दायरा बने। परवाणू से शिमला के बीच एक बहुत बड़ा व्यापारिक क्षेत्र तो विकसित हुआ, लेकिन इसने एक ओर पहाड़ को बुरी तरह प्रताड़ित किया, तो दूसरी ओर घाटी की तरफ ढलान को भी कंक्रीट से चिन दिया। दोनों ही दिशाओं में प्रकृति विरोधी कार्यों के साथ-साथ भविष्य को संवारने के संकल्प भी हार गए। इसी तरह विद्युत परियोजना क्षेत्रों, नए संस्थानों के विकास तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के आसपास बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों ने सारा पर्यावरण छीन लिया है। दुर्भाग्यवश सरकार की ओर से भी बड़े संस्थानों की जमीन की खोज जब पर्वत से छीन कर पूरी होती है, तो वहां जेसीबी का युद्ध तांडव मचाता है। इस भयानक परिदृश्य से बचाने के लिए केवल डंडा नहीं, नए विकल्प भी चाहिएं। पहले तो सरकार को प्रदेश भर में नए शहर तथा निवेश केंद्र विकसित करने चाहिएं ताकि आवासीय तथा व्यापारिक गतिविधियां व्यवस्थित हो जाएं। सरकार प्रमुख शहरों में नए बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर तथा मंडियां विकसित करे। हिमाचल में नवनिर्माण की योग्य जगह पर वन विभाग कुंडली मार कर बैठा है। राज्य की 70 फीसदी भूमि पर वन विभाग की मिलकीयत है, जिसे घटा कर कम से कम 50 प्रतिशत करें, तो अतिरिक्त बीस प्रतिशत भूमि पर भविष्य की पैरवी करते हुए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र का उत्थान बिना पहाड़ को काटे या पर्यावरण को बिगाड़े हो सकता है।

ग्रामीण इलाकों में भी रिहायशी भवनों का निर्माण में पार्किंग के अलावा अधिकतम सीमा तीन मंजिल रखी है तथा इन्हें सडक़ से तीन मीटर की दूरी पर ही बनाया जा सकता है। वन भूमि से भी निर्माण की दूरी पांच मीटर रखी गई है। इस फैसले का सबसे अहम बिंदु यह है कि अदालत टीसीपी विभाग को प्रदेश के विकास नक्शे का प्रमुख संरक्षक बनाना चाहती है और इसलिए पहाड़ की खुदाई से पहले इसकी अनुमति की बाध्यता भी जुड़ रही है। माननीय अदालत ने टीसीपी निदेशक को साल के भीतर क्षेत्रीय आधार पर तमाम जिलों की योजना बना कर 'नो डिवेलपमेंट जोन' घोषित करने की हिदायत भी दी है। यानी अब हिमाचल में नवनिर्माण के सारे खाकों की निगरानी टीसीपी विभाग करेगा। यह लगभग समाप्त समझे जा रहे विभाग का पुनर्जीवन ही होगा कि इसे अदालती संबल मिल रहा है। पाठकों को याद होगा कि हमने इन्हीं कालमों में 'हिमाचल के जोशीमठ' के तहत इन्हीं चिंताओं का जिक्र किया था और इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले हफ्ते पाठकों से जब पूछा कि 'क्या जोशीमठ से सबक लेते हुए सारे हिमाचल में टीसीपी एक्ट लागू होना चाहिए,' तो इसके जवाब में अठासी प्रतिशत लोगों ने हामी भरी है कि पूरे प्रदेश में इस कानून को लागू करके निर्माण गतिविधियों पर नियम लागू किए जाएं।

## इस्लाम नगर में खेला : 1100 मकान तोड़े, 444 की बनायी सूची, 291 के लिए बना फ्लैट

**गुलाम शाहिद**

**इस्ला**मनगर के विस्थापितों को 300 वर्गफीट का फ्लैट मिलेगा। इसमें एक बेड रूम, हॉल, किचन, बाथरूम होगा। पॉलिटेक्निक संस्थान से ली गई करीब तीन एकड़ जमीन पर कुल चार ब्लॉक में फ्लैट बनकर तैयार हैं। नगर विकास विभाग की एजेंसी जुडको ने अपार्टमेंट का निर्माण कराया है।

सर्वे के बाद जिला प्रशासन ने 444 लाभुकों की सूची तैयार की, लेकिन इसमें भी खेला हो गया. जिनके घर टूटे, उनमें से ज्यादातर के नाम इस सूची में शामिल नहीं किये गये. वहीं, मात्र 291 लोगों के लिए ही फ्लैट बनाया गया है । रांची जिला प्रशासन ने अप्रैल 2011 में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर इस्लामनगर के 1100 से ज्यादा कच्चे- पक्के मकानों को जमींदोज कर दिया था. प्रशासन की इस कार्रवाई से बेघर हुए लोगों ने हाइकोर्ट की शरण ली. हाइकोर्ट ने आदेश दिया कि बेघर हुए लोगों को उसी जमीन पर फ्लैट बनाकर उन्हें बसाया जाये द्य लेकिन इस्लाम नगर के गरीब बेघर मुस्लमान 12 सालों से आशियाने के इंतजार में बैठे हैं. लेकिन जिला प्रशासन और नगर निगम की लापरवाही के कारण उन्हें मकान नहीं मिला है. स्थिति तब है जब हाई कोर्ट ने 13 महीने में पुनर्वास कराने का आदेश दिया था. कहते हैं इंसान को सबसे ज्यादा दुख तब होता है, जब उसका आशियाना कोई छीन लेता है. कुछ ऐसा ही रांची के इस्लामनगर में रहने वाले करीब 500 परिवारों के साथ हुआ. इस्लाम नगर के पीड़ित परिवारों को पिछले 12 सालों से आशियाना नहीं मिला है. स्थिति यह है कि घर के इंताजर में आंखें पथरा गई हैं और झोपड़ी में रहने को मजबूर है और स्थानीय नेता चुप तमाशा देख रहे हैं । सालों से पूर्व उजाड़े गए इस्लाम नगर के विस्थापितों को बसाने की कवायद में स्थानीय कुछ तथा कथित ने अड़चन उत्पन्न कर दी है। लोगों ने आगे कहा कि सीएम रघुवर दास 28 जनवरी 2018 को 444 विस्थापितों को घर दिये जाने की योजना का शिलान्यास किया था । इसके लिए लगभग 33 करोड़ रुपये की राशि से फ्लैटों के निर्माण का काम पूरा हो गया है द्य हालांकि वर्तमान में सिर्फ ब्लॉक-2 के तहत कुल 240 आवासों का ही निर्माण कार्य कराया गया है। शेष जमीन पर अतिक्रमण के कारण 204 आवासों का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। बे घर मुसलामानों के आंसू पोछने के बजाय पार्षद वोट जुगाड़ की राजनीति में सक्रिय है। (लेखक फारुकी तंजीम के संपादक है)

**व्यक्तियों के प्रभाव से अपनी सुविधा के अनुसार नियमों में परिवर्तन न हो, अन्यथा व्यवस्था में अराजकता व व्यवधान पैदा होता है**

# शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी : समस्या एवं समाधान

**प्रो. सुरेश शर्मा**

एक पद पर दो-दो व्यक्ति, माननीय न्यायालयों के स्थगन आदेश, विभागाध्यक्षों को मामले को सुलझाने के आदेश या वेतन निकासी के झंझट, न जाने कितनी प्रकार की प्रशासनिक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है जिसमें बहुत सारा धन, समय तथा ऊर्जा नष्ट होती है। अंततः इसका नुकसान व्यवस्था तथा हितधारकों को ही भुगतना पड़ता है। एक समय था कि अधिकारी अपने विभाग में स्थानांतरण करने के लिए पूरी तरह अधिकृत थे तथा वे विभाग के संचालन, स्थानांतरण तथा कुशल प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से अपनी शक्तियों का प्रयोग करते थे। कर्मचारी अपने अधिकारियों के आदेशों का पालन कर कत्तव्य निर्वहन करते थे। कुछ दशकों से अब इस व्यवस्था तथा व्यवहार में परिवर्तित हो गया है और अधिकारियों की शक्तियों का अप्रत्यक्ष प्रयोग राजनेताओं द्वारा हो रहा है।

**स्थानांतरण** किसी भी अधिकारी-कर्मचारी के व्यावसायिक जीवन की एक सामान्य प्रक्रिया है। सरकार के अधीन किसी विभाग में कार्यरत अधिकारी या कर्मचारी का ही स्थानांतरण होता है अन्यथा अपना व्यक्तिगत काम-धंधा, दुकान, उद्योग तथा कारोबार करने वाले का तो स्थानांतरण नहीं हो सकता। किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला या ट्रांसफर होना उसके व्यावसायिक जीवन तथा कार्यक्षेत्र का एक अंग है। तबादला, स्थानांतरण या ट्रांसफर कोई दंड या सज़ा नहीं है। स्थानांतरण या ट्रांसफर का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि यह विभाग, सरकार या व्यवस्था का विशेषाधिकार है और कार्यरत व्यक्ति द्वारा अनुपालना करना कत्तव्य भी है। आश्चर्य है कि कर्मचारियों को अपनी सेवा शर्तों तथा कत्तव्यों का पता होते हुए भी स्थानांतरण के विरोध में हज़ारों मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित पड़े हैं। इससे विभागों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। एक पद पर दो-दो व्यक्ति, माननीय न्यायालयों के स्थगन आदेश, विभागाध्यक्षों को मामले को सुलझाने के आदेश या वेतन निकासी के झंझट, न जाने कितनी प्रकार की प्रशासनिक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है जिसमें बहुत सारा धन, समय तथा ऊर्जा नष्ट होती है। अंततः इसका नुकसान व्यवस्था तथा हितधारकों को ही भुगतना पड़ता है। एक समय था कि अधिकारी अपने विभाग में स्थानांतरण करने के लिए पूरी तरह अधिकृत थे तथा वे विभाग के संचालन, स्थानांतरण तथा कुशल प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से अपनी शक्तियों का प्रयोग करते थे। कर्मचारी अपने अधिकारियों के आदेशों का पालन कर कत्तव्य निर्वहन करते थे। कुछ दशकों से अब इस व्यवस्था तथा व्यवहार में परिवर्तित हो गया है और अधिकारियों की शक्तियों का अप्रत्यक्ष प्रयोग राजनेताओं द्वारा हो रहा है। कर्मचारियों का ईमानदारी से कत्तव्य निर्वहन न करना, अधिकारियों को प्रभावशाली व्यक्तियों का रौब दिखाना, अभद्र व्यवहार, कर्मचारी संघों का बढ़ता दखल, राजनेताओं की परिक्रमा करना भी इसका एक कारण है। सत्ता परिवर्तित होते ही कर्मचारी अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते अपनी सुविधा तथा इच्छानुसार स्थानों, पदों या ओएसडी के रूप में ग़लत तरीके से समायोजन करवा लेते हैं जिससे विभागीय संतुलन बिगड़ता है। काफी वर्षों से कोई भी सत्ता बदलने के पश्चात यह सब होता आया है। अपना प्रभाव दिखाने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा सत्ता का दुरुपयोग किया जाता है। विभिन्न कारणों से चरमराती हुई व्यवस्था को ठीक करने के लिए बहुत आवश्यक है कि सभी ईमानदारी तथा ज़िम्मेदारी से कार्य करें। कर्मचारियों को कत्तव्यनिष्ठ, उत्तरदायी तथा जवाबदेह बना कर कार्य संस्कृति को मजबूत बनाना होगा अन्यथा कार्य में गुणवत्ता को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनमानस तथा हितधारकों तक पहुंचाना सबसे आवश्यक है, न कि अपना प्रभाव जमाना। इसलिए एक सशक्त, टिकाऊ, पारदर्शी एवं भेदभाव रहित स्थानांतरण नीति आवश्यक है। कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए 'स्वचलित तंत्र' की स्थापना अति आवश्यक है जिसके साथ कोई भी छेड़छाड़ न कर सके। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में विगत कई वर्षों से स्थानांतरण नीति की चर्चा चल रही है, लेकिन बहुत प्रयासों के बावजूद अभी तक उसका कोई स्वरूप सामने नहीं आ पाया। वास्तविकता में अपनी सुविधा, स्थान तथा समय के अनुसार कार्य करने वाले ही नहीं चाहते कि इस प्रकार की कोई स्वचलित स्थानांतरण व्यवस्था हो। साधारणतः नियम, कायदे-कानून हमेशा प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा ही तोड़े जाते हैं तथा आम व्यक्ति की उसमें कोई भूमिका नहीं होती। हिमाचल प्रदेश सरकार का शिक्षा विभाग इस समय प्रभावी एवं स्थायी स्थानांतरण नीति पर विचार कर रहा है। हालांकि यह प्रयास पहले भी कई बार हो चुके हैं, लेकिन सफलता न मिलने की आशंका से यह नीति लागू नहीं हो पाई है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री माननीय रोहित ठाकुर चाहते हैं कि शिक्षा विभाग की पहचान मात्र तबादलों के लिए नहीं होनी चाहिए, बल्कि कार्य संस्कृति से शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रभावी, व्यावहारिक तथा स्थायी ट्रांसफर पॉलिसी बनाते समय यह बहुत ही आवश्यक है कि अति दुर्गम, कम दुर्गम, ग्रामीण, सामान्य तथा शहरी स्थानों का वर्गीकरण किया जाए तथा प्रत्येक शिक्षक को इन सभी वर्गीकृत स्थानों पर सेवाएं देना अनिवार्य हो। प्रत्येक कार्यस्थान पर शिक्षक की समयावधि निश्चित हो तथा समय पूरा होते ही उसको स्थानांतरण के लिए विभाग तथा न्यायालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। यदि पति-पत्नी सरकारी सेवा में कार्यरत हों तो उन्हें एक ही स्थान या आसपास के क्षेत्र में तैनात करने के भी नियम निर्धारित हों। विशेष परिस्थिति, वृद्ध माता-पिता की सेवा या किसी कर्मचारी के परिजन गंभीर रूप से या शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने की स्थिति में मानवीय आधार पर समायोजन किया जाना चाहिए, लेकिन इस बारे कर्मचारी द्वारा दी गई जानकारी बिल्कुल सत्य होनी चाहिए। ट्रांसफर सिस्टम में किसी भी प्रकार का भेदभाव, पक्षपात तथा भाई-भतीजावाद न हो। जनजातीय, दुर्गम, पिछड़े तथा ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में बच्चों की संख्या तथा विषय की आवश्यकता अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था हो। नौकरी में जनजातीय श्रेणी का लाभ लेने वाले कर्मचारियों को जनजातीय क्षेत्रों में कम से कम पांच से सात वर्ष तक कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। अपने प्रभाव से वर्षों से शहरी क्षेत्रों में डटे हुए शिक्षकों को स्थानांतरित किया जाना चाहिए। जनजातीय तथा दुर्गम स्थानों पर वर्षों से कार्य कर रहे शिक्षकों को उनकी इच्छा तथा सुविधानुसार उनके गृह क्षेत्रों में भेजा जाना चाहिए। स्थानांतरण नीति को प्रभावशाली व्यक्तियों से दूर रखा जाना चाहिए। शिक्षकों को राजनीति से दूर रख कर संस्थाओं में शिक्षण तथा कार्य संस्कृति के लिए प्रेरित करना होगा। शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं होना चाहिए। स्थानांतरण नीति की सफलता तभी सुनिश्चित हो सकती है जब वह व्यावहारिक, उपयोगी, पारदर्शी एवं स्थायी हो। व्यक्तियों के प्रभाव से अपनी सुविधा के अनुसार नियमों में परिवर्तन न हो, अन्यथा व्यवस्था में अराजकता, अनुशासनहीनता तथा व्यवधान पैदा होता है। सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों को गंभीरतापूर्वक इस पर विचार करना होगा ताकि यह ट्रांसफर पॉलिसी निष्पक्ष रूप से सभी के लिए सर्वहितकारी हो। वैसे स्थानांतरण नीति न केवल शिक्षकों के लिए बने, बल्कि प्रदेश सरकार को एक समान सर्वकर्मचारी स्थानांतरण नीति बनाने के लिए विचार करना चाहिए।

# वोटों की राजनीति और स्वतंत्रता सेनानी

राजनीतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश करके हक जमाने का दावा पेश करते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि राजनीतिक दल जिन स्वतंत्रता सेनानियों की दुहाई देते हैं, उनके बताए हुए आदर्शों पर चलना नहीं चाहते। ताजा विवाद आजाद हिंद फौज के सेनापति सुभाष चंद्र बोस को लेकर हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नेताजी जी की जयंती पर कोलकाता में कार्यक्रम आयोजित किए थे। कोलकाता विश्वविद्यालय में नेताजी की 126वीं जयंती समारोह के मौके पर वर्चुल भाषण देते हुए उनकी पुत्री अनिता बोस ने इस पूरे कार्यक्रम का विरोध किया। बोस ने कहा कि नेताजी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक ऐसे व्यक्ति थे जो हिंदू थे लेकिन सभी धर्मों का सम्मान करते थे। वे मानते थे कि हर कोई एक साथ रह सकता है। इससे पहले भी अनिता बोस ने दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति का अनावरण समारोह में यह कहते हुए शामिल होने से इंकार कर दिया था कि उन्हें सम्मानित तरीके से आमंत्रित नहीं किया गया है।

**राजनीतिक** दल और उनके वैचारिक समर्थक वोटों की फसल काटने का कोई मौका नहीं छोडऩा चाहते। इसके लिए चाहे गढ़े मुर्दे ही क्यों न उखाडऩे पड़े। इतना ही नहीं, दलों की दलदली राजनीति में स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी को भुनाने से परहेज नहीं है। मुद्दा चाहे स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती का हो या पुण्यतिथि का या फिर उनकी मूर्तियां लगाने का। बगैर मेहनत के मिले ऐसे मुद्दों को हर कोई राजनीतिक दल लपक कर यह साबित करना चाहता है कि उससे बड़ा देशभक्त कोई नहीं हों। बेशक स्वतंत्रता सेनानी के परिजन राजनीतिक दलों से अपने पुरखों को ऐसी सड़ी-गली राजनीति में नहीं घसीटने की चाहे कितनी ही गुहार लगाते रहें, किन्तु राजनीतिक दलों पर इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। उनकी निगाहें सिर्फ स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत के बहाने सहानुभूति को समेट कर वोट बैंक में बदलने पर लगी रहती हैं। राजनीतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश करके हक जमाने का दावा पेश करते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि राजनीतिक दल जिन स्वतंत्रता सेनानियों की दुहाई देते हैं, उनके बताए हुए आदर्शों पर चलना नहीं चाहते। ताजा विवाद आजाद हिंद फौज के सेनापति सुभाष चंद्र बोस को लेकर हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नेताजी जी की जयंती पर कोलकाता में कार्यक्रम आयोजित किए थे। कोलकाता विश्वविद्यालय में नेताजी की 126वीं जयंती समारोह के मौके पर वर्चुल भाषण देते हुए उनकी पुत्री अनिता बोस ने इस पूरे कार्यक्रम का विरोध किया। बोस ने कहा कि नेताजी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक ऐसे व्यक्ति थे जो हिंदू थे लेकिन सभी धर्मों का सम्मान करते थे। वे मानते थे कि हर कोई एक साथ रह सकता है। इससे पहले भी अनिता बोस ने दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति का अनावरण समारोह में यह कहते हुए शामिल होने से इंकार कर दिया था कि उन्हें सम्मानित तरीके से आमंत्रित नहीं किया गया है।

हालांकि बोस का बड़ा मुद्दा भाजपा की विचारधारा की खिलाफत से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता सेनानियों को राजनीतिक दलों के अपने चश्मे से देखने का यह पहला मौका नहीं है। पूर्व में भी नेताजी, भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों और पूर्व राजा-महाराजाओं की छवि भुनाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। इनकी दावेदारी को लेकर राजनीतिक दल आपस में उलझते रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार की ओर से भीमराव अंबेडकर के नाम में बदलाव कर भीमराव रामजी अंबेडकर करने पर विवाद पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सत्तारूढ़ पार्टी पर नौटंकी करने का आरोप लगाया।

गौरतलब है कि मायावती ने उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहने के दौरान अपनी सैकड़ों मूर्तियां लगवाई थी। इसको लेकर भाजपा और समाजवादी पार्टी से मायावती की जमकर तकरार हुई। मुलायम सिंह के मूर्तियों पर बुलडोजर चलवाने के बयान पर मायावती भडक़ उठी थी। मायावती ने चेतावनी दी थी कि भविष्य में यदि ऐसी कोशिश हुई तो देश में क़ानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खऱाब हो जाएगी कि राष्ट्रपति शासन लगाने की ज़रूरत पड़ जाएगी और इसके लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जिम्मेदार होगी। मुख्यमंत्री रहने के दौरान मायावती के राजनीतिक गुरू कांशीराम की प्रतिमाओं के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट तक विवाद पहुंचा था। इस मुद्दे पर शीर्ष कोर्ट ने प्रतिमाओं पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। स्वतंत्रता सेनानियों के दर्जे को लेकर भी राजनीतिक दलों में घमासान मचता रहा है। भारतीय जनता पार्टी जहां वीर सावरकर को महान देशभक्त मानती है, वहीं कांग्रेस उन्हें महात्मा गांधी की हत्या के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोपी करार देती रही है।

भारत जोड़ो यात्रा के महाराष्ट्र पहुंचने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सावरकर पर बयान देकर नया विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी। विरोधी दलों के साथ कांग्रेस के गठबंधन के कुछ साथियों ने भी राहुल गांधी के इस बयान का विरोध किया। सावरकर को लेकर महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी भी विवादित बयान दे चुके हैं। तुषार ने सावरकर पर अंग्रेजों की मदद करने और बापू की हत्या के लिए नाथूराम गोडसे को एक कारगर बंदूक खोजने में भी मदद देने का आरोप लगाया था। इस मुद्दे पर भी खूब वाद-विवाद हुआ। स्वतंत्रता सेनानियों पर दावेदारी जताने और आजाद भारत में उनका यथोचित सम्मान करने को लेकर राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करते रहे हैं। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को लेकर भाजपा गाहे-बगाहे कांग्रेस को घेरती रही है। भाजपा का आरोप है कि जवाहर लाल नेहरू की वजह से कांग्रेस ने कभी भी पटेल के योगदान के साथ न्याय नहीं किया। नेहरू-गांधी परिवार ने पटेल को हाशिए पर रखने का प्रयास किया। इसके पलटवार में कांग्रेस भाजपा के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने का प्रमाण मांगते हुए पटेल को कांग्रेसी नेता बताती रही है। राजनीतिक दलों में छत्रपति शिवाजी पर भी राजनीति करने की प्रतिस्पर्धा रही है।

शिवाजी की प्रतिमाओं और जन्मस्थान सहित दूसरे मुद्दों पर शिवसेना और भाजपा में कई बार तकरार हुई है। इसी तरह टीपू सुल्तान की देशभक्ती को लेकर सवाल खड़े किए जाते रहे हैं। कांग्रेस जहां टीपू सुल्तान को अंग्रेजों से लोहा लेने वाला वीर बताती रही है, वहीं भाजपा हिंदुओं का विरोधी करार देती रही है। कर्नाटक में टीपू सुल्तान को लेकर कई बार विवाद हो चुका है। आश्चर्य की बात यह है कि राजनीतिक दल जहां अन्य स्वतंत्रता सेनानियों पर दावेदारी को लेकर विवादों में घिरे रहते हैं, वहीं भगत सिंह की शहादत को मुद्दा बनाने से कतराते रहे हैं। दरअसल राजनीतिक दलों के नेताओं को अंग्रेजी शासन व्यवस्था के खिलाफ ब्रिटिश संसद में बम फोड़ कर अपनी आजादी की मांग करने वाले भगत सिंह की पैरोकारी से घबराहट होती है।

राजनीतिक दल भगत सिंह को आदर्श के तौर पर स्थापित नहीं करना चाहते। राजनीतिक दलों को भगत सिंह की शहादत फायदे का सौदा नजर नहीं आती। उनको डर है कि कहीं देश के युवा अंग्रेजों की तरह मौजूदा व्यवस्था के विरोध में भगत सिंह की तरह बगावत पर नहीं उतर आएं। यही वजह है कि राजनीतिक दल भगत सिंह की जयंती और पुण्यतिथि पर महज औपचारिकता पूरी करते हैं। राजनीतिक दल भगत सिंह की मूर्तियों का विस्तार करने से कतराते रहे हैं, जबकि भगत सिंह को लेकर युवाओं में जबरदस्त आकर्षण रहा है।

# शक्तिशाली समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा भारत

**विनय कुमार**
**वरिष्ठ पत्रकार**

दुनिया के जीडीपी में 85 फीसदी की भागीदारी निभाने वाले मुल्कों के शक्तिशाली समूह जी 20 की अध्यक्षता की कमान इस साल भारत ने संभाल ली है। जी-20 की अध्यक्षता का जिम्मा मिलना 130 करोड़ भारतवासियों के लिए बहुत बड़ा अवसर साबित होगा। विश्व के इस सबसे बड़े मंच की अध्यक्षता के कई मायने हैं। हाल के दिनों में भारत की स्थिति वैश्विक मंचों पर लगातार बुलंद होती नजर आई है। चाहे कोरोना काल की बात हो या फिर रुस यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की। मुसीबत के मौके पर भारत ने ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की नीति के जरिए अपनी अलग छाप छोड़ी है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया को भारत की एक अलग तस्वीर भी नजर आ रही है यानि यह साफ है कि न्यू इंडिया अब तेजी से आकार ले रहा है। ऐसे में जी-20 का यह वैश्विक मंच भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना इस बात को भी दर्शाता है कि वैश्विक ताकतों के बीच इंडिया विश्व गुरु बन कर उभर रहा है। हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में 17वें जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत को इसकी अध्यक्षता सौंपी गई।

अब हमारी यह जिम्मेदारी है कि दुनिया को बेहतर करके दिखाएं और अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा से दुनिया को परिचित कराते हुए अपने उच्च शैक्षिक मापदंडो के साथ सेवा परमोधर्म की भावना को और मजबूत करें। अब ये हमारा दायित्व है कि हम अपनी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति की बौद्धिकता और उसमें समाहित आधुनिकता से विश्व का ज्ञानवर्धन करें और इस अवसर को चुनौती के रुप में लेकर दुनिया को नये भारत से रुबरु कराएं। जी 20 की अध्यक्षता के तहत देश के चुनिंदा शहरों में अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन समेत तमाम मुद्दों पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक के जरिए इन तमाम मुद्दों पर मंथन हो रहा है और इन क्षेत्रों में भारत की ताकत से दुनिया को रुबरु भी कराया जा रहा है।

दुनिया के मंच पर अगर हाल के दिनों में भारत की उपलब्धि देखी जाए तो वो नये भारत की एक दमदार तस्वीर भी पेश कर रही है। भारत आज ब्रिटेन को पीछे छोड़ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इतना ही नहीं आज अपना देश यूएन सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्य तो बना ही है बल्कि भारत के यूएन सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग का रुस और अमेरिका जैसे मुल्कों ने समर्थन भी किया है।

भारत के पास जी -20 एससीओ की अध्यक्षता का जिम्मा भी है। यो कुछ वो झलक है जिससे आज भारत की धमक दुनिया के मंच पर गौरवशाली हो रही है। आज का भारत पिछले कुछ सालों के संघर्षों और बलिदानों से तपकर बाहर निकला है। अतीत में भारत को सोने की चिड़ियां कहा जाता था लेकिन वो दौर भी आया जब हमनें गुलामी भी झेली। कई दशकों तक अंधकार, गरीबी और भूखमरी का दंश भी झेला। लेकिन आज भारत इन सब पर भारी पड़ते हुए नये हिंदुस्तान की तस्वीर लिखने को बेताब है।

विकास की यात्रा नित नये आयाम गढ़ रहा है। भारत अपने विकास के साथ पर्यावरण और दुनिया के हितों का भी ख्याल रखता है, जी 20 जैसे मंचों से हम इसे और दमदार तरीके से दुनिया के सामने प्रस्तुत कर पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी कहते हैं कि जी20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक बड़े अवसर के रूप में आई है। हमें इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहिए और वैश्विक भलाई एवं विश्व कल्याण पर ध्यान देना चाहिए।

चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हो या सतत विकास, भारत के पास चुनौतियों से संबंधित समाधान हैं। हमने 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की जो थीम दी है, वह हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये वक्त इन तमाम प्रतिबद्धता को मिलकर दुनिया के सामने जगजाहिर करने का है, जो हमें जी 20 की अध्यक्षता के जरिए मिला है।

## नागरिक बोध

# सपा का हर समय विरोध करने वाली भाजपा की पद्म विभूषण पर कैसे बदली राय

**समाजवादी** के संस्थापक मुलायमसिंह यादव को मरणोपरांत पद्म विभूषण से नवाजा गया। भाजपा समाजवादी की हर समय आलोचना करते नही थकती थी।26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर मुलायमसिंह सहित छह को पदम विभूषण,9 को पद्मभूषण और 91 को पद्मभूषण से नवाजा गया।हर विविधता में एकता का प्रतीक है।मुलायमसिंह को पद्मविभूषण से सर्वोच्च नगरिक अवॉर्ड की मांग बहु डिम्पल यादव ने की है। अर्पणा ने बड़े मन से कहा है जो मिला है उसमें संतोष धरना चाहिए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मुलायमसिंह को दिए पद्मविभूषण से नाखुश है। अपने लघु भ्राता शिवपाल यादव ने इस अवॉर्ड से संतुष्ट नही दिखे और उन्होंने भारत रत्न देने की मंशा जताई है। मुलायमसिंह के साथ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद मोदी के साथ घनिष्ठता रही है। मोदी ने नेताजी के साथ बिताए पलो को यादगार बताया है। भाजपा और सपा के छतीस के आंकड़ो के बीच समाजवादी नेता को मरणोपरांत सम्मान देना एक बड़ी दीर्घकालीन दृष्टि है। जिसमे भाजपा की रणनीति जाहिर हो रही है। कार सेवको पर गोली चलाने का आदेश देने वाले मुलायमसिंह पर भाजपा अचानक मेहरबान होने की वजह क्या हो सकती है? 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव को मद्देनजर भाजपा ओबीसी मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने की सबसे रणनीति दिखाई दे रही है। यादव और जाटव की बड़ी आबादी समाजवादी पार्टी के साथ है। जिसका फायदा परोक्ष या अपरोक्ष से भाजपा की तरफ खींचना है। मुस्लिम गढ़ बचाने के लिए मुलायमसिह ने उनके मुख्यमंत्री रहते अनेक कल्याणकारी योजनाए सिर्फ मुसलमानों के लिए लागू की थी। मुलायसिंह को पद्म विभूषण देकर भाजपा ने एक तीर से दो निशाने किए है। कभी कांग्रेसी वंशवाद के आलोचक रहे मुलायम ने अपनी पार्टी के भीतर और बाहर भाई भतीजावाद चलाया था। राजनीति में वंशवाद के विरोधी मुलायम ने पार्टी में वरिष्ठ जनो को पार्टी में तरजीह दी थी।जमीन बचाने की जुगत में मुलायम ने मुस्लिम झाली वाली टोपी भी पहन चुके है। मुसलमानो को रिझाने के लिए मुलायम ने अनेक घोषणाएं की थी। मुलायम सिह ने एक बार संसद में मोदी की कार्यकुशलता के बखान किये थे। उन्होंने मोदी की कार्यक्षमता की दास्तां बयान की थी।

## यंग बॉयज क्लब के नृत्य कार्यक्रम में लोगों ने उठाया लुफ्त



**कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यंग बॉयज क्लब लाहाकुटी द्वारा सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर नृत्य कला प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी राम महतो, सूरज लाल महतो उर्फ लकरु महतो एवं गौतम महतो संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारंभ से पूर्व कमेटी के विशाल यादव और उनके टीम द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। राम महतो ने कहा कि सरस्वती मां की आराधना विद्यार्थियों के लिए अहम है। उन्होंने कहा छात्र-छात्राओं से लगन के साथ पढ़ने की सलाह दी। साथ ही साहू एंड टीम द्वारा कई गानों में नित्य प्रस्तुत किया गया। उपस्थित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने काफी लुफ्त उठाया।

## बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला बार एसोसिएशन द्वारा सरायकेला स्थित देवी झुमकेश्वरी पीठ के निकट खरकाई नदी किनारे रविवार को वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बैठक कर अधिवक्ताओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की। बताया गया कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने को लेकर हमारा आंदोलन जारी रहेगा। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओमप्रकाश ने कहा वनभोज सह मिलन समारोह में अधिवक्ता एक दूसरे से मिल कर अपने रिश्तों को और मजबुत कर रहे हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा वार्षिक कार्यक्रम की रुपरेखा पर भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल महतो, जिला बार एसोसिएशन के प्रशासनिक सचिव भीम सिंह कुदादा, लोक अभियोजक अजय राय, एपीपी प्रवीण कुमार, अधिवक्ता अनूप कुमार साहू, राधेश्याम साह, निर्मल आचार्य, राजेश बिहारी, बिरेन महतो, दीपक सतपती, दशरथ महतो, दीपक महापात्र, काशी नाथ महतो, तुलेश्वर महतो, दिलीप साहू, सपन महतो, सुमित कर्मकार,आशुतोष कुमार, तपन मालाकार, सरोज महाराणा, अभिषेक कुमार, सुशील पोद्दार सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

## जेसीआई जमशेदपुर पहचान की नयी कमिटी ने संभाला पदभार




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की नयी कमिटी ने रविवार को साकची स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन कर पदभार संभाला। रविवार की शाम को संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत के नेतृत्व में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नयी कमिटी इस प्रकार हैः- अध्यक्ष संगीता काबरा, सचिव चांदनी अग्रवाल, सह सचिव सुजीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी हैं। इसी प्रकार चार उपाध्यक्ष क्रमशः (प्रशिक्षण) प्रेरणा धूत चैधरी, (बिजनेस) पायल सोंथालिया (कार्यक्रम) मोनिका बांकरेवाल, (प्रबंधन) किरण अग्रवाल हैं। प्रशिक्षण समन्वयक रिया अग्रवाल, बिजनेस समन्यवक कृतिका अग्रवाल, कार्यक्रम संचालक दिव्या बांकरेवाल, प्रबंधन समन्वयक सोनल अग्रवाल हैं। पीआरओ बीना देबुका एवं नीमा मोदी तथा आईपीपी रिंकू अग्रवाल को बनाया गया हैं। कार्यक्रम में पूरी नयी टीम सहित संस्था से जुड़ी अन्य महिला सदस्य भी मौजूद थी।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक, निखिल अध्यक्ष मनोनीत



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक मध्य विद्यालय तिल्ला में आयोजित की गई। इस मौके पर जिला महासचिव माणिक प्रसाद सिंह और संयुक्त सचिव चितरंजन महतो के पर्यवेक्षण में संघ के नीमडीह अंचल इकाई का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष निखिल चन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ मुदी व रमेश चंद्र महतो, सचिव श्रीधर कांत पारित, संयुक्त सचिव गुरुदास चंद व अबोध महतो, संगठन सचिव मदन कुमार महतो, कोषाध्यक्ष अमलेश लायक तथा प्रेस प्रवक्ता विश्वजीत कुमार को बनाया गया। इसके अलावा सलाहकार मंडल में अरुण कुमार साव, इंदुभूषण प्रसाद, शुभाशीष कुमार सेन, विश्वनाथ सिंह और बुद्धेश्वर साहू को रखा गया है। इस मौके पर संघ के जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों समेत काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## उत्कल युवा एकता मंच सरायकेला की बैठक में ओड़िया नाट्य मंचन की तैयारी पर चर्चा



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्कल युवा एकता मंच द्वारा तीन दिवसीय ओड़िया ड्रामा यात्रा का आयोजन आगामी 16 से 18 मार्च तक सरायकेला के इंद्रटांडी में किया जाएगा। इसकी तैयारी सम्बन्धी चर्चा हेतु एक बैठक रविवार को इंद्रटांडी के बाबा बामदेव महादेव मंदिर के प्रांगण में मनबोध पानीग्राही की अध्यक्षता में की गई। आयोजित होने वाले ओड़िया ड्रामा जात्रा में उत्कल युवा एकता मंच सरायकेला द्वारा दो नाटकों कर्णो खुजुछी ता निजो ठिकणा और फगुणो अधे कु श्रावण अधे का मंचन किया जाएगा। जबकि खरसावां बूढ़ीतोपा की ओर से बंधु बाचिछी मु लुह साथीरे का मंचन किया जाएगा। बैठक में रूपेश साहू, सत्यवान आचार्य, प्रभात कुमार सतपति, संजीव कुमार पति, संदीप नंदा, शांतनु सतपति, सुधांशु प्रधान, कार्तिक महान्ती, राजेश आचार्य, देव मोहंती, देवाशीष मोहंती, धीरा सारंगी, सुशांतो नंदा, तापस सिंह मोदक, शिव शंकर साथुआ, रजत त्रिपाठी, आलोक ज्योतिषी, सोनू आचार्य सहित मंच के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# उर्दू विद्यालयों पर शिक्षा विभाग की तानशाही रोके राज्य सरकार : प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मंजर अमीन, झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान, उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अजीमाबादी, झारखंड प्रदेश ऑल इंडिया जीआई एक्सआइडियल टीचर एसोसिएशन के प्रोफ़ेसर जावेद अख्तर अंसारी का एक प्रतिनिधिमंडल आज स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास में जाकर ज्ञापन सौंपा। मंजर अमीन ने मंत्री बन्ना गुप्ता से कहा पूरे झारखंड में उर्दू विद्यालयों से उर्दू में लिखे स्कूल नाम मिटाया जा रहा है और जो उर्दू विद्यालयों में शुक्रवार का साप्ताहिक अवकाश की जगह रविवार का कर दिया गया है। यह सब जमशेदपुर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय जमशेदपुर के मौखिक आदेश पर हो रहा है। जबकि ये सभी विद्यालय उर्दू माध्यम के विद्यालय हैं और सभी छात्र उर्दू भाषी है। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि इसपर जांच हो और सभी उर्दू विद्यालयों को पूर्व की स्थिति में कार्य करने की निर्देश राज्य सरकार दे। प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद अयूब और मोहम्मद अजीज मौजूद थे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के जिलाध्यक्ष मोहन साव पारस एवं महासचिव प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व मे रविवार को कदमा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर डीलरों के हित मे मांग पत्र सौपा गया। जिसमें प्रमुख मांग डीलरों की अनुकंपा मे 60 वर्ष की उम्र सीमा को समाप्त कर पूर्व की भांति अनुकंपा का लाभ देना तथा डीलरों के कमीशन में वृद्धि करना शामिल है। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि मुख्यमंत्री एवं खाध्य आपूर्ति मंत्री से बात कर उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। मंत्री से मिलने वालों में प्रमुख रूप से राजकुमार ठाकुर, अजय कुमार सिंह, पप्पू कुमार, मनोज चैधरी, कुलदीप साव, कृष्णा कुमार, बिजय साव, विवेक कुमार, प्रमोद साव, रामवृक्ष साव, राजेश प्रसाद, बिमलेशवर उपाध्याय, भीमसेन भूमिज, मुरलीधर शर्मा, मो.तनवीर, मो.सोनु अशरद, बिजय कुमार, रवि कुमार, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, विनोद साव, भोला प्रसाद, जितेंद्र साव आदि मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं संग रघुवर दास ने सुना पीएम की मन की बात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को शहर के सैकड़ों बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने रेडियो एंड टेलिविजन के समक्ष चौपाल लगाकर सुना। पूर्वी विधानसभा अंतर्गत बारीडीह मंडल के 47 एवं 48 नंबर बूथ पर बूथ अध्यक्ष विनय सिंह एवं किशोर कुमार के संग भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने टेलीविजन पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर समेत दर्जनों बूथ कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि सभी देशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद मन की बात कार्यक्रम को देखना व सुनना चाहिए। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, संजीव सिंह, मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, रूबी झा, कमलेश सिंह, सुशांत पांडा, आदि थे।

## गम्हरिया में सीएम का संभावित दौरा आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** मुख्यमंत्री के कल के संभावित दौरे के दौरान गम्हरिया क्षेत्र में भी कई धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया जा सकता है। इसके मद्देनजर रविवार को जिला उपायुक्त अरवा राजकमल के नेतृत्व में अधिकारियों का दल गम्हरिया क्षेत्र के कई मंदिरों व धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गम्हरिया स्थित करीब तीन सौ वर्ष पुराना पुरातात्विक मन्दिर घोड़ाबाबा, कालिकापुर स्थित जाहेरथान और दुग्धा स्थित हरि मन्दिर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीसी ने मन्दिर कमेटी के सदस्यों के साथ वार्ता कर सीएम के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने तथा मन्दिर परिसर की साफ-सफाई करने की रणनीति बनाई। इस दौरान एसपी आनंद प्रकाश, एसडीओ रामकृष्ण कुमार, राजनगर सीओ धनंजय, गम्हरिया सीओ मनोज कुमार, बीडीओ मारुति मिंज समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।सीएम के इस भ्रमण को लेकर मन्दिर कमेटी के सदस्य काफी उत्साहित हैं।

### धोबी समाज का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

## संस्कृति व सभ्यता को बचाए रखना जरूरी : खेमलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** धोबी समाज का वार्षिक मिलन समारोह समाज के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में सीपी समिति सभागार केबुल बस्ती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और खेमलाल चौधरी ने संत गाडगे और बाबा भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। दिनेश कुमार ने कहा की धोबी समाज जागरूक समाज है. समाज को एकजुट करने के साथ बच्चों के बीच शिक्षा के महत्व और कैरियर काउंसलिंग जैसे सेमिनार का भी आयोजन लगातार होना चाहिए। खेमलाल चौधरी ने समाज के द्वारा शैक्षणिक माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। सम्मानित बच्चों में चित्रलेखा कुमारी, भुजक कुमार, मनीषा कुमारी, प्रशांत रजक, शंकरंती कुमारी, भारती कुमारी रजक, विद्या कुमारी, ट्विंकल रजक। बच्चो ने सांस्कृतिक एवम मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम का संचालन अरुण निर्मलाकार और धन्यवाद ज्ञापन रूपेश रजक ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से समाज के वेद प्रकाश, पूरन रजक, गोपाल रजक, देवानंद रजक, रमेश रजक, वीरेंद्र प्रसाद, मनोज, तरुण, पुनीत, ममता देवी, रूखमणी, शिला देवी, रेखा देवी, गीता देवी, पूनम रजक, सोनी रजक, सबिता, सरिता, श्यामलाल, रामेश्वर, जितेन आदि कभी संख्या में समाज के वरिष्ठ, युवा और महिला प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### बोड़ाम प्रखंड के 72 ग्राम प्रधानों के मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी, कहा

## सम्मान राशि बढ़ाने का मामला विधानसभा में उठायेंगे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह गांव में 72 ग्राम प्रधानों की वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। वनभोज सह मिलन समारोह के दौरान सभी ग्राम प्रधानों ने अपनी बातों को विधायक से अवगत कराया। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने विधायक से सम्मान राशि बढ़ाने की मांग की है। जिस पर संज्ञान में लेते हुए विधायक ने सभी ग्राम प्रधानों को आश्वासन दिया कि वह आगामी विधानसभा सत्र के दौरान बोड़ाम, पटमदा के ग्राम प्रधानों की सहायता राशि की समस्या को सदन में उठाएंगे और मुख्यमंत्री को भी एक ज्ञापन सौंपकर इस समस्या को अवगत कराएंगे। जिस पर ग्राम प्रधानों ने विधायक का आभार प्रकट किया और उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि विधायक लगातार क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे हैं। मौके पर ग्राम प्रधान विश्वनाथ महतो, केशरी मोहन महतो, शिवचरण सिंह, मंटुलाल महतो, खगेंद्र नाथ महतो, हिमांशु महतो एवं बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष श्यामापद महतो एवं अन्य ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## स्व.गोपाल सिंह मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट में ऋषभ स्पोर्टिंग चांडिल बना चैंपियन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरलडीह :** कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह में भारतीय सेना के वीर सपूत स्व. गोपाल सिंह मुंडा स्मारक फुटबॉल समिति की ओर से विप्लवी किशोर संघ कूदा-तिरुलडीह के मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आज संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राय, सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, समाजसेवी खगेन महतो, तिरुलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार, जीप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार महतो उपस्थित हुए। फाइनल में ऋषभ स्पोर्टिंग चांडिल ने मास्टर स्पोर्टिंग कुकडू को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता को 1.21 लाख रुपये, उपविजेता को 90 हजार रुपये नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज ऋषभ स्पोर्टिंग चांडिल के छुटकू और बेस्ट गोलकीपर मास्टर स्पोर्टिंग कुकडू के संजय बेसरा बने। इस दौरान खेल अध्यक्ष निज़ाम अंसारी, खेल सचिव गुरुपद सिंह मुंडा, प्राचार्य उपेन चंद्र महतो, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा, सहित हजारों दर्शक मौजूद थे।

## मारवाड़ी सम्मेलन चुनाव संचालन समिति में ग्रामीण क्षेत्र के दो लोग शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु आगामी सात फरवरी मंगलवार को होने वाले चुनाव को लेकर 13 सदस्यीय मतदान संचालन समिति बनायी गयी हैं। प्रत्याशियों की मांग पर ग्रामीण क्षेत्र से दो लोग आनन्द अग्रवाल घाटशिला और सज्जन खेमका जादूगोड़ा को संचालन समिति में शामिल किया गया हैं। इसके बाद 13 सदस्यीय संचालन समिति में मनीषा संघी, कविता अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, सौरभ सन्नी संघी, महावीर प्रसाद अग्रवाल, दीपक रामुका अग्रवाल, सीमांत अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मनोज पलसानिया, कमलेश अग्रवाल, आनन्द अग्रवाल, सज्जन खेमका शामिल हैं। यह जानकारी रविवार को मुख्य चुनाव पदाधिकारी विजय खेमका और सहायक चुनाव पदाधिकारी महावीर प्रसाद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी।

## पियालडीह गांव में विशाल सांस्कृतिक मेला में उमड़े ग्रामीण

### - झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने बांटी जरूरतमंदों के बीच 500 कंबल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** प्रखंड के दुर्गम क्षेत्र में बसा पियालडीह गांव में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में विशाल सांस्कृतिक मेला आयोजित किया गया। मेला में आदिवासी प्राचीन पांता नाच, झुमूर संगीत आदि के आकर्षक कर्णप्रिय सुर संगीत के संगम में देर रात तक समां बांधा। मेला में उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति चांडिल अनुमंडल इकाई के सक्रिय सदस्य सह पियालडीह गांव निवासी तरुण महतो ने कहा कि भारतीय संस्कृति पुरे दुनिया में लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत का मतलब हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति सभ्यता तथा प्राचीन परंपराओं से है। जिनको आज भी हम उन्हीं रूपों में थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ अपनाते चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति विश्व की एकमात्र ऐसी संस्कृती है जो लोक कल्याण व वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को आधार मानकर व्यक्ति एवं समाज का कल्याण करती है। पुरुषार्थ भारतीय जीवन एवं हिंदी दर्शन का एक अति प्रमुख तत्व सदैव से रहा है। भारतीय दर्शन ने चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन संस्कृति काफी समृद्ध रहा इसे जीवित रखने का दायित्व यूवा वर्ग को है। मौके पर मुख्य अतिथि तरुण महतो के माता व पिता ने पियालडीह व आसपास गांव के जरूरतमंदों के बीच पांच सौ कंबल का वितरण किया।

## टीकर में महिला मंडल भवन से महिलाए बनेंगी आत्मनिर्भर : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर गांव में शनिवार को सांसद संजय सेठ ने सखी मंडल भवन का उद्घाटन किया। सांसद संजय सेठ ने बताया कि करीब 12 लाख की लागत से महिला मंडल भवन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सखी मंडल के महिलाएं यहां बैठक आदि करेंगे। उन्होंने कहा कि इस भवन में महिलाओं को प्रशिक्षण के उपरांत छोटे छोटे घरेलू उद्योग से जोड़कर रोजगार देने की जरूरत है और इस संबंध में महिला मंडल के महिलाओं के साथ बैठक किया गया। सांसद श्री सेठ ने कहा कि महिलाओं को आचार,पापड़, अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाने पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है, इसलिए 6 फरवरी से यहां विशेष कक्षा संचालन कर बच्चों को पढाया जाएगा । मौके पर सारथी महतो, अनिल सिन्हा, मनोरंजन महतो, गंगासागर पाल, मिंटु गोराई,अनुप बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## साई महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कांड्रा :** आगामी 26 फरवरी को आयोजित साई महोत्सव की तैयारी को लेकर एक बैठक कांड्रा कॉलोनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में अध्यक्ष चंदन कुमार डे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक में साई महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया, साथ ही महोत्सव के बाद साई मंदिर निर्माण भी की जाएगी। साई महोत्सव में इस बार महिला समिति एवं महिला सदस्य की भूमिका अहम मानी जा रही है। इस बैठक में साई महोत्सव कमेटी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित थे। मुखिया शंकरी सिंह, उप मुखिया रीना मुखर्जी, पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा,समाजसेवी राम महतो, निर्मल बर्मन, संजय महन्ती, टी0 के0सिंह, सूरज प्रसाद, हरि प्रसाद, सोनू यादव, बीजू कुमार प्रमाणिक, कृष्ण नारायण गोप, सुनीता प्रमाणिक, सोमा घोषाल, गीता शुक्ला, जोबा दास, सुरभि घोष, शोभा नंदी, तारा नायक, मिनती, भवानी देवी, मुक्ता देवी, संगीता शुक्ला,सुमन महतो, जयंती महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका का आकस्मिक निधन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अतंर्गत ईटा पंचायत को कादोजोर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका वाहिदा खातून पत्ति मुख्तारउद्दीन मिरदाहा का इंतकाल हो गई है। लम्बे समय से बीमार थी। अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो जाने के कारण दो दिनों पूर्व उन्हें उपचार के लिये ट्रामा सेंटर रिम्स रांची में भर्ती किया गया था। जिनका कल मृत्यु हो गया है। मृत्यु की सूचना मिलते ही पुरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पति खुंटी जिला के कर्रा प्रखंड में पंचायत सेवक के पद पर कार्ययत है। इनके चार लड़की हैं। दो की शादी हो गई है। दो लड़की पढ़ाई कर रही है। एक बेटा मोहसिन रजा है। कादोजोरा कब्रिस्तान में रविवार को सुपुर्दे खाक किया गया।

## लमकाना मैदान में किसान मेला का आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लमकाना गांव के मैदान में 31 जनवरी को किसान मेला का आयोजन किया गया। रामकृष्ण मिशन के 125 वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिव्ययन कृषि विज्ञान केंद्र एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक शोध संस्थान रांची के द्वारा किया गया है। इस वर्ष का किसान मेला में प्राकृतिक,जैविक खेती से ही स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ फसल, स्वस्थ समाज थीम पर आधारित है। जिसमें कृषि व पशु पक्षी प्रदर्शनी के साथ कृषि वैज्ञानिकों द्वाराआधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जागरूक करने के सामग्री का निबंधन पूर्वाह्न साढ़े दस बजे किया जायेगा। मौके पर किसान गोष्ठी भी किया जायेगा। वहीं किसानो को उनके श्रेष्ठ उत्पादन के लिये पुरस्कार दिया जाएगा। उक्तजानकारी रामकृष्ण मिशन के घनशयाम उरांव ने दी।

## हालमाद में सांसद ने सुनी मन की बात

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के गांव मे प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम के तहत बूथ संख्या 32 हालमाद गांव में सांसद ने ग्रामीणों के साथ मन की बात साथ सुनी। कार्यक्रम के बाद आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच खिलौना का वितरण किया। वहीं हाकेदाग के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच खिलौना का वितरण किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा विनय महतो धीरज, विनोद साहू, कृष्ण सागर दुबे, पृथ्वीपाल महतो, मुरलीधर करमाली, भगीरथ महतो,गुणधर महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मैक्लुस्कीगंज जागृत बिहार में बैठक किया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज के जागृत बिहार परिसर में एक आवश्यक बैठक झरिया मुण्डा की अध्यक्षता किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लपरा मुखिया पुतुल देवी उपस्थित थी.बैठक में जागृति बिहार को पुनः स्व सच्चिदानंद उपाध्यक्ष के इच्छाओं को जागृत करते हुए,गांव,गरीब,असहाय व ग्राम विकास के लिये कार्य करने का निर्णय लिया गया. बैठक में जागृति सेवा केंद्र के सचिव राजेश प्रशांत ने कहा कि उपाध्यक्ष जी के मार्गो पर चलकर पुनः जागृति बिहार को उत्तान करना है. बैठक में भुनेश्वर महतों,झरिया मुण्डा,बिरजा उराँव,प्रदीप यादव,महादेव राणा हरेंद्र उराँव,सोमरा उराँव,बिनोद मुण्डा,विकास मुण्डा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

## भारत तिब्बत समन्वय संघ के महिला विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 29 जनवरी 2023 के संध्या को श्री परम् पूज्य हमारे प्रणेता श्री रज्जू भईया के 100वे जन्म दिवस पर भारत तिब्बत समन्वय संघ के महिला विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन पोताला बाज़ार लालपुर रांची में किया गया। इस अवसर पर श्री अनिल ठाकुर (क्षेत्र संपर्क प्रमुख बिहार - झारखंड) श्री डी. के. पांडेय जी (पूर्व डी.जी.पी.) श्री विजय राज सिंह (समाज सेवी) श्रीमति माया सिंह सिसोदिया (समाज सेवी) श्री विनोद कुमार साहू (क्षेत्र अध्यक्ष बिहार-झारखंड) श्रीमति किरण मिश्रा (प्रांत अध्यक्ष - महिला विभाग) श्रीमति प्रियसी गांगुली (कोषाध्यक्ष - महिला विभाग) श्रीमति पुनीता झा (महामंत्री) श्रीमति रानी सेठिया (कार्यकर्ता) श्री तेंजन (तिब्बत अध्यक्ष) केलसन (राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष) उपस्थित रहे, एवं अपने विचारों का आदान प्रदान किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रज्जू भईया को श्रद्धांजलि देना एवं तिब्बत के भाई बहनों का प्रोत्साहन करना रहा। कार्यक्रम को द्वीप प्रज्वलन एवं शिव मंत्र उच्चारण से आरंभ किया गया एवं इसका अंत संकल्प मंत्र से किया गया

## संघ कुछ नहीं करता लेकिन स्वयंसेवक राष्ट्रीय हित में जो भी आवश्यकता होती है वह सभी कार्य करते है : गोपाल मिस्त्री बिश्वकर्मा



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिर्फ स्वयंसेवक तैयार करने का काम करते हैं और स्वयंसेवक सुरक्षित और सु-ब्यवस्थित राष्ट्र तैयार करता है.संघ कुछ नहीं करता लेकिन स्वयंसेवक राष्ट्रीय हित में जो भी आवश्यकता होती है वह सभी कार्य करते है.संघ के कार्यप्रणाली को बस इसी रूप में समझकर काम करने की जरूरत है.उक्त बातें वरिष्ठ स्वयंसेवक गोपाल मिस्त्री बिश्वकर्मा ने कही.वे रविवार को डकरा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संघ दर्शन कार्यक्रम में बौद्धिक दे रहे थे.उन्होनें कहा कि 2025 में संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं इसलिए संघ के मिलते-जुलते विचारधारा वाले संगठन से जुड़े लोगों का एकत्रीकरण कर संवाद का कार्यक्रम पूरे देश में किया जा रहा है इसमें हर उम्र, प्रकार,वर्ग के लोगों से बात कर राष्टीय हित के मिशन पर चर्चा करनी है.उन्होनें कहा कि वर्तमान समय में विचारों का युद्ध चल रहा है.जब पूरी दुनियां में पढ़ाई की ब्यवस्था नहीं थी तो हमारे देश में 65 विश्वविद्यालय थे और आज हालात यह हो गई है कि हम पश्चिमी देशों का अनुसरण करने लगे हैं.देश के 65 प्रतिशत युवाओं को सनातन धर्म-संस्कृति का अध्ययन कर अपने आप को पहचाना होगा और पुनः साबित करना होगा कि हम क्यों कभी बिश्व गुरु थे.हम मंत्र के ज्ञाता थे और मंत्र से तंत्र और यंत्र बना लेकिन हमने मंत्र ही छोड़ दिया है जो संकट का कारण बन गया है.इसके पहले सम्पत, सुभाषित,अमृत वचन,एकल गीत और सामुहिक गीत का कार्यक्रम के बाद सदभावना भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी एकसाथ बैठकर भोजन किया.बाद में एक चर्चा का कार्यक्रम भी हुआ.इस अवसर पर रघुवंश नारायण सिंह, अवधेश राय, कमलेश कुमार सिंह,मनोज रजक, अमरभूषण सिंह, प्रमोद पाठक, नंदकिशोर सिंह, विजय प्रताप सिंह, बिनोद विश्वकर्मा,मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे.

# युवा महोत्सव सह टुसु मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची :** पंचायत के पिपराटांड़ मे शनिवार को युवा महोत्सव सह टुसु मेला का आयोजन किया गया । मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची मेयर आशा लकड़ा सिरका पंचायत मुखिया एवं मेला समिति के अध्यक्ष रोशन लाल मुंडा कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। मेला में कृषि प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता एवं टुसु झांकी प्रदर्शनी सहित कार्यक्रम आयोजित किये गये । मेले में सिरका सहित आसपास के दर्जनों गांवो के लोग उपस्थित हुए । कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है युवा देश के भविष्य और भविष्य वर्तमान का निर्माण करते हैं ।

इस कार्यक्रम के माध्यम से आयोजन समिति के द्वारा युवाओं को अवसर उपलब्ध कराकर एक नए अध्याय की शुरुवात की गयी । कहां की टुसु झारखंड का परंपरागत पर्व है । आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुखिया रोशन लाल मुंडा ने कहा कि मेला सांस्कृति सामाजिक समरस्ता को बढ़ावा देती है । मेला हमें एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहने तथा तथा खुशहाली का संदेश देता है । मौके पर नामकुम उप प्रमुख विणा देवी रजिस्टार अमर कुमार चौधरी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम की सचालन धर्मेन्द्र सिंह किया । मौके पर प्रमुख दीपा उरांव पूर्व विधायक रामकुमार पहान आजसू नेता पारसनाथ उरांव राची जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह भोगता सालहन मुखिया मार्सल महतो समाजसेवी रामकृष्ण चौधरी भाजपा जिला महामंत्री संजय नायक प्रेम साहू शिवदास गोस्वामी शिवलाल महतो जगरनाथ महतो महावीर महतो आदि उपस्थित थे । वही कार्यक्रम को सफल बनाने मे आयोजन समिति के अध्यक्ष रोशनलाल मुंडा सचिव साहेबराम महतो कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र मुंडा संरक्षक सावित्री देवी दुर्गा महतो सदस्य राजेन्द्र महतो राजीव महतो प्रदीप उरांव प्रणव महतो रमेश महतो अजित महतो शिबू मुंडा रंजन महतो फलिन्द्र महतो सूरज महतो राजू मुंडा अनुज महतो दिलेशवर महतो आदि का सहरानय योगदान रहा ।

## केडीएच प्रबंधन सुरक्षा को ताक में रखकर मजदूरों से कर रहा खिलवाड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** केडीएच परियोजना में कार्यरत फिटर हेल्फर हॉलपेक के रेडिवाटर खोलने के क्रम में झुलसा, बाल बाल बची जान. जानकारी के अनुसार केडीएच परियोजना के कारगिल में कार्यरत अशोक गंझू (35 वर्ष) पिता रामलख गंझू डेमबुआ बस्ती पुरनाडीह निवासी कारगिल में बतौर फिटर हेल्फर के रूप में कार्यरत है. घटना के संबध में बताया जाता है कि 28 जनवरी को दूसरी पाली में दो बजे दोपहर को हॉलपेक के रेडिवाटर खोलने के क्रम में घटना घटी. इस संबध में घयाल सीसीएल कर्मी ने बताया कि सीसीएल सेफ्टी का दिखावा करता है,देता कुछ नही है. हॉलपेक में रेडिवाटर का ढक्कन बंद करने के जगह कपड़ा से सील किया गया. उसी समय रेडिवाटर का खौलता पानी उसके आँख, व हाथ मे पड़ गया.जिसके कारण हॉलपेक से नीचे गिर गया. घयाल सीसीएल कर्मी को सहयोगी सीसीएल कर्मी आनन फानन में उठाकर डकरा सेंट्रल अस्पताल लाया गया. और उसी हालत में घयाल व्यक्ति को छोड़ कर चले गये.

घटना की जानकारी मिलते ही बीसीकेयू (सीटू) के जोनल सचिव रतिया गंझू मिली तो घयाल कर्मी से मिलने पहँचे. और कहा कि केडीएच परियोजना पदाधिकारी सेफ्टी को ताक में रखकर माजदूरों से कार्य कराया जाता है. जो एक आम्नाय है.इन मुद्दों को जल्द ही सीसीएल सीएमडी तक पहुँचाया जेयेगा.

## माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की चौकी आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बीते 26 जनवरी से शुरू हुए। 32वें वार्षिकोत्सव के चौथे दिन रविवार को भी पूजन व हवन का धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। आकर्षक ढंग से सजे माता वैष्णों देवी मंदिर के यज्ञ स्थल पर सुबह से शाम तक परिक्रमा करने तथा माता का दर्शन करने के लिए लगातार लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ स्थल पर विराजमान मां वैष्णवी, महालक्ष्मी तथा भगवान विष्णु की चांदी व सोने से बनी प्रतिमाओं का रविवार को महास्नान कराया गया तथा भगवान गणेश समेत सभी देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर यज्ञ मंडप में मुख्य यजमान सुमित मारवाह व उनकी पत्नी जया मारवाह द्वारा हवन किया गया। वहीं सोमवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी का कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जो महिला मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक माता रानी का भजन प्रस्तुत किया जाएगा। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के कार्यक्रम आचार्य गोविंद बल्लभ शर्मा सहित आठ पंडितों के दल द्वारा संपन्न कराए जा रहे हैं। पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के महासचिव महेश मारवाह ने कहा कि 31 जनवरी को रात्रि 9 बजे से माता वैष्णों देवी की भव्य प्रतिमा का महास्नान लगभग दो क्विंटल दूध से मुख्य यजमान द्वारा किया जाएगा।

## कर्रा में मॉडल पशु चिकित्सालय का उद्घाटन



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम वर्गीय मॉडल पशु चिकित्सालय कर्रा का शनिवार को प्रखंड प्रमुख अंजनी मिंज एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजु देवी ने फिता काटकर उद्घाटन किया. उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख अंजनी मिंज कहा कि कर्रा में मॉडल पशु चिकित्सालय खुलने से पशुपालन से जुड़े किसानों को काफी लाभ मिलेगा और बेहतर पशु स्वस्थ चिकित्सा मिलने से किसानों को पशुपालन से बेहतर मुनाफा होने की संभावना है. वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि कर्रा प्रखंड के अधिकतर किसान खेती-बारी के साथ-साथ मिश्रित कृषि में पशुपालन करके अपने परिवार के आजिविका चलते हैं और पशुपालन से अधिकतर लाभ उठाते हैं लेकिन बेहतर पशु स्वस्थ चिकित्सा मिलने से किसानों को और अधिक पशुपालन में जुड़ने का मौका मिलेगा और अधिक पशुधन से किसानों की स्थिति में सुधार आयेगा. कार्यक्रम पर मुख्य रूप से सीओ बैजनाथ कामती, पशुपालन विभाग टिभीओ, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

## गर्भवती व धात्री महिलाओं के बीच नियुट्रीमिक्स फुड का विवरण




**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाइल्ड फंड इंडिया एवं बाल विकास कार्यक्रम खूंटी के द्वारा बमरजा एवं मेहा पंचायत के गर्भवती व धात्री महिलाओं के बीच नियुट्रीमिक्स फुड का विवरण किया गया. ज्ञात हो कि बमरजा पंचायत के सरदुला, कासीरा, पलसा, बड़गाई, बिनगोड़ी सांगोर एवं मेहा पंचायत तपेसरा वह मालगो गांव के गर्भवती और धात्री महिलाओं को चाइल्ड फंड के द्वारा नियुट्रीमिक्स फुड में दालिया, चना, बदाम व सोयाबीन का विवरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान फिल्ड कोर्डिनेटर राम प्रसाद दास, कम्युनिटी मोबोलाइजर सुचिता बोदरा व जगरानी देवी द्वारा स्वस्थ एवं पोषण सलाह देते हुए किचन गार्डन, संतुलित पौष्टिक आहार की जानकारी दी गयी. इस मौके पर मेहा पंचायत समिति सदस्य अलबिना मिंज, वार्ड सदस्य ख्रिस्त आईन्द, लीड मदर मेरी मिंज अनिता हेरेंज, बिमोला हेरेंज, लर्निंग फेस्लीटेटर पुनीता हेरेंज के अलावे लाभुक महिलाएं मौजूद रहीं।

# खूंटी क्लब में दिवंगत समाजसेवी अर्जुन साहू को दी गई श्रद्धांजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कांग्रेस नेता,समाजसेवी एवं खूंटी क्लब के विकास में सहयोगी रहे दिवंगत अर्जुन साहू को रविवार को खूंटी क्लब में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजली दी गई। अध्यक्ष रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। और उनके चित्र में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजली दी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। मौके पर अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने कहा दिवंगत अर्जुन साहू अभिभावक समान थे। वे समाजसेवा के साथ साथ खूंटी क्लब के विकास के लिए हमेशा फिक्रमंद रहा करते थे। वे हमेशा क्लब के बारे में पुछा करते थे। इतना ही नही लोगो की सुविधा को देखते हुए क्लब परिसर में एक मिनी गेस्ट हाउस का निर्माण करवाया था। इतना ही नही उन्होने क्लब परिसर में एक प्याउ बनवाने की भी इच्छा जाहिर की थी। लेकिन वे इसे स्थापित नही करवा सके। अध्यक्ष ने कहा की क्लब के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। सचिव गणपत कुमार भगत एवं पूर्व सचिव प्रदीप कुमार भगत ने भी कहा की अर्जुन साहू आज हमारे बीच नही है,सहसा विश्वास नही हो रहा है। वे एक अच्छे राजनीतिज्ञ के साथ साथ सामाजिक व धार्मिक प्रवृति के इंसान थे। उनकी जितनी तारिफ की जाये कम होगा। क्लब के प्रवक्ता ओमप्रकाश मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अर्जुन साहू के व्यक्तित्व से अवगत कराया। उन्होने कहा उनका जाना हमसब के लिए अपूर्णिय क्षति है। मौके पर कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, कृष्णाचंद्र मिश्रा,महेश चौधरी, श्याम घोष,अरूण चौधरी, श्याम किशोर भगत, राजकुमार गुप्ता, सुदामा साहू, संजय मिश्रा, अनूप कुमार साहू, सजल भगत, प्रदीप भगत, मनोज लाल, अशोक गुप्ता,सतीस गुप्ता, अरूण महतो आदि उपस्थित थे।

## सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन बनी बुंडू में प्रशासन की टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडलीय प्रशासन के द्वारा आज रविवार को टीटीसी मैदान में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया ।जिसमे पुलिस प्रशासन की टीम विजयी रहा। 10 - 10 ओवरों की मैच में पुलिस प्रशासन की टीम, पत्रकारों की टीम, विधायक एकादश की टीम, शिक्षक एवं बैंकर्स की टीम कुल चार टीमें थी।फाईनल में पुलिस प्रशासन की टीम एवं शिक्षक ,बैंकर्स की टीम पहुंची। जिसमें टॉस जीतकर पुलिस प्रशासन की टीम ने बैटिंग ग कर 138 रन बनाये।काफी कड़ी मुकाबला का सामना करते हुए शिक्षक ,बैंकर्स की टीम ने 134 रन ही बना पाएं। सेमीफाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच एवं प्रतियोगिता के बेस्ट बल्लेबाज सुमन हालदार,मैन ऑफ द मैच,बेस्ट बॉलर , मैन ऑफ द सीरीज सोनाहातू के थानेदार मुकेश हेम्ब्रम को और बेस्ट फील्डर शिवशंकर को मिला। बेस्ट अम्पायरिंग के लिए गुड्डू गुप्ता एवं बिरेस दास को समान्नित किया गया। बुंडू एसडीएम अजय कुमार साव की पत्नी पूजा सागर एवं डीएसपी अजय कुमार की पत्नी खुशबू कुमारी ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीम सहित सभी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# विधायक चुनाव जीतने के बाद पहली बार पहुंची गांव, ग्रामीण हुए खुश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** मांडर विधानसभा के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की चुनाव जीतने के बाद चान्हो प्रखंड अंतर्गत रोल पंचायत के ग्राम सल्यो टिकरा टोली पहली बार पहुंची। विधायक के पहुंचने से ग्रामीण बहुत खुश थे। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत व अभिनन्दन किया। तत्पश्चात विधायक गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक मे उनकी समस्याओ को सुना, कुछ का तुरंत निदान किया। कुछ का निदान जल्द करा देना का आश्वाशन दिया। विधायक ने सभा को सम्बोधन करते हुए ग्रामीण जन का सरकारी योजनाओं एवं बड़े बड़े बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति को इलाज कराने के जो सरकार सहायता राशि देती है उसकी जानकारी भी दिया। विधायक ग्रामीणों द्वारा बने भोजन का भी स्वाद लिया। और लोगो का तारीफ़ किया। ग्रामीण जन विधायक का विदाई, विदाई गीत गा कर एवं अपने तरफ से कुछ भेट के तौर पर मुर्गा व कुछ सब्जी देकर किया। विधायक गांव से विदाई लेने से उपरांत कुछ महिला को अपना शॉल देकर सम्मान दिया। मौक़े पर राजा सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद लाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

## रामगढ़ फुटबॉल मैदान के सामने एक साथ 4 दुकानों से लाखों की चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शनिवार की रात में रामगढ़ के फुटबॉल ग्राउंड के ठीक सामने चोरों ने आकाश ऑटो पार्ट्स, खालसा मोटर वर्कशॉप , रामगढ़ टायर , रामा विश्वकर्मा के दुकानों में चोरी की है चोरों ने दीवाल में सेंधमारी और शटर तोड़कर चोरी की। वही दुकानदारों ने बताया कि यहां के सभी दुकानों को मिलाकर लाखो की चोरी हुई है जिसकी जानकारी हमने रामगढ़ थाना को दी है घटनास्थल पर रामगढ़ पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है । जानकारी के अनुसार शहर के फुटबॉल मैदान के सामने स्थित दुकानों मे चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने इन स्थानों पर आराम से चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इन दुकानों से लाख के सामानों की चोरी की गई है। चोरों ने दुकानों से मोटर पार्ट्स,मोबिल,टायर, नगद,हाइड्रोलिक जैक, बैटरी सहित अन्य सामानों की चोरी किया है। दुकानदारों को सुबह 7ः00 बजे अपने-अपने दुकानों में चोरी होने की सूचना स्थानीय लोगों ने फोन द्वारा दिया। चोरों ने सड़क की एकदम किनारे बने आकाश ऑटो पार्ट्स के मजबूत सटर को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों का मनोबल कितना बढ़ा हुआ था। चोरों ने काफी आराम से लंबे समय लेकर चोरी की घटना को आराम से अंजाम दिया होगा। सबसे बड़ी बात कि शहर में पीसीआर पेट्रोलिंग की कई वाहन चलती है। शहर में रात्रि गस्ती अलग से की जाती है। इतनी व्यवस्था के बीच अगर सड़क के किनारे बीच शहर में एक साथ 4 दुकानों में चोरी होती है। तब पुलिसिया व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगना लाजमी बनता है।

**शपथ पत्र**

मैं बिना देवी पति स्वर्गीय एतवारी यादव साकिन कोलकियारी, पो.-खैरिडीह,थाना बिरनी, जिला- गिरिडीह के निवासी हूं शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरी उम्र लगभग 53 वर्ष है, मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम बिना देवी दर्ज है बैंक ऑफ इंडिया शाखा बरमसिया खाता संख्या 58 63 10 11 0023 848 मे मेरा नाम मीना देवी दर्ज है और मेरा भारतीय जीवन बीमा के पॉलिसी संख्या 4265 12142 के नॉमिनी में मेरा नाम M. D. Yadav दर्ज हैं , मैं बिना देवी,मीना देवी और M. D. YADAV तीनों नामों की एक ही महिला है जो मैं स्वयं हूं, यह शपथ पत्र में अपने तीनों नामों के एक ही महिला है जो मै स्वयं हूं, यह शपथ पत्र में अपने तीनों नामों के लिए कर रही हूं, मैं बीना देवी शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि उपरोक्त लिखित सारी बातें मेरी जानकारी में सही सत्य व दुरुस्त है।

## संक्षिप्त खबरे

### आम बागवानी के बदौलत लोथे की जिंदगी में आई हरियाली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में आम बागवानी ने कई लोगों को रोजगार से जोड़ उनकी जिंदगी में हरियाली ला दी है। जिसमें भंडरा प्रखंड के धनामुजी गांव के एक किसान लोथे उरांव भी है। कभी दिहाड़ी मजदूरी तो कभी दूसरे प्रदेश के ईंट भट्ठा में मजदूरी कर गुजर बसर करने वाले लोथे उरांव की जिंदगी में आम बागवानी हरियाली लाने के साथ ही आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। इससे इन्हें सलाना आम बागवानी के माध्यम से डेढ़ से दो लाख रुपये तक कि आमदनी हो जाती है। जबकि दस वर्ष पूर्व लोथे एक दिहाड़ी मजदूर हुआ करता था, पर अब लोथे एक दिहाड़ी मजदूर से एक आम बागान का मालिक बन गया है।

## उपायुक्त के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण कार्यों को लेकर सम्बंधित विभाग हुआ गम्भीर

# एसपी के निर्देश पर नक्सलियों के संभावित ठिकानों पर पुलिस कर रही है लगातार करवाई

➲ भीषण मुठभेड़ की खबर के बावजूद इंजीनियरों के माथे पर नहीं दिखा शिकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** बदलते परिवेश में संकट से उभरता हुआ दिख रहा है चतरा। कहा तो यह जाता है कि चतरा पिछड़ा और उग्रवाद प्रभावित जिला है।डीसी अबू इमरान की नेतृत्व में विकास से सम्बंधित सभी विभागों के हौसला सातवें आसमान पर है।एसपी राकेश रंजन की कप्तानी में पूरी पुलिस महकमा उग्रवाद उन्मूलन के लिए कमर कस ली है ऐसा प्रतीत होता है। यही कारण है कि भीषण मुठभेड़ के समय भी इंजीनियर्स विकास की संभावनाओं की तलाश और गुणवत्तापूर्ण कार्यों को लेकर क्षेत्र में भृमनशील दिखे। प्रतापपुर, कुंदा और लावालौंग थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी



नक्सली संगठन की बढ़ती गतिविधियों को नकेल कसने के लिए एसपी के नेतृत्व में पूरी पुलिस महकमा नक्सलियों की संभावित ठिकानों पर हमला कर रही है।यही कारण है कि पिछले महीनों से नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ की खबर चरम पर है। बीते दिन कुंदा थाना क्षेत्र के जंगली इलाके में पुलिस और नक्सलियों की बीच गोलियों की तड़ तड़ाहट की गूंज से वादियां लरज रही थी। एक ओर पुलिस नक्सलियों को खड़रने में जुटी थी। दूसरी ओर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सह जिला अभियंता सुरेश राम हिंदिया कला में अति पिछड़ी जाति बिरहोर परिवारों की वस्तु स्थिति से अवगत हो रहे थे। अति पिछड़ा गांव हिंदिया कला में निवास करने वाले अति पिछड़ी जातियों में शामिल बिरहोरों की समस्याओं की समाधान की सम्भावनाओं की तलाश में जुटे हुए थे। आरईओ के इंजीनियर शाहनवाज़ खान कुंदा थाना क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण का गुणवत्ता पूर्ण कार्य का निरीक्षण करने में व्यस्त थे। कार्य के प्रति समर्पित सेवा भावना का यह अद्भुत दृश्य देखकर हर कोई अचंभित था। जबकी पास के ही जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ चल रहा था। बावजूद इसके उक्त इंजीनियर्स बे खौफ विकास की अभियान में मस्त थे। हिंदिया कला के ग्रामीण जनता की समस्याओं को देखने के बाद कार्यपालक अभियंता श्री राम भीषण मुठभेड़ वाली जंगलों के रास्ते से कुंदा चौक पहुंचे। रास्ते में कुंदा से प्रतापपुर सड़क का कालीकरण कार्य चल रहा था। उसी जंगली क्षेत्र में कार्यपालक अभियंता श्री खान गुणवत्तापूर्ण कार्य को अंजाम दिलाने के लिए उपस्थित थे। हालांकि हिंदिया कला और कुंदा की कालीकरण सड़क से कुछ ही दूरी पर पुलिस और प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के हथ्यार बंद नक्सलियों दस्ता के साथ भीषण मुठभेड़ चल रहा था।जिस के कारण पूरा क्षेत्र दहशत में डूबा था। लेकिन इस मुठभेड़ का तनिक असर दोनों इंजीनियरों पर नहीं दिखा। उसी जंगल में श्री राम और श्री खान रुककर वार्ता भी किये। यह सड़क प्रतापपुर से कुंदा को जोड़ती है। जिसकी लम्बाई लगभग 12 किलोमीटर है। इस सड़क की प्राक्कलित राशि लगभग पांच करोड़ रुपये हैं। जिसके संवेदक रमेश राम जिला लातेहार के हैं। इस दौरे में दोनों इंजिनयररो में सेवा भावना और काम करने का जज्बा जबरदस्त दिखा। कुंदा पहुंचने पर कुंदा चौक पर पर उपस्थित लोग देख कर अचंभित हो गए। कुंदा चौक पर आधा घंटा रुकने के पश्चात चतरा के लिए प्रस्थान किया।

## जोरी थाना के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 10 एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसपी राकेश रंजन को लगातार मिल रही गुप्त सुचना के आलोक में रविवार को वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम राजगुरु के मोरेनिया में लगभग 4 एकड़, ग्राम चमनदोह में 3 एकड, बेलवा टॉड मे 3 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को विनष्ट किया गया है। इस तरह से लगभग 10 एकड वनभूमि एव गैर वन भुमि पर लगे अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया गया है। इस विनष्टी करण अभियान में वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी के अलावा राजपुर वन क्षेत्र के उप परिसर पदाधिकारी अमित कुमार रंजन, रितेश विश्वकर्मा, मनीष कुमार, नरेश प्रजापति पशुरक्षक भागी सिंह, एवं पुलिस प्रशासन के जवान और चौकीदार शामिल थे।

## धूमधाम के साथ संपन्न हुआ सूर्य अचला सप्तमी का त्यौहार



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करूणारससिंधु परिवार के द्वारा हेरू नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में चतरा जिले के मग बंधुओं ने सूर्य अचला सप्तमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया । इस दौरान विधि- विधान के साथ पूजा -अर्चना के बाद हवन, आरती तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन हुआ जिसमे दर्जनों मगबंधु अपने पूरे परिवार के साथ बैठकर हवन किये। सूर्य पूजा के यजमान के रूप में अक्षय मिश्र थे जबकि आचार्य के रूप में करुणा रससिंधु के कार्यकारी अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा ने निभाया । इस कार्यक्रम में पूरे जिलेभर से आए हुए सैकड़ों की संख्या में शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार के लोग उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सुबह के दस बजे से शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चला ।इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में महिलाओ ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा निभाई। कार्यक्रम के उपरांत मग बंधुओं ने हेरू नदी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण करने का निर्णय लिया तथा कुल्हू निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राम नारायण पाठक के द्वारा विधि विधान के साथ सूर्य मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया गया। । बैठक के दौरान आचार्य गंगाधर शास्त्री ने ब्राह्मणों के उत्थान को लेकर कई अहम सुझाव भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज सनातन धर्म पर गहरा संकट मंडरा रहा है। कुछ असामाजिक तत्व के लोग इस धर्म को जड़ से मिटाना चाहते हैं और इसी निमित वे ब्राह्मणवाद का विरोध करने में लगे हैं ,क्योंकि उन्हें पता है कि सनातन धर्म को मिटाने से पहले ब्राह्मणों को मिटाना जरूरी है। वैसे असामाजिक तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देना देने का वक्त आ गया है और यह तभी संभव है जब सभी ब्राह्मण आपस में एक हो जाए आचार्य विनोद मिश्र ने कहा कि कुछ ब्राह्मण परिवार के लोग इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेना उचित नहीं समझते हैं। वैसे ब्राह्मणों को सामाजिक रुप से बहिष्कार करना पड़ेगा और उन्हें अर्थदंड भी देना होगा ।इसके लिए जल्द ही एक अनुशासन समिति का गठन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के उपरांत श्री मिश्र के द्वारा गोदान भी किया गया ।बैठक के उपरांत सभी मग बंधुओं ने हाल ही में सुग्गी निवासी एक छात्र की रहस्यमई हत्या पर दुख प्रकट किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया ।इस बैठक को आचार्य धीरेंद्र शर्मा ने भी सम्बोधित किया । प्रसाद वितरण के उपरांत इसबार भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रभु दयाल शर्मा ,सुशील पाठक , रंजीत मिश्रा, चंद्रपाल पाठक , दिवाकर मिश्रा, जितेंद्र पाठक, अनिल कुमार पाठक नवीन कुमार पाण्डेय, नीलमणि मिश्रा, मनोज कुमार पाठक, अनिरुद्ध मिश्रा, सुबोध मिश्रा, ओमप्रकाश पाठक, नितेश मिश्रा, निकेश पाठक ,नरेन्द्र पाण्डेय, अरुण पांडे, विशंभर पाठक, शैलेंद्र मिश्रा, चंद्रशेखर पांडे ,कार्तिक पांडे, श्यामा कांत भारद्वाज, गणेश पाठक, नेपाल पाठक, धनंजय मिश्रा ,निशांत मिश्रा ,शिवकुमार मिश्र,एवं बीरेंद्र पाठक सहित सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने किया श्रीराम इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिमरिया बगरा रोड स्थित बेलगड्डा चौक पर रविवार को श्रीराम इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य देवनन्दन साहू, और उपप्रमुख दामोदर गोप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिप सदस्य ने प्रतिष्ठान के पुष्पित पल्लवित होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सिमरिया में इस तरह का प्रतिष्ठान की नितांत आवश्यकता थी। जो पहली बार इस तरह का प्रतिष्ठान खुलने से प्रखंड क्षेत्र के लोगो को स्पोर्ट्स गारमेंट का टी शर्ट, टाउजर, स्कूल ड्रेस, टाई कोट आदि तैयार कपड़े की खरीदारी करने में सुविधा मिलेगी साथ हीं साथ प्रखण्ड क्षेत्र के लोगों को चतरा हजारीबाग और रांची जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वही इंटरप्राइजेज के संचालक उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि टी शर्ट, टाउजर पैंट, स्कूल ड्रेस, टाई कोट, गर्म वस्त्रों के अलावा सभी तरह के रेडिमेट गारमेंट्स कपड़ा अपने प्रतिष्ठान में कारीगरों एवं मशीन के माध्यम से तैयार किया जाएगा। जहां ग्राहकों को थोक एवम खुदरा दर में निर्मित कपड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा की ग्राहकों को हर तरह की सुविधा दी जाएगी। उक्त स्पोर्ट्स गारमेंट्स में आधुनिक मशीन जैसे जुकी मशीन तथा कच्चा माल से सभी तरह का गारमेंट्स प्रोडक्ट कर लोगों को कम व सस्ती दर में दिया जाएगा। मौके पर नरेश सिंह, शिवनारायण साह, रामोतार साव, उमाशंकर सिंह, रामकुमार साव, सुनील कुमार, अखिलेश प्रसाद, कुलदीप साव, श्रवण कुमार, विकास कुमार, रमेश कुमार, गंदूर साहू, बिनोद साहू, रविंद्र साहू, बालकिशुन साहू, मुस्तफा आलम, अमित कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अफीम की खेती को टंडवा वन विभाग और केरेडारी थाना के संयुक्त छापेमारी में किया गया नष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा वन क्षेत्र के जंगलों में लगे अफीम की खेती को टंडवा वन विभाग व केरेडारी थाना पुलिस के संयुक्त कारवाई कर किया गया नष्ट। यह विनिष्टि करन टंडवा वन क्षेत्र के केरेडारी थाना क्षेत्र के लोहार ईलाके के जंगल में अफीम की खेती को किया गया नष्ट। टंडवा वन विभाग को मिली गुप्त सूचना पर टंडवा रेंजर प्रकाश मुक्ति पन्ना के गठित टीम ने की कार्रवाई। कार्रवाई से अफीम तस्करों में मचा हड़कंप। अफीम की खेती सीमा क्षेत्र के अन्य जंगलों में ललहाते सूचना पर वन विभाग के स्पेशल टीम की कार्रवाई जारी है। जंगलों में अफीम की खेती करने वालों के विरुद्ध चिन्हित कर धर-पकड़ को ले छापेमारी अभियान किया जा रहा है। स्पेशल टीम में सुनील उरांव, राकेश सिंह, मुरारी प्रजापति, लड्डू कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी थे शामिल।

## पेट्रोल पंप में कार्यरत एक मजदूर की दर्दनाक मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** थाना क्षेत्र के किसुनपुर में शनिवार को निर्माणाधीन इंडियन आयल के पेट्रोल पंप में दुर्घटना होने से इसी गांव के 45 वर्षीय कामगार रामा साव की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक 55 वर्षीय कामगार जगदीश प्रजापति गंभीर रूप से घायल को तत्काल प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। आपको बता दें घह घटना देर शाम लगभग 5 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाउंड्री वॉल के नीचे हीं कामगार एक गढ्ढे की खुदाई कर रहे थे, इसी दरम्यान 10 फीट का दीवार उपर से भरभरा कर कामगारों के उपर हीं गिर गया। जिसमें एक की मौत मौके पर हो गयी वहीं गंभीर रूप से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में इलाज जारी था वहीं मृतक के परिजनों की चीख पुकार से घटनास्थल पर माहौल पूरी तरह से गमगीन रहा। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। वहीं समाचार लिखे जाने तक शव घटनास्थल पर हीं पड़ा हुआ था।

## देवी भागवत महापुराण कथा सह ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** इटखोरी प्रखंड के धनखेरी पंचायत अंतर्गत परोका गांव में नौ दिवसीय देवी भागवत महापुराण कथा सह ज्ञान यज्ञ के आठवें दिन जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी हुए शामिल। मौके पर पंडित ने श्री तिवारी को विधिवत पूजा-अर्चना कराया। इस मौके पर बिरजू तिवारी ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख व समृद्धि की प्राप्ति होती है। अधर्म का नाश होता है। इसके साथ ही गलत कार्य करने से लोगों को भय रहता है। आयोजन कर्ताओं को इसके लिए सराहा। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, धनखेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि, संतोष पासवान, इंद्र देव पासवान समेत अन्य उपस्थित थे।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने किया झंडोत्तोलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुडू लोहरदगा में सचिव इंद्रजीत कुमार के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर शान से तिरंगा लहराया गया। सभी के द्वारा राष्ट्र गान गाकर के संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई और देश के महान विभूतियों का नारा लगाया गया। बीएड और डी एल एड संकाय के प्रशिक्षुओं के द्वारा मार्च पास्ट कर अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, कुंदन, रेणुका, पंकज, रितिका, ममता, ऋतु, जंग बहादुर, मनु, बिनोद, चिनिबास, अजॉय, राहुल, लक्ष्मण, बीरेंद्र, बंधन, नीरज, वाजिद, कुमकुम, दीपिका, संगीता, सुनीता, सुमन, प्राची समेत उपस्थित थे।

# निशुल्क जांच शिविर का आयोजन संपन्न हुआ पिंडारकोण गांव में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंजगांवा पंचायत स्थित पिन्डारकोण गांव में मुखिया सरिता देवी समाजसेवी नमो नारायण सिंह व बंसत सिंह के सौजन्य से निशुल्क जांच शिविर का आयोजन रविवार 29 जनवरी को किया गया।जिसमें सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। जहां लगभग 500 लोगों ने अपनी-अपनी बीमारियों का इलाज ग्रामीणों ने करवाया। बताते चलें कि। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं गुलदस्ता दे पुष्प माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को शुरुआत किया गया। आरोग्य भारती स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के सौजन्य से मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान रांची के डॉ अभिषेक कुमार सिंह नेत्र चिकित्सा डॉ विकास कुमार गुप्ता चेस्ट चिकित्सक डॉ आशुतोष कुमार सिंह चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत कुमार सिंह जनरल फिजिशियन चिकित्सा आए हुए थे। इन सभी डॉक्टरों से इलाज करवा कर ग्रामीण काफी खुश थे। प्रखंड के दुआरी पंचायत के मुखिया जगदीश यादव अपना नेत्र का इलाज करवाएं तो वहीं समाजसेवी बालेश्वर यादव भी अपना आंख जांच करवाएं। डॉक्टर अभिषेक जीने भाषण कर ग्रामीणों को अनेकों जानकारियां बताएं उन्होंने बताया कि यदि आप निरोग रहना चाहते हैं तो सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में जगने की आदत बना लें उसके बाद अधिक से अधिक पैदल चलने की आदत बनाने शुद्ध शाकाहारी भोजन करें समय अनुसार रात में कम से कम 8 घंटे सो वे अपने आस्था के प्रति सजग रहें। अधिक से अधिक दिमाग संतुलित कर कोई भी कार्य को शांति ढंग से करें इससे आपका शरीर निरोग और स्वस्थ रहेगा।

# मुकदमा लड़ने को लेकर फंड उपलब्ध कराता है विधिक सेवा प्राधिकार : मिथलेश कुमार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** रविवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एसडीजेएम मिथलेश कुमार की उपस्थिति रही। जहां इस शिविर में लगभग सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए। मौके पर एसडीजेएम मिथलेश कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत समाज के कमजोर लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता करने के लिए प्रदान किया जाता है। मुफ्त कानूनी सेवाओं के पात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सदस्य विकलांग व्यक्ति, श्रमिक, बड़े पैमाने पर आपदा हिंसा बाढ़, सूखा हिंसा के शिकार, मानव तस्करी के शिकार हुए लोगों को सिविल मुकदमा, क्रिमिनल मुकदमा को लड़ने के लिए विधिक सेवा प्राधिकार फंड उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि योग्य कोई भी व्यक्ति विवाद, सिविल मुकदमा क्रिमिनल मुकदमा, कानूनी मामले का विवरण के साथ सब डिवीजन स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकार से न्याय के लिए अनुरोध कर सकता है जिसके लिए अधिवक्ता का फीस सहित खर्च विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वहन किया जाएगा। जहां त्वरित न्याय के लिए मामलों को लोक अदालतों में भेजा जाएगा। वहीं मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि भारत के संविधान हर नागरिक को समानता और स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार देता है साथ ही नागरिकों का अपना कर्तव्य है कि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन न हो। मौके पर एसडीपीओ दिलु लोहरा, इंस्पेक्टर अनिल उरांव, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, चिकित्सा प्रभारी आशीष रंजन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन के टक्कर से टेम्पू पलटने कारण खरना निवासी की मौत

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ प्रखण्ड अंतर्गत खरना पंचायत के ग्राम गडरबारा,टोला फटलाही निवासी सुखदेव बेसरा,पिता स्व मोतीलाल मांझी अपने निवास स्थान से सूरजकुंड मेला एवं मेले में अपना मांदर बनवाने किराए के टेम्पू से सपरिवार जा रहे थे ।जाने के क्रम में गोरहर थाना के निकट एक अज्ञात वाहन के द्वारा टेंपू को पीछे से टक्कर मारने से टेंपू पलट गई जिससे सुखदेव बेसरा टेम्पू दब जाने एवं सिर पर चोट लगने से अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मृत्यु हो गई । मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी और 6 बच्चों को बेसहारा छोड़कर दुनिया को अलविदा कह गया। इस दुखद घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। खरना पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजेश साव ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढाढस बँधाया। अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मुखिया प्रतिनिधि राजेश साव ने मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए प्रशासन से बातचीत कर हजारीबाग भेजा गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ नंबर 34 में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मन की बात 74 वें बूथ नंबर 34 में बूथ के कार्यकर्ता के साथ सुनते हुए भाजपा नेता ऋषिकेश सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात को अपने बूथ पर लोगों के बीच सुनाते हुए बंगाली टोला हनुमान मंदिर के परिसर में प्रधानमंत्री के द्वारा बताया गया समाज में हर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री चिंतित रहते हैं और नागरिक सम्मान देकर समाज के हर वर्ग को एक समान देखते हैं सबका साथ सबका विकास का मंत्र लेकर देश आगे बढ़ रहा है भारतीय जनता पार्टी का एक ही मंत्र है राष्ट्र में एकता बनी रहे प्रधानमंत्री की दूर दृष्टि के कारण आज देश आगे बढ़ रहा है जी-20 की अध्यक्षता करते हुए मोदी जी ने भारत का नाम रोशन किया है कार्यक्रम में शामिल भारत भूषण सिंह ,अमर सिंह, मिट्ठू चटर्जी कृष्णा बिलास सिंह, जीतू भगत ,रमेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### एआईएमआईएम की प्रदेश कार्यकारिणी समीक्षा बैठक हुई



**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आल इंडिया मजलिस - ए - इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी (एआईएमआईएम) प्रदेश कार्यकारिणी समीक्षा बैठक की इब्राहिम काम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रामगढ़ विधानसभा में की गयी । जिसमें रामगढ़ उपचुनाव को लेकर चुनावी रणनीति तय की गयी एवं साथ ही साथ दमखम से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूँ जिसमें मुस्लिम दलित आदिवासी पिछड़ा जातियों का भरपूर समर्थन मिला मोकै पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड मो0शाकिर स?ाहब, प्रदेश संगठन महामंत्री समीर अली ,प्रदेश सचिव मोहम्मद दानिश , प्रदेश सचिव इन्तखाब आलम ,प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ एम एन खान , प्रदेश संगठन मंत्री कैश अहमद , अंसारी, प्रदेश संयुक्त सचिव हामिद हाशमी , जिला अध्यक्ष शाहनवाज आलम , उपाध्यक्ष शमशेर ओवैसी , रकीब खान ,एनामुल , फिरोज अंसारी,रामगढ़ विधानसभा अध्यक्ष फारुक अब्दुल्लाह , रामगढ़ युवा अध्यक्ष अफरीदी हुसैन साहब युवा नगर अध्यक्ष नौशाद खान , युवा महासचिव मोहम्मद आसिफ युवा नगर सचिव फैसल अहमद कुरैशी, निसार अंसारी कादरी साहब तहसीन कमर, हसिबुल अंसारी उपस्थित रहे।

## हेमन्त सोरेन सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करेंगे : बजरंग महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ शहर के वार्ड नम्बर 4 में उपचुनाव को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क करते पूर्व विधायक ममता देवी के पति कांग्रेस वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ने कहा कि रामगढ़ की जनता को 15 सालो तक शोषण किया गया था। भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया था लेकिन रामगढ़ की तमाम जनता ने उसे किला को 2019 में ध्वस्त करने का काम किया और शांतिपूर्ण तरीका से जी रहे थे रामगढ़ की जनता ने पांच साल के लिए चुना था लेकिन षड्यंत्र कार्यों ने 3 साल में ही षड्यंत्र के तहत पूर्व विधायक ममता देवी को जेल भेजने का काम किया गया जिससे विकास



की लकीरों में रुकावट आ गई फिर भी दो साल कोरोना रहा एक साल ठीक कार्य दिखना शुरू हुआ था। लेकिन फिर भी विकास देखना है तो उनके दो विधायक गोमिया और सिल्ली में है उनका लिस्ट लेकर आइए उन से 3 गुना कार्य रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने की है इसी को देखते हुए अपील की है कि आने वाले उपचुनाव में भारी से भारी मतों देकर महागठबंधन के प्रत्याशी को विजय दिलाने का काम करेंगे और कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करेंगे साथ ही आम से चुनी गई हेमन्त सोरेन के सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करेंगे। मौके पर आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल मुंडा, दिलीप , संजय साव, बसंत , कर्मा , धर्मो , कृष्णा दास , अर्जुन दास , मिथुन दास, शिबू गंजू , सुजीत मुंडा , विकास गंजू , आकाश करमाली, रंजीत कुमार, आकाश तिग्गा, सुमित कुमार, दीपक राणा , बूटा सिंह, छोटेलाल राम , दीपक कुमार , दीपू कुमार आदि शामिल थे।

## रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर वामदलों की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर वामदलों की संयुक्त बैठक रामगढ़ मेन रोड, स्थित भाकपा-माले पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई।विधानसभा उपचुनाव में पुरी दमदार तरीके से मजबूती के साथ चुनाव लडने के लिए वामदलों का उम्मीदवार खड़ा करने के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया । इसकी तैयारी के लिए 2 फरवरी 2023 को गोला में , 3 फरवरी 2023 को दुलमी में एवं 5 फरवरी 2023 को रामगढ़ में संयुक्त रुप से वामदलों की जी .बी मीटिंग आयोजित होगी।उक्त बैठक में भाकपा- माले जिला सचिव कामरेड भुनेश्वर बेदिया, मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस)के वरिष्ठ नेता कामरेड मिथिलेश सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के झारखंड राज्य सचिव कामरेड महेंद्र पाठक, भाकपा- माले जिला कमेटी सदस्य देवकीनंदन बेदिया, माले जिला कमेटी सदस्य बिगेन्द्र ठाकुर, लालचंद ठाकुर, मासस के हजारीबाग जिला सचिव आर0डी0 मांझी, मासस के नेता बसंत कुमार एवं माले के पवन गोप शामील थे।

## फाल्गुन एकादशी महोत्सव दो व तीन मार्च को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री श्याम भक्त परिवार हजारीबाग द्वारा दो दिवसीय फाल्गुन एकादशी महोत्सव दो एवं तीन मार्च को शहर में बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम दिन 2 मार्च 2023 को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। वही 3 मार्च को देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें कोलकाता के अनुराग बेदी, प्रेम सोनी व रिया शर्मा एवं हजारीबाग शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू



बिहारी अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को जमकर झुमाएगे। श्री श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने बताया कि बाबा श्याम का यह कार्यक्रम हजारीबाग शहर में ऐतिहासिक रूप से संपन्न किया जाएगा। शहर के समस्त श्याम प्रेमी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

## रेल सेवा विस्तार समिति का एक दिवसीय धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रेल सेवा विस्तार समिति हजारीबाग के बैनर तले एक दिवसीय रेल रोको अभियान के तहत हजारीबाग टाउन स्टेशन में धरना दिया जिसकी अध्यक्षता विपिन कुमार सिन्हा एवं संचालन पत्रकार भावेश मिश्रा ने किया। पूर्व निर्धारित रेलवे चक्का जाम रेलवे प्रशासन के आग्रह धरना मे तब्दील की गई ।समिति के 5 सूत्री मांगों के समर्थन में विपिन सिन्हा ने कहा हम पांच छ्- वर्षों से धरना एवं बैठक के माध्यम से मांग कर रहे थे जो पूरा



नहीं हुआ। रेलवे मंत्रालय बहरा सांप बना हुआ है। हजारीबाग का नौजवान अब और इंतजार नहीं करेगा,यदि 15 दिनों का अंदर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। समिति के उमेश साहू ने कहा कि विस्थापितों को उचित मुआवजा भी नही मिला है।धरने को योगेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी, गणेश कुमार वर्मा सीटू, डॉ देवेंद्र सिंह देव,दिलीप साव वार्ड पार्षद 24 , प्रकाश पासवान, विष्णुपुरी के वार्ड पार्षद श्री वर्मा , सीताराम केसरी बबलू गुप्ता, दीपचंद जैन, इरफान अंसारी और प्रहलाद कुमार ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में तेज नारायण साव, सुजित कुमार, मनजीत राय,शंकर साहू, रवि कुमार, विकास कुमार, मनीष राम, सूरज कुमार, राहुल कुमार ,मिथुन साव, बालेश्वर साव ,विनय एक्का, जासा देवी, सुषमा देवी ,अनीता देवी, सरस्वती देवी,मालती देवी, कंचन देवी, सीता मसोमात, नागेश्वरी देवी, राजू साव, कमल सिंह समेत कई अन्य मौजूद थें।

## संगठन विस्तार एवं मजबूती पर जदयू की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को स्थानीय डीवीसी गेस्ट हाउस में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग जिला कमेटी की एक बैठक प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता एवं महासचिव प्रेमचंद राम के संचालन में हुई। बैठक में पार्टी की सदस्यता बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस संदर्भ में सभी सदस्यों के सुझाव लिए गए जिसे जिला अध्यक्ष ने स्वीकार किया एवं विचार कर सभी सदस्यों को कार्य संबंधी निर्देश दिया। सदस्यों की ओर से नगर अध्यक्ष के लिए यासीन अंसारी ,जिला उपाध्यक्ष एवं नगर प्रभारी के लिए राजू खंडेलवाल एवं जिला सचिव के लिए नजर उल्लाह अंसारी के नाम का प्रस्ताव आया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।साथ हीं नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को 15 दिनों के अंदर सभी वार्डो में समिति गठित कर वार्ड अध्यक्ष की घोषणा कर कार्य समिति को सूचित करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सदस्यों को सदस्यता रसीद वितरण कर 15 फरवरी तक निश्चित रूप से




सदस्य बनाकर जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य मिथिलेश सिंह वरीय जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर महिला प्रकोष्ठ की खुशबू कुमारी, जिला सचिव मामून रशीद, भुनेश्वर ठाकुर, इचाक प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या मेहता, सदर प्रखंड अध्यक्ष रंजन प्रसाद, तबारक हुसैन, शेखर प्रसाद सहित कई अन्य उपस्थित थें।

## विष्णुगढ में माण्डू विधायक ने सुना मोदी की मन की बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड के चेडरा पंचायत स्थित +2 हाई स्कूल विष्णुगढ के सभागार भवन में माण्डू विधायक सह भाजपा झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ पश्चिमी मंडल के पदाधिकारियों,भाजपा कार्यकर्ताओ संग आम आदमी के बीच मोदी जी द्वारा कही मन की बात का 97 वाँ कार्यक्रम को बड़े ध्यानपूर्वक सुना ।आधे घण्टे के मन की बात कार्यक्रम की बातों को गौर से सुनने के पश्चात माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने उपस्थित लोगों से मुख्य बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए कहा कि मोदी जी गाँवो में उपजने वाले मोटे अनाज जैसे बाजरा,मकई,मडुआ, इत्यादि के उपयोग करने की सलाह दी जिससे मधुमेह रोग में कमी आयेगी एवं इसकी उपज में कम पानी की खपत और ज्यादा पैदावार होती है जो किसानों के लिए भी लाभदायक है । उन्होने आदिवासी उत्थान की भी बाते कही और वे इस अमल कर रहे है । मन की बात कार्यक्रम में मुख्य रूप से माण्डू



विधानसभा साँसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,विष्णुगढ ब्रास एंड ब्रॉन्ज कलस्टर संयोजक सुदामा सिंह,विधायक प्रतिनिधि रीना बर्मन,मुखिया सह मंडल मंत्री निर्मल कुमार,राजेश सोनी,हरि यादव,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी,महामंत्री उषा कुमारी,सबिता देवी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संजय कुमार महतो,चेतलाल महतो,सुरेश राम समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं बच्चे उपस्थित थे ।

## रिया ने विष्णुगढ का मान बढ़ाया : जेपी भाई पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ, रमुआँ निवासी प्रदीप गोस्वामी की सुपुत्री रिया गोस्वामी ने झारखंड राज्य स्तरीय 32 किग्रा में सिल्वर मेडल जीत कर विष्णुगढ का मान बढ़ाया ।जिसकी जानकारी मिलते ही सोशल मीडिया एवं अखबार के माध्यम से माण्डू विधायक ने विष्णुगढ की बेटी रिया गोस्वामी को बधाई दी । इसके पश्चात माण्डू विधायक ने तत्परता दिखाते हुए एवं मिलने की तीव्र इच्छा के कारण आज विष्णुगढ में स्वम् उपस्थित होकर अपने हाथों से बुके देकर सम्मानित किया एवं रिया को प्रोत्साहित करते हुए नकद रकम भेंट की ।

इस अवसर पर बातचीत के दौरान माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि द रामेश्वर वैली स्कूल झुमरीतिलैया कोडरमा में आयोजित दो दिवसीय महिला झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जिस जज्बे और मेहनत से विष्णुगढ की बेटी ने नाम बनाया काबिलेतारीफ है। अंडर 32 किग्रा सब जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल एक सीढ़ी है अभी तुमको और ऊँचाई छूनी है इसी तरह लग्न और मेंहनत से और सफलता हासिल करो यही मेरी कामना है ।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भी रिया गोस्वामी की जीत पर बधाई देते हुए बुके एवं फूल माला से स्वागत किया जिसमें मुख्य रूप से विपिन कुमार सिन्हा,किशोर कुमार मंडल, डोमन गुप्ता, गुर प्रसाद साव, रीना बर्मन,निर्मल कुमार, महादेव मंडल,संतोष कुमार महतो, चेतलाल महतो,अंजू देवी, सबिता देवी,उषा कुमारी,राजेश सोनी,सुदामा सिंह,हरि यादव,किशोर यादव,संजय कुमार महतो समेत काफी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे ।

## पूर्व विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों संग सुनी पीएम की मन की बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 97वां संस्करण का सीधा प्रसारण टीवी के माध्यम से बरही प्रखण्ड के भाजपा कार्यालय में देखा गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव शामिल हुए। यहां पंहुचने पर पूर्व विधायक मनोज यादव का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने यहां कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी। पूर्व विधायक श्री



यादव ने कहा कि मन की बात में पीएम मोदी जी ने पद्म पुरस्कार विजेताओं की बात की। पीएम ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं में बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों की है। पीएम ने कहा कि आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है और चुनौतिपूर्ण भी है, लेकिन इसके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहते हैं। उन्होंने मन की बात में बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है। लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है। सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है, स्वभाव से हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं।

## एकादशी उद्यापन के कलश यात्रा में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम ओरपरता में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने मुंद्रिका राणा के घर एकादशी उद्यापन में कलश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी श्रद्धालुओं व माताओं बहनों का आशीर्वाद लिया। साथ मे डुगिलाल राणा, भुनेश्वर यादव,राजेश यादव, किशुन राणा, नंदलाल राणा, प्रकाश यादव, द्वारिका राणा, रामा चौधरी, हीरालाल यादव, दिनेश यादव एवं ग्रामीण शामिल हुए। साथ ही साथ बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम डपोक निवासी बब्लू पांडेय, पारा शिक्षक संतोष पांडेय के यहाँ पंच



दिवसीय श्री श्री 108 श्री एकादशी उद्यापन कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। मौके पर संजय पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सोनू पांडेय, अनुज यादव, रेणु यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव, विकाश पांडेय, सुरेन्द्र यादव, रामावतार यादव,कुलदीप पांडेय, इन्द्रदेव यादव, रंजीत पांडेय, सोनू पांडेय एवं सैकड़ो में ग्रामीण मौजूद हुए।

## नैनवास ऑर्गेनिक ऑयल मिल का हुआ श्रीगणेश, कोल्ड प्रेस ऑयल का होगा उत्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नैनवास फूड प्रोडक्ट्स के नए प्रतिष्ठान नैनवास ऑर्गेनिक ऑयल मिल का उद्घाटन गुरुवार को नागेंद्र प्रसाद ने किया। नैनवास फूड प्रोडक्ट्स हजारीबाग का पहला शुद्ध और ऑर्गेनिक तेल प्रतिष्ठान है। नई फैक्ट्री का उद्घाटन कदमा हजारीबाग में हुआ। संचालक अनुराग आनंद ने इस बाबत बताया कि प्रतिष्ठान में लकडी घानी द्वारा शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक कोल्ड प्रेस्ड ऑयल का उत्पादन होता है। श्री आनंद ने बताया कि अपने गुणों के कारण इस तेल की काफी डिमांड है। नए कारखाने में तीन कोल्ड प्रेस्ड मशीन और दो बड़ी एक्सपेलर मशीन



लगाई गई है। इस नए कारखाने की क्षमता 4 सौ लीटर तेल का उत्पादन प्रतिदिन है. बताया कि इस नए कारखाने में नारियल, मूंगफली, पीली सरसों, लाल सरसों, सफेद तिल, काला तिल, बादाम, अखरोट, अलसी जैसे कई तेलों का उत्पादन होगा। बता दें कि अनुराग आनंद ने पुणे से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की थी और 15 साल तक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम किया. अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने यूएसए, जर्मनी, पोलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस यूएई जैसे कई देशों की यात्रा की है, फिलहाल ऑर्गेनिक ऑयल का बिजनेस कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में अरविंद कुमार सिन्हा, नारायण गुप्ता, संजय कुमार, आशीष कुमार सिन्हा, मदन मोहन सिन्हा, गुरुदेव प्रसाद, बिजय सिन्हा, मनीष चंद्रा, ओम अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया गया सुविधा कैंडिडेट/एनकॉर पोर्टल एवं सी-विजिल ऐप का प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर रविवार को अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के सभागार में निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की उपस्थिति में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग की सुविधा कैंडिडेट/एनकॉर पोर्टल एवं सी-विजिल ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी बीरेंद्र प्रसाद एवं मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा राजनीतिक दलों के



प्रतिनिधियों को सुविधा ऐप/एनकॉर पोर्टल के माध्यम से आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के दौरान बैठक, सभा, रोड शो, रैली, लाउडस्पीकर, हेलीकॉप्टर आदि के इस्तेमाल हेतु अनुमति प्राप्त करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही सभी को सी-विजिल ऐप एवं इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, उड़नदस्ता दल, स्टैटिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल के दण्डाधिकारियों/ कर्मियों, प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### ठाकुर बाड़ी में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का हुआ श्रीगणेश

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी मे शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का श्रीगणेश भव्य कलश यात्रा से हुआ।जो आगामी 3 फरवरी तक चलेगा। प्रथम दिन सुबह 7 बजे ठाकुरबाड़ी से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न चौक- चौराहों से गुजरते हुए पुन्- ठाकुरबाड़ी आकर समाप्त हुई। इस भव्य कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित हुए और विधिवत पूजा- अर्चना के बाद कलश यात्रियों को कलश देकर रवाना किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हाजी युनूस अंसारी की हुई मृत्यु

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के चर्चित शख्सियत का मालिक हाजी मोहम्मद यूनुस अंसारी रिटायर्ड ड्राइवर का इंतकाल हो गया वह 80 वर्ष के थे मरहूम काफी दिनों से बीमार थे कल 2:10 रात इंतकाल कर गए वह अपने पीछे अपनी विधवा पत्नी समेत 4 पुत्र दो सूत्री समेत भरा पड़ा परिवार छोड़कर अपने हकीकी खुदा से जा मिले आज नमाजे जोहर 2:30 बजे फतेहपुर कब्रिस्तान में हजारों नम आंखों के साथ जनाजे की नमाज के बाद सुपुर्द खाक किया गया जनाजे की नमाज खतीबे इमाम फतेहपुर मस्जिद मौलाना अब्दुल खुद्दुस ने पढ़ाया इसके बाद हजारों नम आंखों के साथ सुपुर्द खाक किया गया जनाजे की नमाज में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजुल हसन, तनवीर उल हसन, शब्बीर अंसारी, जिला पार्षद सदस्य फारूक अंसारी, इंस्पेक्टर इंचार्ज हावड़ा कमलजीत सिंह, लोपाला के पीआरओ हेमंत नारायण सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिनेश्वर किसको, सीआईडी शमीम अहमद, हाजी सुल्तान अहमद ,पत्रकार अरशद मधुपुरी, अब्दुल गफ्फार अंसारी, मौलाना हाफिज सनाउल्लाह, हाफिज ओ कारी फहीमुद्दीन मिस्बाही, हाफिज मनोवर आलम ,पूर्व मुखिया परवेज आलम, अलाउद्दीन अंसारी, पंचायत समिति सदस्य आमिर हसन, जमशेद आलम, मोहम्मद सलीम सहीत हजारों लोग जनाजे की नमाज में हुए शामिल।

## पुलिस पब्लिक जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मधुपुर थाना क्षेत्र के बड़ा नरायनपुर पंचायत अंतर्गत झुंका गांव में हेलो पुलिस कार्यक्रम के तहत रविवार को पुलिस पब्लिक जन संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई । मौके पर थाना प्रभारी राम दयाल मुंडा ने कहा कि ग्रामीण और पुलिस के बीच बेहतर संबंध बनाने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है । ग्रामीण इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लें उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को भी कानूनों की जानकारी होना चाहिए । जानकारी के अभाव में लोग गलत कदम उठा लेते हैं । उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों को लेकर मुकदमा ठीक बात नहीं है । पंचायत स्तर पर मामलों को सुलझा लेना चाहिए । उन्होंने कहा कि गांव में अगर किसी प्रकार की आपत्तिजनक या आपराधिक किस्म के लोग किसी घटना का योजना बना रहे हैं । इसकी सूचना दें उनका नाम गुप्त रखा जाएगा । उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों का भी सहयोग अति आवश्यक है । उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या हो बेहिचक थाना पहुंचे । और अपनी बातों को रखें पुलिस उनकी समस्याओं का निदान करेगा । मौके पर एएसआई शौकत खान, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद नसरूल शेख, वार्ड प्रतिनिधि हमीद अंसारी, गांव के अध्यक्ष डा0सरफुदीन सदस्य समेत पंचायत के ग्रामीण प्रबुद्ध नागरिक समाजसेवी आदि लोग मौजूद थे।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न उच्च विद्यालयों का किया निरीक्षण

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल कोडरमा द्वारा परियोजना बालिका उच्च विधालय सिहास ,कस्तूरबा विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह का निरीक्षण किया गया जिला शिक्षा.पदाधिकारी अलका जायसवाल ने परियोजना बालिका विधालय के सभी अभिलेख सहित विधालय के छात्राओं से रुबरु हुई एवं उनके समस्याओं के बारे मे जानकारी ली विधालय में जिला प्रशासन द्वारा चलाई जाने वाली महत्वाकांक्षी योजना प्रभारी मनोज कुमार द्वारा प्रोजेक्ट रेल,प्रोजेक्ट इम्पैक्ट एवं सावित्रीबाई फूलें योजना की जानकारी दी प्रोजेक्ट इम्पैक्ट द्वारा किए गए कार्य की सराहना किया व विधालय संचालन के आवश्यक निर्देश दिए वही बीआरसी का भी निरीक्षण किया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मोहम्मद शेख सकील अहमद,सीडीपीओ संतोष कुमार,दिनेश गोप आदि उपस्थित थे।

## नेक्सजेन सेल्स एंड सर्विसेज ने ग्राहकों के बीच बांटे उपहार

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज़िले बसुंधरा गार्डेन में नेक्सजेन सेल्स एंड सर्विसेज के हुंडई कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के सौजन्य से एक कार्यक्रम आयोजित कर मशीन खरीदने वालों को एक निश्चित उपहार लॉटरी माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम में स्टेस्ट के जीएम सेल्स भीम पांडेय की उपस्थित में लॉटरी निकाला गया। इस दौरान लक्ष्मी साव को बाइक, बंसी यादव को फ़्रिज, दिलीप कुमार को वाशिंग मशीन सहित 60 कस्टमर्स को उपहार दिये गये। मौके पर ब्रांच हेड फिरोज खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## निवर्तमान पार्षद नें किया योग गुरु से मुलाक़ात

**झुमरीतिलैया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निवर्तमान पार्षद सह भाजपा नेत्री पिंकी जैन ने आज सम्मेद शिखर पारसनाथ में योग गुरु बाबा रामदेव जी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, बाबा रामदेव जी ने समाज सेवा और राष्ट्रीय सेवा में हमेशा लगे रहने के लिए प्रेरित किया, इस मौके पर उन्होंने उनकी बेटी प्रज्ञा जैन को भी खूब पढ़ो आगे बढ़ो योग करो और स्वस्थ रहो का आशीर्वाद दिया और कहा कि बेटियां परिवार समाज के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर अपना योगदान दे रही है, योग गुरु बाबा रामदेव जी जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी गुरुदेव के 557 दिन के मौन साधना निर्जल उपवास के कठिन तप के महापारना समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए हैं उनके दो दिवसीय प्रवास में योग शिविर भी आज लगाया गया है ।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बासोडीह पंचायत भवन में रविवार जिला विधिक सेवा प्राधिकार,कोडरमा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, सीडीपीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह मौजूद रहे। लोगों को संबोधित करते प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव ने कहा कि लोग जागरूक हो तभी आप अधिकार पा सकते हैं। उन्होंने लोगों को भरण पोषण अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम,बाल विवाह, मनरेगा एक्ट,दहेज प्रथा आदि कानून के प्रति लोगों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया।इस संबंध में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बाल विवाह रोकथाम, मध्यस्थता कार्यक्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, विधिक सहायता एवं अन्य विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को लाभांवित किया गया।तथा वन की कटाई को रोकने के लिए जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना को सही समय पर पूरा करने के लिए कहा गया, मनरेगा योजना के लाभ की जानकारी दिया।उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी.जमीन संबंधी समस्याओं पर चर्चा किया गया। शिविर में पीएलभी, कमलेश कुमार,सुरेश यादव, ग्रामीण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,सहिया दीदी भी मौजूद थी।

# एसपी को मिली सूचना पर हुई कार्यवाही, लाखों का ढिबरा लदा वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डोमचांच :** कोडरमा एस पी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के अधार पर लाखों का ढिबरा लदा वाहन जब्त किया गया है. बताया जाता है कि उक्त 14 चक्का का ट्रक जिसका नंबर जे एच 11डब्लू / 8179 को तब पकड़ा गया जब वह गाड़ी में काम करवा रहा था. तभी डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां ने कार्रवाई करते हुए नीरूपहाड़ी के समीप पेट्रोल पंप के बगल में खड़ी ट्रक चालक से पूछा गया तब ढीबरा के जगह कुछ और बताया गया. पर जब जांच की तो पता चला की उक्त



वाहन में ढिबरा लोड है, जिसके बाद ट्रक को थाना लाया गया वहीं चालक से जब पूछा गया तो अपना नाम लालजीत रवानी पिता रामेश्वर रवानी बिरनी गिरिडीह जिला निवासी बताया,वही सहयोगी कैलाश यादव पिता सहदेव यादव बिरनी गिरिडीह के रहने वाला है. यह भी बताया जाता है कि उक्त वाहन में ढिबरा गिरिडीह से लोड किया गया था और वह महाराष्ट्र ले जा रहे थे. पकड़े जाने के बाद जब पेपर की मांग किया गया तो चालक के द्वारा पेपर प्रस्तुत नहीं किया गया और यह जिले में गुप्त तरीके से दूसरे राज्य में ट्रक के माध्यम से भेजा जाता है वही ट्रक 31 टन (एकतिस टन ) अवैध रूप से लोड है. जिसे आगे की कार्रवाई के लिए कोडरमा वन विभाग को इसकी सूचना दिया गया. जिसके आधार कारवाही की जा रही है. मौके पर अभियान में सतवीर सिंह समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

# नम आंखों से दी गई मां सरस्वती की विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित जलवाबाद में सरस्वती पुजा विभिन्न क्लबो द्वारा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम हुआ. जिसमें महाकाल क्लब, बाबा क्लब के लोगों ने नम आंखों से मां सरस्वती को दी गई विदाई इस अवसर पर क्लब सदस्यों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस कई गांव भ्रमण करते हुए डीजे पर बज रहे, गीतो पर श्रद्धालु झूमते नाचते वा एक दूसरे का गुलाल लगते मां की जयकारा के साथ जय मां सरस्वती साल भर पर आती है, विद्या देकर जाती है, भ्रमण करते हुए प्रेम सागर तालाब में जाकर मां शारदे की प्रतिमा को विसर्जन किया गया इस अवसर पर अनिल राम, सुमित कुमार, संतोष कुमार, धीरज कुमार, भोलू कुमार निषाद, चंदन कुमार निषाद, चंदन कुमार, रंजन कुमार, कुंदन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, सुजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार, बबलू कुमार, पपलू कुमार, धीरज कुमार, नीरज कुमार, सूरज कुमार, काव्यांश कुमार, यीशु कुमार, मयंक कुमार, आरुष कुमार, सुमित कुमार, दिव्यांश कुमार, पप्पू कुमार, सुमित कुमार, रोहित कुमार आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# वार्ड 10 व गांधी चौक के सामने लगा गंदगी का अंबार

**कोडरमा :** कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्ड व वार्ड 10 और बाजार गांधी चौक के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है बताया जाता हैं, नगर पंचायत सफाई कर्मी सिर्फ खानापूर्ति कर रही है दो दिन से गांधी चौक के सामने साफ नहीं होने के कारण, गंदगी बिखरा पड़ा हुआ नजर आता है. बिमारियों का खतरा बना रहता है, इस दौरान आसपास से पूछे जाने पर उन्होंने बताया है कि ठीक से साफई नहीं होने के कारण गंदगी बिखरा पड़ा रहता है सिर्फ दो दिन पहले गंदगी उठाकर नगर पंचायत के सफाई कर्मी चले गए थे। बताया जाता हैं कि प्रतिदिन इधर से अनजान आदमी आते जाते रहते हैं, प्रतिदिन बच्चे भी स्कुल आते जाते रहते हैं, गंदगी के कारण नाक पर रुमाल रखकर जाते हैं।

# मुफ्ती मोहम्मद सईद आलम समाज के सच्चे सेवक : अब्दुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** ऑल इंडिया पासमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी मौलाना अब्दुल रकीब अंसारी ने कहा है कि मुफ्ती मो सईद आलम गरीब पीड़ित जरूरतमंद लोगों की आवाज है वे सभी समुदाय के व्यक्तियों की कदर करते हैं। सबकी इज्जत करते हैं किसी से बैर नहीं रखते। इंसानियत के नाते अच्छे-अच्छे काम अंजाम देते हैं जो किसी से छुपी ढकी नहीं है। मुफ्ती मो सईद आलम अपने आप में एक खुली किताब है किसी दूसरे इंसान को गलत ठहराते समय, हम चाहे कोई भी तर्क दें लेकिन मन ही मन हम सभी मानते है कि हर किसी में कुछ कमियां है तो कुछ खूबियां भी है।हमारा अहंकार, हमारा गुस्सा, हमारी नफरत हमें इस सच को स्वीकार करने की इजाज़त भले ही न देता हो बावजूद इसके हम इस सच से मुंह नही मोड़ सकते कि मुफ्ती साहब हम सब के सच्चे सेवक हैं।यही वो सच है जो हर पल हमारी परीक्षा लेता है। क्योंकि किसी





बुरे से दूरी बनाने में हमसे उसकी अच्छाई का भी एक अंश छूट जाता है और किसी अच्छे को अपनाने में उसकी बुराई का भी एक अंश उसके साथ साथ हमारे पास चला आता है, दोनों ही परिस्थितियों में यह हमारी तकलीफ की वजह बनता है।अब सवाल यह उठता है कि अगर एक बार को खुले मन से इस सच को स्वीकार कर भी लिया जाए तो हमारे पास क्या रास्ता है? रास्ता बहुत ही सहज और सरल है बस हमें इस रास्ते पर चलने का हौसला करना है ।

# बाबा रामदेव पहुंचे देवघर, बाबा मंदिर में की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** योग गुरु बाबा रामदेव जी ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तिर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात योग गुरु बाबा रामदेव जी द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया गया। मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री ने योग गुरु बाबा रामदेव जी का स्वागत बुके देकर किया। साथ ही उपायुक्त ने पूजा पाश्चत योग गुरु



बाबा रामदेव को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व बाबा मंदिर का प्रसाद प्रदान किया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी, अंचलाधिकारी देवीपुर सुनील कुमार, मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त एवं संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी, मंदिर समन्वय समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

# कार व दो बाइक की टक्कर में दो बच्चे समेत चार लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर गिरिडीह एनएचए पथ पर सुग्गा पहाड़ी जंगल के निकट शनिवार शाम कार और दो बाइक की टक्कर में दो बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए । घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए । ग्रामीणों ने सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मधुपुर भेज दिया । यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से जख्मी दोनों बच्चे और उसके पिता को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । घटना संबंध में बताया जाता है कि बुढ़ई थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी मनोज मरांडी अपने पुत्र और पुत्री के साथ बाइक से मधुपुर पथलचपटी मोहल्ला जा रहा था । इस बीच सुग्गापहाड़ी जंगल के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही कार उनकी बाइक पर से टकरा गई । बताया जाता है कि कार इतनी तेज रफ्तार में थे कि बाइक से टकराने के बाद चालक के द्वारा ब्रेक लगाने के बाद भी विपरीत दिशा कार घूमी और पीछे से एक अन्य बाइक आ रही उससे जा टकरा गई । दूसरी बाइक में देवघर जिले के जसीडीह थाना अंतर्गत बसवरिया गांव निवासी उदय गोस्वामी सवार थे । सूचना पर बूढ़इ थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची दोनों बाइक और कार को जब्त कर थाना ले आई है । पुलिस का कहना है कि घटना में घायल किन्ही व्यक्तियों का फर्दबयान अभी तक नहीं मिला है ।

# भाजपा नवलशाही मंडल की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** भारतीय जनता पार्टी नवलशाही मंडल की बैठक नवलशाही स्थित पंकू साव के आवास पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। एवं संचालन महामंत्री मनोज कुमार मेहता ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती एवं बूथ कमेटी का गठन करना है। ताकि आने वाले समय मे नवलसाही मंडल से फिर परचम लहराया जा सके। सभी वक्ताओं ने बारी बारी से संकल्प लिया कि देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचा कर आम लोगों को जोड़ने का काम करें। ताकि वह आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख मे बढ़-चढ़कर भाग ले ताकि वह आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजय साव, मंडल प्रभारी वीरेन्द्र मेहता, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता बबून मोदी, महामंत्री कृष्णा साव, उपाध्यक्ष किशोर यादव, पूर्व मुखिया कैलाश यादव, रविन्द्र कुमार मेहता ,प्रकाश मेहता, सनोज कुमार, रविंद्र कुमार यादव, हरदेव साहू ,राजकुमार तिवारी, दशरथ प्रसाद यादव, मेघलाल सिंह, विनोद कुमार मेहता, राधे राणा, राम कुमार यादव, दिनेश प्रसाद आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चला वाहन जाँच अभियान, बिना चालान के गिट्टी लदा ट्रक जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार नवलशाही थाना भवन के समीप वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बरियारडीह से कोडरमा की ओर जा रहे दस चक्का ट्रक वाहन को रुकवाया गया एवं गिट्टी सम्बंधित कागजात की मांग की गई । ट्रक चालक के द्वारा माइनिंग चालान नही दिया गया। नवलशाही पुलिस ने बिना चालान के गिट्टी लदा ट्रक को जप्त करते हुवे अग्रसर कार्यवाही हेतु नवलशाही थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

# मीमांसा फाउंडेशन के तत्वधान में रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर रन फॉर यूनिटी की दौड़ प्रतियोगिता मधुपुर के आम बागान ग्राउंड में मीमांसा फाउंडेशन के सौजन्य से बी एस एस अकैडमी ने कराई । दौड़ प्रतियोगिता में 800 मीटर और 1600 मीटर की दौड़ रही जिसमें लड़कियों और लड़कों ने भाग लिया अंडर 20 की इस दौड़ में रांची , हजारीबाग, गोड्डा, जामताड़ा, चितरंजन, चितरा, मधुपुर , आसनसोल,देवघर इत्यादि जगहों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 800 मीटर की लड़कियों की दौड़ में आसनसोल की नंदनी हंसदा प्रथम स्थान पर रही , वही काजल कुमारी गोड्डा से आई धावक वह द्वितीय स्थान पर रही, वही बीएसएस एकेडमी की फातिमा खातून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । लड़कों के 1600 मीटर की




दौड़ में हजारीबाग से आए प्रदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, चितरंजन से आए चंदन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा संतोष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जो चितरंजन से आए थे। मीमांसा फाउंडेशन के सौजन्य से युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम कराया गया जिसमें मधुपुर क्षेत्र से युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# ख्वाजा गरीब नवाज हिंदुस्तान की जमीन पर सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी अंजुमन बनकर आए : सैयद अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धमना फतेहपुर अब्दुल कलाम चौक में जनाब इमरान अशरफी के तत्वधान में ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स ए पाक के मौके पर जलसा ए ईद मिलादुन्नबी की महफिल आयोजन की गई! महफिल की शुरुआत कुराने पाक की तिलावत से की गई इसके बाद बारी बारी शायरों ने नाते पाक, मनकबत पेश किए! वही बंगाल से आए सैयद अहमद रजा नूरी खलीफा ए शेखे आजम कछौछा शरीफ ने संबोधित करते हुए कहा सरकार अल हिंद हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अले कि जाते रूहानियत का अबरे करम थी और यह अबरे करम बंजर और पथरेड़ी जमीनों पर टूट टूट कर बरसा और वीरान बस्तियों को सदाबहार दर गया। ख्वाजा गरीब नवाज पूरी



दुनिया के लिए मार्फत व सदाकत की सबसे बड़ी आफादा गाह, सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी, सबसे बड़ी अंजुमन बनकर तशरीफ़ लाए और हिंदुस्तान को इंसानियत का पैगाम से बेदार किया । इस मौके पर सैयद अकबर रजा नूरी, मौलाना उज्जैर अहमद अशरफी, मौलाना मुस्लिम अख्तर शिवानी, मौलाना शफीक अशरफी, इमरान अशरफी, आदि थे।

## को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से नहीं हो सका ढिबरा चुनने का काम शुरू

# खामियाजा भुगत रहा गरीब ढिबरा मजदूर : सीपीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने कहा है कि जेएसएमडीसी की शिथिलता और क्षमता विहीन ढांचे के कारण को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से ढिबरा चुनने का काम शुरू नहीं हो रहा है। इसका खामियाजा गरीब ढिबरा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। जेएसएमडीसी की अक्षमता का लाभ उठा कर ढिबरा का अवैध व्यापार फिर तेज हो गया है। उन्होंने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा के दौरान 17 जनवरी को मुख्यमंत्री के कोडरमा आने पर उन्हें खुश करने के लिए नई नियमावली के तहत ढिबरा के काम का उद्घाटन करवा लिया गया। सच्चाई तो यह है कि जेएसएमडीसी की कोई तैयारी नहीं है। न तो ढिबरा डंपो को चिन्हित करने का काम हुआ है और ना ही को-ऑपरेटिव सोसाइटियों के साथ कोई एग्रीमेंट हुआ है। हालत यह है कि रांची स्थित जेएसएमडीसी के रांची स्थित लंबे - चौड़े मुख्यालय भवन में ढिबरा पदाधिकारी अधिकारी के बैठने के लिए एक कमरा तक नहीं है। यह तो मुख्यमंत्री और क्षेत्र की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कृत्य है। उन्होंने जेएसएमडीसी के प्रबंध निदेशक सह खान निदेशक अमित कुमार को सुझाव दिया है कि ढिबरा प्रभारी अधिकारी का मुख्यालय रांची की बजाय कोडरमा रखने की व्यवस्था करें एंव अविलम्ब ढिबरा मजदूरों से खरीदी शुरु करवाएं। श्री सरकार ने ढिबरा प्रभारी अधिकारी की योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने तिलया में गांधी स्कूल रोड स्थित निगम की 27 एकड़ जमीन पर डीएल के आवेदन में डम्प के साथ फैक्टरी लगाने के प्रस्ताव दे डाला। फलतः वन विभाग ने आपत्ति लगा दी। जेएसएमडीसी की कारखाना लगाने की कोई योजना नहीं है। इस प्रकार प्रभारी पदाधिकारी की अज्ञानता के कारण डीएल आवेदन फीस के रूप में निगम को 37 हजार का चूना लग गया। ऐसे अयोग्य पदाधिकारी को ढिबरा प्रभारी की जिम्मेवारी देना मुख्यमंत्री और सरकार के इतने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के असफल होने की गारंटी है।

# लोकल बॉडीज इम्पलाईज फेडरेशन नगर पंचायत का सम्मेलन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड राज्य लोकल बॉडीज इम्पलाईज फेडरेशन नगर पंचायत कोडरमा का द्वितीय सम्मेलन कोडरमा कोर्ट परिसर में सियाराम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. सम्मेलन मे मुख्य वक्ता के रुप मे सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने अपने संबोधन मे बताया कि सरकार श्रम कानूनों का उल्लघंन कर अनुबंध, आऊटसोर्सिंग एंव दैनिक पारिश्रमिक मजदूर-कर्मचारियों का शोषण कर रही है. इस अवसर पर मजदूर-कर्मचारी संघ के जिला सचिव दिनेश रविदास ने अपने संबोधन मे बताया कि राज्य मे 2 लाख 50 हजार रिक्त पद है. सरकार इन पदों पर




स्थाई बहाली न कर अनुबंध एंव अऊटसोर्सिंग के नाम पर मजदूरों का शोषण कर रही है. सम्मेलन में 9 सदस्यी कमिटी का चुनाव किया गया जिसमे मुरारी मनोहर यादव अध्यक्ष, सन्नी कुमार सचिव, मनीष कुमार कोषाध्यक्ष, पवन कुमार उपाध्यक्ष, कन्हैया कुमार संयुक्त सचिव के अलावा कौशल कुमार, सूर्यकांत रजक, लिलो देवी एंव संजु देवी कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुने गये । सम्मेलन मे मुरारी मनोहर यादव, सियाराम, दीलीप राम, सौरभ कुमार दास, प्रमेश्वर कुमार यादव, बिनोद डोम, अशोक भुईयां, तुलसी दास, राजेश कुमार, मनीष कुमार, कौशल कुमार, अमर कुमार, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, हीरामण भुंईया, कन्हैया कुमार, राधेश्याम दास, पवन कुमार, दीपक रजक, सुनील कुमार, अनिल कुमार, छोटन भुंईया, रवि कुमार, सन्नी कुमार, मीना देवी, विक्की कुमार, टुनवा देवी, बबिता देवी, संजु देवी, मुन्नी देवी, लिलो देवी, अवधेश डोम, संजय रजक, सूर्यकांत रजक, अशोक भुंईया आदि मौजूद थे.

## जननायक स्व0 रीतलाल वर्मा की प्रतिमा अनावरण को लेकर बैठक

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के भरकट्टा बाजार में स्थित टी एस ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में रविवार को कुशवाहा संघ गिरिडीह के प्रखंड कमिटी की एक बैठक का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष मुकुंद मुरारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में जिलाध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद वर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद दिवाकर उपस्थित थे. इस बीच जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय रीतलाल वर्मा जन जन के नेता थे. कोडरमा लोकसभा की जनता ने उन्हें पांच पांच बार प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया था. उन्हीं के प्रयास से आज कोडरमा से गिरिडीह तक रेल लाइन का तोहफा मिला है. साथ हीं उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले श्री वर्मा जन जन के नेता है उनकी एक प्रतिमा अगर उनके गृह जिले में प्रतिस्थापित हो ये उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिसका प्रयास हमें जी जान से करना है और यह तभी संभव होगा जब उनके प्रतिमा अनावरण में हम अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे।

## इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को स्मार्ट ड्रीम एकेडमी रामा कॉम्प्लेक्स में रामदेव विश्वबंधु व धरणीधर प्रसाद की संयुक्त अध्यक्षता में इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन गिरिडीह की नई जिला इकाई का गठन राज्य सचिव प्रेमप्रकाश की उपस्थिति में किया गया। वही बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में धरणीधर प्रसाद तथा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में रामदेव विश्वबंधु, उपाध्यक्ष के रूप बैजनाथ बैजू प्रीति भास्कर, कोषाध्यक्ष के रूप में निशांत भास्कर तथा सचिव के रूप में महेश%अमन% का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आकाश लाल, अतुल लाभ, तरुण सिंह, आदित्य, प्रगति, रानी, रौनक, राहुल, ऋतु तथा परवेज़ शीतल का चयन किया गया। इसके उपरांत कलाकारों के द्वारा अम्बेडकर चौक पर महेश अमन लिखित व निर्देशित नुक्कड़ नाटक पैसा का सफल मंचन किया जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।लोगों ने कहा कि होता तो यही है पर मानते कौन हैं।

## भाजयुमों द्वारा एक बूथ बिस यूथ कार्यक्रम का शुरुआत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा का गिरिडीह जिला के चार मंडलो में बैठक सदर प्रखंड के उदनाबाद पंचायत भवन में किया गया ।जिसमे प्रदेश के महामंत्री रूपेश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित हुए साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मन की बात को भी सुना गया और उसके बाद गिरिडीह नगर कार्यालय स्टेशन रोड में गिरिडीह नगर और गिरिडीह मध्य मंडल का बैठक हुआ। साथ ही पीरटांड़ के पालगंज पंचायत में एक बूथ बिस यूथ के कार्यक्रम का शुरुआत किया गया । जिसमे सभी बिस कार्यकर्ता को माला और गमछा दे कर सम्मानित किया गया ।मौके पर भाजयुमो ज़िला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय, नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता जिला महामंत्री मिथुन चंद्रवंशी, संभू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह, सौरव सिन्हा, बबलू आलोक सिंह, गौरव विश्वकर्मा, अमित, राजेश सहित कई कार्यकर्ता थे।

## दीक्षा महिला मंडल समिति का दो दिवसीय आनंद मेला का हुआ उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयला नगर नेहरू कंपलेक्स में दीक्षा मंडल बीसीसीएल के द्वारा दो दिवसीय आनंद मेंला का किया शुभारम्भ जिसका उद्घाटन धनबाद सांसद पी एन सिंह तथा दीक्षा महिला मंडल के अध्यक्ष मिली दत्ता के द्वारा किया गया। इस मेले में लगभग 65 स्टॉल लगाया गया। साथ ही स्मारिका पुस्तक का विमोचन किया गया है।जिसमें विशेष बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से दीक्षा महिला मंडल के द्वारा जो समाज में अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा यहां पर स्टॉल संचालित की जा रही है। यहाँ पर सभी स्टॉल काफी सुन्दर और अच्छे तरीके से सजाया गया है। आज के कई क्षेत्रों में महिलाएं काफी आगे बढ़ चुकी है। महिला सशक्तिकरण महिलाओं के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल के द्वारा आनंद मेला का आयोजित करने का निर्णय का महिलाओं ने स्वागत किया।

## समिति के स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिनीडीह समुदायिक भवन में अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति की एक बैठक हुई , बैठक की अध्यक्षता बाउरी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी ने किया । गौर चन्द बाउरी ने कहा कि 2 फरवारी को चिरकुण्डा नगर परिषद टाउन हॉल में अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के 21वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें माननीय अमर कुमार बाउरी पूर्व मंत्री चंदनकियारी विधायक सह अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के संरक्षक मुख्य अतिथि होंगे पश्चिम बंगाल के तीन विधायक रघुनाथपुर विधानसभा के विधायक विवेकानन्द बाउरी, पाडा विधायक नदिया चन्द बाउरी, सालतोडा विधायिका चंदना बाउरी एवं चिरकुण्डा नगर परिषद चेयरमैन डब्लू बाउरी शामिल होंगे।

## कुंजी में मदरसे की ढलाई में मुहल्ले के महिला पुरुष और बच्चों ने किया श्रमदान

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंजुमन रजा ए मुस्तफा तेलमोचो व कुँजी बस्ती में इमाम अहमद रजा मदरसा का श्रमदान कर लोगों ने मदरसा छत की ढलाई ढलाई किया। कुँजी बस्ती में मदिना मस्जिद के सामने स्थित मदरसा इमाम अहमद रजा मदरसा की छत की ढलाई को महिला पुरुष बच्चो ने श्रमदान कर किया। मदरसे की ढलाई में मुहल्ले के लोगो के अलावा हज़ारो की संख्या में बाहर से आए लोगो ने भी श्रमदान कर ढलाई का कार्य पूर्ण किया।

## रॉयल क्लब मछियारा द्वारा पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के मछियारा खेल मैदान में



आज रविवार को पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन टुंडी उपप्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि मछियारा मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेंब्रम की संयुक्त उपस्थिति में फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। बताया जाता है कि मैच का आज पहला दिन था इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया पहला मैच विशनपुर और जामताड़ा के बीच खेला गया । इस मौके पर समाजसेवी मुस्ताक अंसारी,छोटू अंसारी,सहादत अंसारी, उद्घोषक बजरंगी गुप्ता, जयदेव टुडू, अशोक टुडू, सहित कई खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# हाजरा अस्पताल अग्निकांड की जांच करने पहुंची फॉरेंसिक टीम, हॉस्पिटल परिसर किया सील





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हाजरा मेमोरियल हॉस्पिटल में आगजनी की घटना में डॉक्टर दंपती समेत पांच की मौत के मामले में रांची से फॉरेंसिक टीम जांच के लिए अस्पताल पहुंची है। फॉरेंसिक टीम ने कार्रवाही शुरू कर दी है।

टीम के सदस्य पूरे अस्पताल परिसर और अगलगी होने वाले क्षेत्र की वीडियोग्राफी कर रहे हैं।

फॉरेंसिक टीम के सदस्य हर जगह से विभिन्न प्रकार के सैंपल एकत्रित कर रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने डॉक्टर दंपती के बेडरूम में भी जांच की है। यहां पर किस हालत में डॉक्टर दंपती और उनके रिश्तेदार की जान गई, इसकी पड़ताल शुरू की गई है।

टीम इस दौरान आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। आग अस्पताल और डॉक्टर के आवास के बीच के गलियारे में लगी थी। यहां स्टोर रूम और सीसीटीवी का सर्वर रूम था। बिजली का जंक्शन भी इसी स्थान पर था।

इस जगह से सैंपल एकत्रित किया जा रहा है। जले हुए कपड़े, जले हुए कागज समेत अन्य चीजों के भी सैंपल लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही अस्पताल में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ शुरू कर दी गई।

अस्पताल में ड्यूटी के दौरान जितने भी कर्मचारी सेवा दे रहे थे, सभी से बारी-बारी पूछताछ की जाएगी।

### पूरे अस्पताल परिसर को किया गया सील

–फॉरेंसिक टीम ने आते ही पूरे अस्पताल परिसर को सील कर दिया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अस्पताल परिसर में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंची हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो अब पूरी तरह से जांच होने के बाद ही कारणों और घटना की जानकारी मिल पाएगी। बता दें कि आरसी हाजरा मेमोरियल अस्पताल के डॉक्टर विकास हाजरा और प्रेमा हाजरा सहित पांच लोगों की शुक्रवार रात आगजनी में मौत हो गई। इस हादसे में डॉक्टर दंपती के रिश्तेदार की भी मौत हुई है। डॉक्टर दंपती और उनके रिश्तेदार का अंतिम संस्कार रविवार को बस्ताकोला के श्मशाम घाट में किया गया। डॉक्टर दंपती के अंतिम दर्शन के लिए उनका शव अस्पताल परिसर में बने घर में रखा गया। अस्पताल परिसर से एक साथ तीन अर्थियां निकली तो माहौल गमगमीन हो गया।

## डॉक्टर दंपती की शव यात्रा में उमड़े लोग नम आंखों से दी अंतिम विदाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के हाजरा हॉस्पिटल अग्निकांड में मृत डॉ विकास हाजरा, उनकी पत्नी प्रेमा हाजरा व भांजा का शव टेलीफोन एक्सचेंज रोड बैंक मोड़ आरसी हाजरा हॉस्पिटल में ऱखा गया. रविवार 29 जनवरी को 11¬30 बजे डॉक्टर दंपती समेत 3 शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय पूरा माहौल गमगीन हो गया. आवास में अंतिम विदाई के लिए जुटे लोगों की आंखें भरी हुई थी, जबकि परिजन की रुलाई से पूरा परिसर गम में डूब गया. बेटी प्रेरणा हाजरा, बेटा आयुष हाजरा मायूसी व डबडबाई आंखों से माता पिता के शव को एक टक देखे जा रहे थे. इस दृश्य को देख वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गई. इसी गमगीन माहौल में शव यात्रा शुरू हुई, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ शहर के नामचीन डॉक्टर व भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. डॉक्टर दंपती की पुत्री प्रेरणा हाजरा नेपाल में रह कर पढ़ाई करती है. हादसे की खबर सुनकर वह धनबाद पहुंची और मृत माता-पिता को देख कुछ देर के लिए अपना मानसिक संतुलन खो बैठी. रोती हुई प्रेरणा बार-बार कह रही थी कि उनके माता-पिता को मारा गया है. इस कांड के पीछे कोई साजिश है. अग्निकांड में मृत कुत्ते के शव के पास भी प्रेरणा काफी देर तक रोती रही. डॉ विकास हाजरा, डॉक्टर प्रेमा हाजरा तथा भांजा सोहम खमारू की शव यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे. इधर फॉरेंसिक टीम भी अपनी जांच में जुटी रही. शवों को अंतिम संस्कार के लिए झरिया गोशाला ले जाने के बाद भी टीम अग्निकांड की जांच करती रही. हालांकि टीम ने मीडिया के सामने *कुछ भी खुलासा करने से इनकार कर दिया..* अपने प्रिय साथी की शव यात्रा में शहर के कई डॉक्टर भी शामिल हुए. समाजसेवी विजय झा अपनी पत्नी डॉक्टर शिवानी झा के साथ शव यात्रा में चलते दिखे. आई एम ए के अध्यक्ष डॉ ए के सिंह, डॉ निर्मल ड्रोलिया, डॉ निखिल ड्रोलिया, डॉ एन एम दास, डॉ अर्पिता दास, डॉ मेजर चंदन, डॉ सुशील कुमार, डॉ केसी चांद, डॉ मंजीत सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, रोटरी क्लब के मेंबर शव यात्रा में शामिल हुए. बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह भी दल बल के साथ चल रहे थे। इस घटना के बारे में हर तरफ चर्चा हो रही है. कोई इसे विधि का विधान बता रहा है तो किसी को साजिश की बू आ रही है. इसके अलावा अगलगी में मृत डॉक्टर दंपती के शील-स्वभाव के बारे में भी लोग चर्चा कर रहे हैं. शुक्रवार 27 जनवरी की देर रात 2:20 बजे अचानक हाजरा हॉस्पिटल आग की लपटों में घिर गया. इस बड़े हादसे में डॉ विकास हाजरा, डॉक्टर प्रेमा, रिश्तेदार, नौकरानी तारा देवी व पालतू कुत्ते की मौत दम घुटने से हो गई।

## निचितपुर अस्पताल : शोक सभा कर हाजरा दंपति सहित अन्य मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** धनबाद सीसी हाजरा मेमोरियल अस्पताल धनबाद मैं घटित हृदय विदारक घटना जिसमें धनबाद के प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विकास हाजरा एवं डॉ प्रेमा हजरा सहित तीन अन्य लोगों के दुखद अंत के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए निचीतपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सभी चिकित्सक गण सभी चिकित्सा



कर्मी एवं लायंस क्लब ऑफ कतरास के कई पदाधिकारी गण उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।जिसमें निचीतपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से मुख्य रूप से डॉ उमाशंकर डॉ रूद्रेश डॉ स्वतंत्र कुमार कृष्ण कन्हैया राय हीरा प्रसाद कर्ण विभूति सिंह तथा अनेकों चिकित्सा कर्मी और लायंस क्लब ऑफ कतरास के कई पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे।

## जब तक जिन्दा हूँ, इंसानियत धर्म निभाता रहूँगा : सोहराब खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रेलवे स्टेशन का दक्षिण छोर,अंडर-पास सब-वे के समीप लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात लावारिश युवक का शव पड़ा मिला। स्थानिय लोगों ने बैंक मोड़ थाना को इसकी सूचना दी और बैंक मोड़ थाना के अफ़सर राजीव रंजन मिश्रा द्वारा मौके पर पहुँच कर स्थानिय लोगों से पूछताछ करने के बाद लावारिश अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए पुराना बाज़ार चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान से सम्पर्क किया गया।



बैंक मोड़ थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर कागज़ी कारवाई पूरी होने एवं शव के धर्मिक शिनाख्त के बाद,बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रमोद सिंह के आग्रह पर पुराना बाज़ार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व-अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान एवं उनके सहयोगी मित्रों नौजवान कमिटी,पुराना बाज़ार के हाज़ी इमरान अली,अफ़रोज़ खान के द्वारा मृतक को पूरे सम्मान एवं हिन्दू धार्मिक रीति रिवाज के साथ मटकुरिया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताते चले की कोयलांचल में सोहराब खान लावारिश लाशों के उसके धार्मिक पहचान के साथ पूरी रीति-रिवाज़ से अंतिम संस्कार करने लिए और अपने सामाजिक कार्यो के लिए जाने जाते हैं, सोहराब खान अपने सहयोगियों के साथ अब तक करीब 188 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार कर चुके है। पूछने पर सोहराब खान कहते है ÷जिसका कोई नही,उसका तो बस खुदा है यारों÷ और वही खुदा,ईश्वर के द्वारा हमें ऐसे नेक कामों के लिए चुन लिया जाता है और मैं बस एक कोशिश करता हूँ,अपने हिस्से की इंसानियत अदा करने की। सोहराब ने कहा इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नही जब तक ज़िन्दा हूँ इंसानियत धर्म निभाता रहूँगा।

## सिंचाई के लिए जेएसएलपीएस द्वारा लगाया गया मोटर की हुई चोरी

### अज्ञात चोरो के खिलाप किसान ने थाने में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत हथबोर के दक्षिण दिशा में स्थित धमना नदी में सिचाई के लिए जे एस एल पि एस समूह द्वारा 65000 हजार की लागत से लगाए गए सौर ऊर्जा से संचालित मोटर को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई। मोटर चोरी की घटना को लेकर थाने में आवेदन देकर जाँच कर करवाई की मांग की है। दो साल पूर्व लगाए गए इस मोटर से कई किसानो का करीब आठ से दस अकड़ खेती सिचाई होती थी जिससे किसान अपनी आजीविका चलते थे।

आवेदन के आधार पर सुजीत कुमार वर्मा की बारी थी सिचाई करने की जब खेत पंहुचा तो पाया की मोटर चोरी हो गया था खिड़की और दरवाजा खुला था। मोटर चोरी होने से किसानो की फसल बर्बाद हो रहा है जो चिंता का विषय है।

## तय कार्यक्रम के अनुसार होगा स्वर्गीय रीतलाल प्रसाद का प्रतिमा अनावरण, प्रशासन से मिली स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बीते कुछ दिन पूर्व गिरिडीह शहर के डीडीसी कार्यालय के समीप कुशवाहा समाज की ओर से स्वर्गीय रीतलाल प्रसाद वर्मा के प्रतिमा निर्माण स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य को प्रशासन ने रोक लगा दी थी. यह कार्वाई सदर एसडीओ विशालदीप खलखो के नेतृत्व में की गयी थी. इधर, निर्माण कार्य पर रोक लगाने के बाद काफी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग मौके पर पहुंच गए और जेसीबी को रोक दिया था। वही रविवार को कुशवाहा संघ के अध्यक्ष इन्द्रनारायण प्रसाद वर्मा ने मीडिया को बताया की रीतलाल वर्मा चौक पर जो आदमकद प्रतिमा लगने वाली थी जिसमें कुछ प्रशासनिक व्यवधान था,जिसे हमलोगो ने कानून प्रक्रिया के तहत रोक दिया था। जिसके बाद उपायुक्त, एसडीओ, उपमहापौर प्रकाश सेठ, पूर्व गांडेय विधायक प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा, समेत राजनितिक व प्रशासनिक के लोगों द्वारा बैठ कर मामले को सुलझाया गया और यह निश्चय किया गया कि 1 फरवरी को तय कार्यक्रम के अनुसार स्वर्गीय रीतलाल प्रसाद वर्मा की प्रतिमा अनावरण की जाएगी ।

## तैलिक साहू समाज की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया स्थित राजदाह धाम परिषर में रविवार को तैलिक साहू समाज के जिला कार्यसमिति का बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बाल गोविन्द साहू ने किया जिसमें मुख्य रूप से जिला कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे बैठक के दौरान लोगों ने समाजिक एकता व एकरूपता तथा दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसे व्याप्त कुप्रथा, राजनितिक हिस्सेदारी को लेकर चर्चा की गयी, वहीं लोगों ने तैलिक समाज के अलावे समाज के अन्य जातियों के जरूरतमंदों के बीच योगदान करने का निर्णय लिया बैठक मे गिरिडीह जिला से आए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उमा चरण साहू, जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू, उपाध्यक्ष



संजय साहू एवं श्यामसुंदर साह, जिला संगठन सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, बुधन साव, बलदेव नायक, सुबोध साहू, जिला सचिव धर्म प्रकाश एवं जिला सचिव कोषाध्यक्ष दीपक कुमार एवं शिव कुमार गुप्ता,सरिया प्रखंड से अध्यक्ष धनेश्वर साव जिला सचिव टिंकू साव, संदीप कुमार [पुरनीडीह], दशरथ साव,भोला साव, दीपक साव, निशु साव, सलेश साव, कोषाध्यक्ष संजय साहू, मीडिया प्रभारी प्रदीप साह, बुधन प्रसाद साहू, विजय नायक, राजेंद्र नायक, बालेश्वर साव, पिंटू कुमार साव, शुभम साहू, हरिहर साव, मिंटू, विजय, वेदो साव, जोगेंद्र साव, सुखदेव साहू, छोटू साहू, विनोद साव, रामजी प्रसाद, सुरेश प्रसाद साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## द राढ़ महोत्सव सफल आयोजन के लिए बैठक, आईपीएल फेम प्रभात महतो की टीम अपना जलवा बिखेरेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बगोदर प्रखंड अंतर्गत घाघरा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें द राढ़ महोत्सव 2023 की तैयारी और सफल आयोजन के लिए विचार विमर्श किया गया, बैठक की अध्यक्षता शशि कुमार महतो एवं संचालन छोटन प्रसाद छात्र द्वारा किया गया, आगामी 11 मार्च को घाघरा में द राढ़ महोत्सव होना है। सफल आयोजन हेतु प्रखंड कमिटी और ग्राम कमेटी का गठन किया गया।महोत्सव में आईपीएल फेम प्रभात महतो की टीम जो हाल ही गणतंत्र दिवस में अपना परफॉर्म कर चुके है उनकी टीम द्वारा छौऊ नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा जो बगोदर की धरती में पहली बार होगा साथ ही हाल ही में राष्ट्रीय पुरस्कार से चयनित बिनोद महतो की धूम दिखने को मिलेगा। युद्धशैली नटुआ नृत्य के तीन फॉर्म पुरुलिया शैली का नटुआ,दक्षिणी छोटानागपुर का पाइका और उत्तरी छोटानागपुर का नटुआ शैली मुख्य होगा।

## सरिया में बरनवाल समाज द्वारा मनाया गया अहिवरण जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** रविवार को सरिया में वर्णवाल समाज के द्वारा अहिवरण जयंती सह परिवार मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसकी शुरुआत वर्णवाल समाज के सैकड़ों लोगों के द्वारा महाराजा अहिवरण के चित्र के साथ नगर भ्रमण कर किया गया. पश्चात सरिया के नेता जी चौक के समीप एक मंच के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्वागत गीत गणेश वंदना के साथ की गई.जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अवर सचिव सुनील बर्णवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज कुमार, जिला अध्यक्ष लखन लाल वर्णवाल, प्रदेश मंत्री परमेश्वर मोदी एवं कई विशिष्ट अतिथि शामिल रहे.समाज के बच्चे- बच्चियों द्वारा कृष्ण सुदामा पर आधारित नाटक, गीत-संगीत एवं रिकॉर्डिंग डांस सहित समाज को एक नई संदेश देने वाले आधारित कार्यक्रम



प्रस्तुत किए गए. अपने संबोधन में मुख्य अतिथियों ने कहा कि आज बर्णवाल समाज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो या चिकित्सा, बैंक, सिविल सर्विस एवं व्यवसाय तथा राजनीतिक क्षेत्र में भी अपना हम योगदान दे रहे हैं. समाज के अन्य लोगों से इस प्रकार सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं आपसी एकजुटता को इसी प्रकार बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

## टुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष को ग्रामीणों ने बनाया बंधक, टुंडी पुलिस की हस्तक्षेप के बाद हुए मुक्त





**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड झा.मु.मो.के नवमनोनीत अध्यक्ष लोलिन बास्की एवं उनके सलाहकार नित्यानंद पाण्डेय को ग्रामीणों ने बहुत देर तक बंधक बनाए रखा। प्राप्त समाचार के अनुसार झा.मु.मो.का 4 फरवरी को स्थापना दिवस समारोह को लेकर गोविंदपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग पर चंदा उगाही करने को लेकर अध्यक्ष एवं ग्रामीणों में आपसी विवाद को लेकर हुआ जो कि गुस्से में आकर ग्रामीणों ने अध्यक्ष को घंटों बंधक बनाए रखा सूचना मिलने पर टुंडी थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह मौके पर पहुंचकर लिखित माफीनामा आवेदन पर उक्त लोगों को छोड़ा गया।

# देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर, देश बिकने की कगार पर आ खड़ी है : सुखैर भगत

➲भाजपा का अंतिम समय आ चुका है अब जाने की तैयारी कर लें : निशित जयसवाल
➲भाजपा समाज को तोड़ने का काम कर रही है : अजय शहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार सेन्हा प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन ग्राम भड़गाँव मेला मैदान से प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सेन्हा चौक में सभा कर संपन्न हुई। पदयात्रा का नेतृत्व सामूहिक रूप जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव अजय सहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल जी कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत समाज सेवी, रोजाउद्दीन अंसारी, दुर्गा साहू, शिवराज यादव, कुंडो उरांव, कादिर अंसारी एवं रामदयाल राम को माला एवं पगड़ी बांध कर सम्मानित कर पदयात्रा सुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते सुखैर भगत ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंडों,पंचायतों एवं गांवों का भ्रमण करते हुए आज सेन्हा प्रखण्ड मुख्यालय में समाप्त हो रहा है। भारत जोड़ो पदयात्रा मे लोहरदगा के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी समाज के सभी समुदाय का स्नेह और प्यार मिला। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी सभी के प्रति आभार प्रकट करता है। आज समाज में एक दूसरे के खिलाफ नफरत फैलाया जा रहा है। युवाओं और महिलाओं को दिग्भ्रमित करने का प्रयास हो रहा है। आज देश में बेरोजगारी,और महंगाई चरम पर है। लोग रोजगार के लिए दर दर भटक रहे हैं। जिन लोगों ने दो करोड़ रोजगार देने का गारंटी लिए थे आज मूंह फेर रहे हैं। देश बिकने के कगार पर आ गई है। लोगों को सतर्क रहना होगा बहकावे में ना आए। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव अजय सहदेव ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी, और महंगाई चरम पर। इनकी कथनी और करनी में भरी अंतर है। जिसे वादे के साथ मोदी जी सता में आए। आज तक कोई वादा पूरा नहीं कर सके। दूसरी ओर धर्म के आड़ में लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा के लोग महंगाई, बेरोजगारी? और किसानों के मुद्दों पर खामोश हैं उन्हें आगे आकर देश के बेरोजगार नौजवानों को जवाब देना होगा। नहीं तो देश कभी माफ नहीं करेगा। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा से देश जुड़ गया है हर समाज का सहयोग और समर्थन राहुल गांधी को मिल रहा है। आने वाले समय में राहुल गांधी की पदयात्रा मिसाल बन कर लोगों प्रेरित करते रहेगी। फिरका परस्त ताकतें कभी सफल नहीं होंगी। यह देश सभी का है विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल ने कहा कि आने वाला समय राहुल गांधी जी का है। अब देश के युवा पीढ़ी और महिलाए समझ गई है भाजपा के मुगालते में कभी नहीं आयेंगे। भाजपा का अंतिम समय आ चुका है। अब जाने की तैयारी कर लें। पदयात्रा में मुख्य रूप शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, विशाल डुंगडुंग, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, सुभम सहदेव, राहुल कुमार माली, राजेश लाल, कुडू प्रखण्ड अध्यक्ष तनवीर गौहर, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, लोहरदगा प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, पेशरार प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार,किस्को प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष समुल अंसारी, सेन्हा प्रखण्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनाथ साहू, नंदकिशोर शुक्ला, उप प्रमुख पॉल पन्ना, अनिल उरांव, आद्रा उरांव, रुस्तम अंसारी, फिरोज अंसारी, प्रकाश उरांव, महिला कांग्रेस की संतोषी उरांव, सुखी उरांव, सनियारो उरांव, पूजा कुमारी, मुन्नी देवी, गुलाम सरवर, फिरोज अंसारी, अली हसन अंसारी, सौकत अंसारी, जफर इमाम, शेख सादिक, दानिश अंसारी, जयमंत कुजूर, कबीर अंसारी, मनीष कुजूर, नसीम अंसारी, जीतराम उरांव, जोगेंद्र उरांव, दुखिया उरांव, सफीक अंसारी, सगीर अंसारी, हाफिज अंसारी, सुदामा उरांव, आफाक अंसारी, तजमुल अंसारी, रकीब अंसारी, मिन्हाज अंसारी, इरफान अंसारी, बाबर अंसारी आदि काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## आवारा कुत्तों का आतंक से गरीब बकरी पालक किसान को हुआ आर्थिक नुकसान



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के पारही डांडीटोली में आवारा कुत्ता का आतंक एक ही परिवार के पांच बकरी पर किया हमला गरीब किसान मुखिया व बीडीओ को अवगत कराते हुए आर्थिक सहयोग का गुहार लगाया है। बताया नाता है की पारही डांडीटोली में आवारा कुत्तों का झुंड ने आतंक मचा रखा है। वही आवारा कुत्तों का आतंक से एक ही गरीब किसान का पांच बकरी को मौत का घाट उतार दिया। घटना के उपरांत पीड़ित किसान जतन चिक बड़ाइक ने पंचायत मुखिया अनिल उराँव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को अवगत कराते हुए आर्थिक सहयोग का गुहार लगाया है। वही मुखिया अनिल उराँव ने कहा की आवारा कुत्तों का झुंड ने बकरी पर हमला कर पांच बकरी को मार दिया जिससे गरीब किसान को काफी आर्थिक क्षति हुआ है। उन्होंने कहा किसान जतन चिक बड़ाईक बकरी पालन कर जीविकोपार्जन चलता था। परतुं एक साथ पांच बकरी के मौत होने से लगभग 30 से 40 हजार का आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बताते हुए कहा कि इस घटना को लेकर विभाग को अवगत कराया गया है। वहीं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष भीखराम भगत पारही डांडी टोली पहुंच बकरी पालक किसान चिक बड़ाइक से मुलाकात कर जायजा लेते हुए सरकारी लाभ मुहैया करवाने का आश्वासन दिया।

## पोस्टमॉर्टम करवाने में विधायक कोलेबिरा के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि ने किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाने में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देशानुसार ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने सहयोग किया। आपको बता दें कि कल दिन बृहस्पतिवार को कुरडेग रोड पर ठेठईटांगर निवासी मृतक रोहित केरकेट्टा का रोड एक्सीडेंट हो गया था जिनका घटनास्थल पर ही मौत हो गया पोस्टमार्टम कराने में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम विधायक प्रतिनिधि कारू सहयोग किया। साथी विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि सरकार के तरफ से जो भी सहयोग मृतक को मिलता है उनको दिलाने में पूरा सहयोग किया जाएगा और घर वालों को शाश्वत रखने के लिए हौसला दिया साथ ही इस दुख भरी में हर संभव मदद करने के लिए आश्वासन भी दिया। मौके पर मौजूद कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता अब्दुल वाहिद, मृतक के परिजन उपस्थित थे।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक वीरूगढ़ में सम्पन्न हुई, चुनावी मुद्दों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक वीरू राजा साहब के आवास में जिला अध्यक्ष श्री लक्ष्मण बड़ाईक जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन मजबूती को लेकर विशेष चर्चा एवं रणनीति तय किया गया किया गया प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में डाटा प्रबंधन, मन की बात, बुध समिति का गठन, शक्ति केंद्र का मजबूती सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं संगठन को और भी सशक्त बनाने पर जोर दिया गया बैठक में सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के प्रभारियों से मंडल में आ गए समस्याओं एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया साथ साथ 15 फरवरी तक सभी मंडलों में मंडल का समिति का बैठक संपन्न करा लेने का निर्देश दिया गया एवं सभी मंडलों का तिथि भी तय कर दिया गया इस बैठक में मुख्य रूप से मन की बात के प्रभारी विनय लाल सांसद जिला प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव पूर्व मंत्री विमला प्रधान पूर्व विधायक निर्मल बेसरा जिला महामंत्री दीपक पुरी जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू जिला कोषाध्यक्ष अनु प्रसाद पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू संजय ठाकुर पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष,महामंत्री सभी मातृशक्ति पार्टी के सभी गार्जियन जस्टिस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## नववर्ष विक्रम संवत को लेकर समिति की हुई बैठक, ऐतिहासिक होगा शोभायात्रा : राजीव रंजन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्री राम समिति की जिला स्तरीय बैठक राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में जिला अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गई बैठक में नववर्ष विक्रम संवत को लेकर विशेष चर्चा हुई जिसमें सभी संरक्षक एवं पदाधिकारियों ने अपना अपना विचार दिए समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा इस बार अत्याधिक भीड़ होने के कारण आयोजित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए ललित नारायण स्टेडियम से शोभा यात्रा निकाला जाएगा जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः स्टेडियम में पहुंचेंगे। जिला अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष पर जय श्रीराम समिति के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो ऐतिहासिक होगी शोभायात्रा के तत्पश्चात भव्य भंडारे एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं चना पानी शरबत की विशेष व्यवस्था की जाएगी बैठक के पश्चात सभी पदाधिकारियों को नववर्ष की तैयारी जोर जोर से करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला संरक्षक, जिला पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीएम की मन की बात में स्थानीय उत्पाद पर पीएम ने की चर्चा : सूरज मोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का 97 वें एपिसोड की लाईव प्रसारण रेडियो, टीवी व मोबाईल पर भाजपायीयों एवं आम लोगो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथो मे सुनी गई। बूथ संख्या 168 पर सुनते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि पीएम ने अपने 97 वें एपिसोड मे आत्म निर्भर भारत के लिये स्थानीय उत्पाद पर बल दिया है। पीएम ने प्रफेल फेस्ट को लेकर दिव्यांग जनो के कल्याण,मोटे अनाज की पैदवार उपज की वृद्धि,टूरिज्म के क्षेत्र में गोवा की चर्चा, के साथ साथ योग को फिटनेस जीवन की हिस्सा बताया। पीएम ने अपने 97 एपिसोड मे लोगो के समाजिक दैनिक जीवन चर्या के बिषय बिन्दु पर भी चर्चा करते हुए भारतीय लोकतंत्र को दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र बताया। मौके पर अपने बूथ मे भाजपा जिला कार्यसमिति सद्स्य राजेन्द्र महतो, विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेश सोनी, गोविंद महतो, पंकज साहू, राजेश सोनी, विष्णु कुमार, इत्यादि लोगो ने भी अपने अपने बूथ पर पीएम मन की बात कार्यक्रम का लाईव सुना।

## वन अधिकार कानून के तहत ग्राम सभा बैठक का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गरजा पंचायत अंतर्गत गरजा राजस्व ग्राम में वन अधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अपलुस एक्का ने किया। इस अवसर पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।अब हमारे लोगों को कानून की जानकारी रखना होगा और अपने अधिकारों को बढ़ चढ़ कर लेना होगा। जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया हुआ विरासत है इसे हमें हर हाल में बचाकर रखना होगा चूँकि जंगल हमारी आजीविका के साथ साथ संस्कृति भी है।पृथ्वी और पानी को बचाने के लिए जंगलों को रहना जरूरी है इसलिए पेडों की कटाई को रोकना कटाई को रोकना होगा।आगे यह भी कहा कि वन पट्टा अभी तक सरकार द्वारा निर्गत नहीं करना यह बहुत बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसा लगता है कि यहाँ के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखने की मानसिकता को दर्शाता है। ग्राम सभा की अधिसूचना बोर्ड गड़ी हमारे अधिकार के क्षेत्रों को उपयोग, सरंक्षण एवं प्रबंधन करने का अधिकार प्राप्त है।इसलिए अपने क्षेत्रों में बोर्ड गड़ी कार्यक्रम किया जाता है। कभी कभी देखा जाता है है कि कुछ दलाल किस्म के लोगों के द्वारा गाँव की एकता को अपने स्वार्थ के लिए तोड़ने का प्रयास किया जाता है इससे बचना होगा और अपने एकता बरकरार रखना होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिल डुंगडुंग, सुधीर बाड़ा, सामुएल बाड़ा, बिलासी देवी, एतवारी देवी, चपु प्रधान, मार्टिन टोप्पो, लीलावती देवी, जसवंती देवी, पुनी देवी, सुखमनी देवी, गुड्डी देवी, संगीता देवी, ग्लोरिया किड़ो, अनिता देवी, बंधु लोहरा, तोबियस बारला मरथा तिर्की, मंगरु लोहरा, गोपाल प्रधान, जोनो प्रधान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## 1 फरवरी को होगा पवनसुत श्री हनुमान मंदिर निर्माण का भूमि पूजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के फूलचंद अग्रवाल कालोनी राजा बंगला जुरिया रोड में आगामी एक फरवरी को पवनसुत श्री हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया जाएगा। इसकी जानकारी विवेक अग्रवाल ने दी। उन्होने बताया कि पवनसुत श्री हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन एक फरवरी 2023 को होगा। जिसमें भूमि पूजन का शुभ मुहूर्त अपराह्न 3:00 बजे है। भूमि पूजन उपरांत भंडारे का भी आयोजन होगा। भूमि पूजन को लेकर मंदिर निर्माण समिति ने सभी सदस्यों से बढ़-चढ़कर इस विधान में हिस्सा लेने और सहयोग की अपील की है। भूमि पूजन को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। सभी लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की गई है।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में आज लगातार 32 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। सचिव जयप्रकाश शर्मा एवं डॉक्टर कुमुद अग्रवाल ने भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए?। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवा कर लाभान्वित हुए। सचिव जयप्रकाश शर्मा डॉक्टर कुमुद अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा के कार्य से बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर काफी संतुष्ट है, और अपनी बीमारी की जानकारी प्राप्त कर बीमारी का समय रहते इलाज कराकर स्वस्थ हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने बताया कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी,दर्द आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में डॉ कुमुद अग्रवाल,सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी, रमेश शर्मा, आसिफ कुरेशी, विश्वनाथ प्रसाद, उत्तम कुमार, सुबोध प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, सिद्धनाथ प्रसाद, अतुल सर्राफ, शिमला देवी, सुबोध महतो, अंजलि सराफ, रामजतन साहू, रूपेश चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, संजय अग्रवाल, सीमा देवी, शारदा देवी, सुंदर देवी, अजय पोद्दार, अशोक अग्रवाल, प्रभा देवी, अमर पोद्दार, रूपेश कुमार, सत्यम सराफ, मनीष कुमार आदि थे।

**21 वीं स्व0 विशफ जोसेफ मिंज मेमोरियल धर्मप्रांतीय बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता का हुआ फाइनल**

## हॉकी हमें एक साथ एकजुट होकर खेलना और एक दूसरे के सहयोग का महत्व सिखाता है : कोलेबिरा विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटाँगर :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत रेंगारीह में 21वी स्व0 विशफ जोसेफ मिंज मेमोरियल धर्मप्रांतीय बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी। फाइनल मैच कुरडेग और रेंगारीह के बीच खेला गया जिसमे कुरडेग 3-0 जीत हासिल किया मौके पर एक से बढ़कर एक संस्कृति नाच गान प्रस्तुत किया गया। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हॉकी बहुत ही अच्छा खेल है और विद्यार्थियों के द्वारा सबसे अधिक पसंद किया जाता है। हॉकी के लिए दूसरा स्वर्णकाल लाने के लिए, इसे कॉलेज और स्कूलों में विद्यार्थियों को नियमित भागीदारी के द्वारा बढ़ावा दिया जाना चाहिए। योग्य बच्चों को स्कूली स्तर से ही हॉकी को सही तरीके से खेलना सिखाना चाहिए। हॉकी भारत में बहुत महत्वपूर्ण खेल है क्योंकि भारत को हॉकी के क्षेत्र में कई वर्षों तक विश्व विजेता बनाया है, इसलिए इसे भारत के राष्ट्रीय खेल के रुप में चुना गया है। इस खेल का इतिहास बड़ा और महान है, क्योंकि यह बुद्धिमान खिलाड़ियों द्वारा भारत की जड़ों में गहराई तक समाया हुआ है। हॉकी के खेल को बड़े और छोटे बच्चे समान रूप से खेलना पसंद करते है। हॉकी हमें एक साथ एकजुट होकर खेलना और एक दूसरे के सहयोग का महत्व सिखाता है। हॉकी खेल को खेलने के लिए कड़ी परिश्रम की ज़रूरत होती है। हॉकी खेल इतना प्रसिद्ध हो गया कि पूरे दुनिया में हॉकी खेल को खेला जाने लगा। साथ ही हमारे झारखण्ड के भी बहुत ही महत्वपूर्ण खेल है और हमारे क्षेत्र का हॉकी से एक पहचान भी बना है आज हमारे जिला को हॉकी के नर्सरी भी कहा जाता है। मे आप सभी खिलाडियों से बस इतना ही कहता हूं कि आप लोग भी एक अच्छा पहचान बनाए खेल कर बाकी आप लोग का भी नाम लेने में मुझे गर्व महसूस हो। साथ ही विधायक के हाथ से प्राइज का भी वितरण किया गया। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, कांग्रेस पार्टी के सचिव प्रिंस कुमार, मियूस डुंगडुंग, फा0 दमासियुस खेस, फा0 देवस्वरूप राजन मिंज, जेवियर सोरेंग, इदरिस अली, रेंगारीह उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### रामगढ़ उपचुनाव के लिए अब तक यूपीए और एनडीए ने घोषित नहीं किए उम्मीदवार

**रांची** : रामगढ़ उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया 31 जनवरी से शुरू होगी लेकिन अब तक यूपीए और एनडीए ने प्रत्याशियों का एलान नहीं किया है। निवर्तमान विधायक ममता देवी के जेल जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई है। यह सीट आजसू की परंपरागत सीट रही है। गत चुनाव में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा गया था। इस सीट पर चंद्रप्रकाश चौधरी की चलती है। आजसू या चंद्रप्रकाश चौधरी इस सीट को छोड़ेंगे या किसी अन्य को मैदान में उतारेंगे, इसकी संभावना कम ही दिख रही है। अब सभी को यूपीए एवं एनडीए खेमा से प्रत्याशी एलान का इंतजार है। कार्यकर्ता भी प्रत्याशी के नाम की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। रामगढ़ उपचुनाव के लिए झारखंड पार्टी ने संतोष महतो को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है। लोजपा भी रामगढ़ उपचुनाव लड़ेगी। प्रत्याशी की घोषणा जल्द किए जाने की उम्मीद है। जदयू चुनाव लड़ेगी या नहीं। इसे लेकर अभी तक पार्टी का स्टैंड क्लीयर नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि सारी प्रकिया पूरी कर ली गयी है। दिल्ली में मंथन जारी है। संभवत- दो से तीन दिनों में प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी। आजसू केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि भाजपा के स्थानीय नेता दिल्ली गए हैं। दिल्ली में बैठक होगी। इसके बाद इसको लेकर निर्णय हो जाएगा। इसमें कोई शक नहीं है। प्रत्याशी एनडीए की ओर से आजसू का ही होगा। कौन होगा, इसे लेकर दो से तीन दिनों में तस्वीर साफ हो जाएगी।

### एनआईए ने राजबाग स्थित ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का कार्यालय किया कुर्क

**श्रीनगर** : दिल्ली की अदालत से आदेश के बाद रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने राजबाग स्थित ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (एपीएचसी) का कार्यालय कुर्क कर लिया। अदालत ने यह आदेश टेरर फंडिंग मामले में दिया है। दरअसल, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज शैलेंद्र मलिक ने एनआईए की अर्जी पर शनिवार को ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस के श्रीनगर स्थित राजबाग के दफ्तर को जब्त का आदेश दिया था।एनआईए ने टेरर फंडिंग के मामले में अलगाववादी नेता नईम अहमद खान के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया है।

### जमीन विवाद: विश्वभारती विवि के कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्व प्रसिद्ध विश्व भारती विश्वविद्यालय की जमीन पर नोबेल विजेता अमर्त्य सेन के कथित कब्जे का विवाद बढ़ता जा रहा है। एक दिन पहले राज्य के कई अखबारों में विश्व भारती की विवादित जमीन का मालिक अमर्त्य सेन को बताए जाने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अमर्त्य सेन के पिता आशुतोष सेन के साथ 1943 में विश्व भारती विश्वविद्यालय प्रबंधन का एक करार हुआ था। इसमें इस बात पर सहमति बनी थी कि जब तक वह जिंदा रहेंगे तब तक रेजिडेंशियल लीज के तौर पर उस जमीन का इस्तेमाल कर सकेंगे। उसके बाद वापस विश्वविद्यालय का उस पर कब्जा होगा, लेकिन अमर्त्य सेन ने जमीन लौटाने से इनकार कर दिया है।

राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम बदल कर अमृत उद्यान किए जाने का किया स्वागत

# वसुधैव कुटुम्बकम को दर्शाता है अमृत उद्यान: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर कार्य के पीछे राष्ट्र निर्माण की दृढ़ इच्छा शक्ति**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम बदल कर अमृत उद्यान किए जाने का राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने स्वागत किया है। मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने कहा कि अमृत वो शक्ति है जो अजर- अमर है, सुधा रस है, जिसे देवताओं के साथ जोड़ कर देखा जाता है। अर्थात, अमृत प्राणिमात्र का जीवन है। इसलिए, उद्यान को इतना बड़ा महत्व और इतनी बड़ी विशालता दी गई है। मंच का मानना है, अमृत उद्यान भारत वर्ष का वह सनातन विचार है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' को दर्शाता है। यह भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों की याद दिलाता है। 5000 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रेरित कर इसी स्थान पर खांडवप्रस्थ की समाप्ति कर इंद्रप्रस्थ की सुंदर स्थापना की थी।मंच का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर कार्य के पीछे राष्ट्र निर्माण की दृढ़ इच्छा शक्ति समाहित होती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने राजपथ का नाम बदल कर कर्तव्य पथ कर देश की दिशा और दशा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। कर्तव्य पथ करणीय कर्म को लेकर समग्रता में निष्ठावान बनाता है। इसी तरह राजधानी दिल्ली में जहां जॉर्ज पंचम की मूर्ति लगी थी



उसके स्थान पर देश के गौरव नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति लगाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया। हालाकि चंद सांप्रदायिक लोगों, जिन्हें मानवता और राष्ट्रीयता पसंद नहीं हैं उन्होंने रुदालियों की भांति कोहराम मचाया परंतु सम्पूर्ण देश ने निर्णय का जोरदार स्वागत किया। मंच का मानना है कि जब सारा देश आजादी का अमृत महोत्सव में डूबा है, इस बीच 23 जनवरी यानि पराक्रम दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने अंडमान-निकोबार द्वीप के 21 द्वीपों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे जाने की घोषणा की जिसका भी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच तहे दिल से स्वागत करता है। मंच ने प्रधानमंत्री द्वारा नाम बदले जाने के कदम को अत्यंत महत्वपूर्ण, संवेदनशील और सराहनीय बताते हुए कहा कि जिन द्वीपों के नाम बदले गए उनमें ब्रिटिश अत्याचारी हुक्मरानों के नाम शामिल थे। मंच का मानना है कि यह अत्यंत दुखद था कि अब तक जो नाम चले आरहे थे उनमें ब्रिटिश सेनापति जनरल हेवलॉक, नील और रोज के नाम भी शामिल थे जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को कुचला और अनगिनत यातनाएं दी। और इसके लिए नरेंद्र मोदी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की तरफ से मोहम्मद अफजाल, विराग पाचपोर, शाहिद अख्तर, रजा हुसैन रिजवी, माजिद तालिकोटी, मोहम्मद इस्लामुद्दीन, एस के मुद्दीन, बिलाल उर रहमान, अबु बकर नकवी, ताहिर हुसैन, मजाहिर खान, खुर्शीद रजाका, आसिफ अली नारंगी, मोहम्मद महताब आलम, शालिनी अली, शहनाज अफजल, रेशमा हुसैन, फैज खान, इरफान अली पीरजादे, एम ए सत्तार, ए खान, अल्तमश बिहारी, मोहम्मद नौफल समेत सभी राष्ट्रीय संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी, पदाधिकारी और कार्यकर्ता इन सभी कदमों का दिल से स्वागत करते हैं। मंच की ओर से कहा गया कि हम जहर नहीं चाहते, हम तो अमृत चाहते हैं; हम जहन्नुम नहीं जन्नत चाहते हैं, इसलिए सरकार को और विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी को हार्दिक बधाई देते हैं और उनका अभिनन्दन करते हैं।

## नए सत्र में एडमिशन हेतु संत मरियम में लिखित परीक्षा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : रविवार को संत मरियम के सभी शाखाओं में नए सत्र के एडमिशन हेतु वर्ग नर्सरी से नौवीं तक के छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा संपन्न हुई। मौक़े पर स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने कहा की आज के लिखित परीक्षा का परिणाम 1 फरवरी को स्कूल के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जायेगा और 2 फरवरी से सफल छात्रों का नामांकन प्रारम्भ हो जायेगा। लिखित परीक्षा में प्राप्तांक एवं साक्षात्कार के माध्यम से ही मेधावी विद्यार्थियों का एडमिशन संत मरियम स्कूल में होगा। श्री देव ने कहा कि अभिभावकों की लगातार बढ़ती मांग के मद्देनजर विद्यालय प्रबंधन पुनः नए सत्र में एडमिशन हेतु दूसरी लिखित परीक्षा 26 फरवरी को आयोजित करेगा। साथ ही उन्होंने सभी को सूचित किया कि हमारे विद्यालय में रिक्तियां बहुत कम है। अतः सफल सभी विद्यार्थी यथाशीघ्र नामांकन करा लें।

## झगरू पंडित की प्रतिमा लगाने पर बनी सहमति : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड आंदोलनकारी बाबा झगरू पंडित के आदमकद प्रतिमा उनके कर्मक्षेत्र व गृह जिला जामताड़ा के पैतृक गांव पिपराशोल में लगाने की सहमति बनी। उनका राजनीतिक ताकत हासिल करने के लिए झारखण्डी कुम्हारों के चट्टानी एकता एवं समन्वय बना कर राजनीतिक लाभ लेने, झारखंड माटीकला बोर्ड गठन को लेकर स्थानीय मेमको मोड़ होटल गंगोत्री में राज्य स्तरीय कुम्हार समाज की एक आवश्यक बैठक हरेराम पंडित के नेतृत्व में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा झगरू पंडित सहित सामाजिक उत्थान में किये गए अविस्मरणीय कार्यों के लिए अन्य महापुरुषों की प्रतिमा लगाने पर



सहमति बनी। समन्वय समिति बनाकर नए शिरे से समाज के उत्थान में प्रगति लाने की रणनीति पर रायसुमारी हुई। इस बैठक में पलामू से अविनाश देव,ललन प्रजापत्ति, बोकारो से सरिता जी,बालगोविंद जी, परमानन्द जी,जामताड़ा से श्रवण जी,रामस्वरूप जी,अर्जुन जी,मोहन जी,महादेव कुम्हार, दिलीप कुमार,डॉक्टर हरदेव प्रसाद,राजेन्द्र जी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रकाश जी ने किया। सर्वमङ्गला नरसिंग होम के मालिक व मुख्य चिकित्सक डॉक्टर सर्वमङ्गला प्रसाद ने सभी सदस्यों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किये। आयोजक ने मुख्यातिथि अविनाश देव को पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला देकर हार्दिक अभिनंदन किया। धन्यवाद ज्ञापन पवन जी ने किया।

# राज्यपाल ने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता वाले विधेयक को लौटाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को झारखंड विधान सभा से पारित 'झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक-2022' की पुनर्समीक्षा के लिए राज्य सरकार को वापस कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार इस विधेयक की वैधानिकता की समीक्षा करें कि यह संविधान के अनुरूप एवं उच्चतम न्यायालय के निदेशों के अनुरूप हो।

यह अधिनियम राज्यपाल के अनुमोदन तथा राष्ट्रपति की सहमति के लिए प्रेषित करने का अनुरोध राज्य सरकार द्वारा प्राप्त हुआ था। इस अधिनियम के अनुसार, स्थानीय व्यक्ति का अर्थ झारखंड का अधिवास (डोमिसाइल) होगा जो एक भारतीय नागरिक है और झारखंड की क्षेत्रीय और भौगोलिक सीमा के भीतर रहता है और उसका या उसके पूर्वज का नाम 1932 या उससे पहले के सर्वेक्ष, खतियान में दर्ज है। इसमें उल्लेख है कि इस अधिनियम के तहत पहचाने गए स्थानीय व्यक्ति ही राज्य के वर्ग-3 और 4 के विरुद्ध नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।विधेयक की समीक्षा के क्रम में स्पष्ट पाया गया है कि संविधान की धारा 16 में सभी नागरिकों को नियोजन के मामले में समान अधिकार प्राप्त है। संविधान की धारा- 16(3) के अनुसार मात्र संसद को यह शक्तियां प्रदत्त हैं कि वे विशेष प्रावधान के तहत धारा 35 (ए) के अंतर्गत नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्तें लगाने का अधिकार अधिरोपित कर सकते हैं। राज्य विधानमंडल को यह शक्ति प्राप्त नहीं है।एवीएस नरसिम्हा राव एवं अन्य बनाम आंध्र प्रदेश एवं अन्य (एआईआर 1970 एससी 422) में भी स्पष्ट व्याख्या की गई है कि नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्तें लगाने का अधिकार मात्र भारतीय संसद में ही निहित है। इस प्रकार यह विधेयक संविधान के प्रावधान तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश के विपरीत है।

झारखंड राज्य के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र है जो पाचवीं अनुसूची के तहत आच्छादित होता है। उक्त क्षेत्रों में शत प्रतिशत स्थानीय व्यक्तियों को नियोजन में आरक्षण देने के विषय पर उच्चतम न्यायालय के संवैधानिक बेंच द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है। इस आदेश में भी उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में नियुक्तियों की शर्तों लगाने के राज्यपाल में निहित शक्तियों को भी संविधान की धारा 16 के विपरीत घोषित किया गया था। सत्यजीत कुमार बनाम झारखंड राज्य के मामले में भी पुनः सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में राज्य द्वारा दिये गए शत प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक घोषित किया गया था।विधि विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि प्रश्नगत विधेयक के प्रावधान संविधान एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के विपरीत है और कहा गया है कि ऐसा प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय एवं झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित संदर्भित कतिपय न्याय-निर्णय/न्यायादेश के अनुरूप नहीं है। साथ ही ऐसा प्रावधान स्पष्टतः भारतीय संविधान के भाग तीन के अनुच्छेद 14, 15, 16 (2) में प्रदत्त मूल अधिकार से असंगत व प्रतिकूल प्रभाव रखने वाला प्रतीत होता है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 से भी प्रभावित होगा तथा अनावश्यक वाद-विवादों को जन्म देगा।राज्यपाल ने समीक्षा करते हुए पाया कि वर्णित परिस्थिति में जब राज्य विधानमंडल में यह शक्ति निहित नहीं है कि वे ऐसे मामलों में कोई विधेयक पारित कर सकती है, तो इस विधेयक की वैधानिकता पर गंभीर प्रश्न उठता है।

### भगवान महाकालेश्वर के आंगन में 10 से 18 फरवरी तक मनाई जाएगी शिवनवरात्रि

**उज्जैन** : विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी फाल्गुन कृष्ण पंचमी यानी 10 से 18 फरवरी तक शिवनवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत 10 फरवरी होगी और 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर इसका समापन होगा। इस दौरान भगवान महाकाल दूल्हा बनेंगे और नौ दिन नवश्रृंगार में भक्तों का मन मोहेंगे। शिवनवरात्रि और महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रविवार को मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर साफ सफाई, रंगरोगन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जाने वाले इंतजामों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की पूजन परंपरा के अनुसार 10 फरवरी को शिवनवरात्रि के पहले दिन शिवपंचमी का पूजन होगा।

## झारखंड श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष बने विजय हांसदा, रामदास सोरेन और मथुरा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की अनुषांगिक इकाई झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का रविवार को विस्तार कर दिया है। झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक रामदास सोरेन और मथुरा प्रसाद महतो संघ के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा संघ में महासचिव, संयुक्त महासचिव, संगठन सचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव सहित कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त हुए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों की संख्या कुल 11 है। झारखंड श्रमिक संघ के अध्यक्ष झामुमो सुप्रीम शिबू सोरेन हैं।

### केंद्रीय कार्यकारिणी समिति विस्तार की सूची

समिति के उपाध्यक्ष-घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, टुंडी विधायक



मथुरा प्रसाद महतो।

केंद्रीय कार्यकारिणी समिति विस्तार की सूची

समिति के उपाध्यक्ष-घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो।

महासचिव-फागु बेसरा।

संयुक्त महासचिव-शैलेंद्र कुमार मैथी।

संगठन सचिव-विनोद कुमार पांडेय।

सचिव-जय नारायण महतो।

कोषाध्यक्ष-संजीव कुमार बेदियान

कार्यालय सचिव-वीर सिंह सुरीन।

कार्यकारिणी सदस्य-समीर कुमार मोहंती, निरल पूर्ति, भूषण तिर्की, अंजली सोरेन, अशोक मंडल, विजय रजवार, विनोद सिंह, निशा हेम्ब्रम, बिटू मुर्मू, इकबाल अहमद, राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डु।

## किचन वेस्ट को कंपोस्ट खाद में बदलने का तरीका बताया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची नगर निगम सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड-3 के लोगों के साथ रविवार को मोहराबादी स्थित मां सोना कालिंदी अपार्टमेंट में फोरम के संयोजक दीपेश निराला की अध्यक्षता में हुई। फोरम के सदस्य और अर्बन खेती से जुड़े विशेषज्ञ विनोद कुमार ने उपस्थित लोगों को उनके किचन से निकलने वाले वेस्ट यानी फल सब्जी के छिलके इत्यादि का सदुपयोग कर उसे कंपोस्ट खाद में बदलने की तकनीक बताते हुए इसके फायदे बताये। उन्होंने बताया कि बायोडिग्रेडेबल वेस्ट पदार्थ छह घंटे में ही डीकंपोज होने लगता है और 12 घंटे में उससे बदबू आना स्टार्ट हो जाता है, जो कि आज नगरीय क्षेत्र में लोगों की एक बहुत बड़ी समस्या बनते जा रहा है, क्योंकि नगर निगम की कचरा उठाने की टीम नियमित रूप से प्रतिदिन कई जगहों पर नहीं पहुंच पाती है, जिस कारण जब यह पदार्थ सड़ने लगता है और इससे दुर्गंध फैलने लगती है तो स्थिति बद से बदतर हो जाती है। इसी समस्या पर उन्होंने उपकरण के साथ किचन वेस्ट को कंपोस्ट खाद में बदलने की पूरी प्रक्रिया को उपस्थित लोगों को डिमांस्ट्रेशन के साथ समझाया। रांची नगर निगम सिटीजन फोरम के संयोजक दीपेश निराला ने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग इस सरल पद्धति को अपनाकर अपने किचन वेस्ट से अपने किचन गार्डन और फल-फूल-सब्जी के गमलों के लिए खुद से कंपोस्ट खाद बनाएं और रांची नगर निगम का कुल बजट का अधिकतर भाग जो केवल कचरा निस्तारण में खर्च हो रहा है, उससे नगर निगम को राहत प्रदान करने में सहायक बनें। इस अवसर पर संयोजक दीपेश निराला, रेणुका तिवारी, प्रभात कुमार सहाय, मनोज कुमार सिंह, सुमन तिवारी, राजेश कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### चीन ने लगभग दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को हड़प लिया : राहुल गांधी

**श्रीनगर** : कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चीन के मामले में उन्होंने चुप्पी साध रखी है, जबकि चीन ने लगभग दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को हड़प लिया है। सिर्फ देश के प्रधानमंत्री को लगता है कि चीन ने देश की जमीन नहीं हड़पी है। राहुल गांधी रविवार को भारत जोड़ो यात्रा के श्रीनगर पहुंचने पर यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री देश के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें लगता है कि चीनियों ने भारत की कोई जमीन नहीं ली है। राहुल ने कहा कि उनसे आसाम और लद्दाख के लोग मिले हैं, जिन्होंने इस पर उनसे चर्चा की। एक लद्दाखी प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को चीन ने हड़प लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई पेट्रोलिंग पॉइंट, जो भारत में हुआ करते थे, अब चीन के हाथों में हैं।

## जीवन की सुरक्षा पौधों से होती है : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : लातेहार जिले के हेरंहज प्रखंड के ग्राम घूरे में संतोष कुमार जायसवाल के गृह प्रवेश में शामिल विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर उन्हें पौधों की तरह फलने फूलने की मंगल कामना की। मौके पर उपस्थित लोगों को कौशल ने पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए कहा कि लोगों को जीवन में बरसा, ठंडी, और धूप से बचने के लिए गृह का निर्माण जरूरी है । ठीक उसी तरह जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पौधा लगाकर उसे बचाना जरूरी है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म का 8 मूल ज्ञान मंत्र में पहला मूल मंत्र जन्मदिन या जीवन का कोई भी शुभ कार्य व श्राद्ध पर पौधा लगाकर उसके बच्चे की तरह बचाने का विधान है।उन्होंने कहा कि यदि लोगों की संख्या और घरों की संख्या बढ़े तो स्वस्थ रहने के लिए वृक्षों की



संख्या अवश्य बढ़नी चाहिए। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि गृह निर्माण के साथ ही घर के चारों ओर और छत के ऊपर पौधा लगाने से घर में एसी लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि एसी लगाने से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है । पर्यावरणविद ने हेरंहज के प्राचीन प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन कर बरसात में उक्त मंदिर परिसर में पूजनीय पौधा लगाने की घोषणा की।

**सरस्वती पूजन और अखंड पाठ का समापन** : ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया और विपिएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने कहा कि उनके आबाद गंज स्थित पर्यावरण भवन परिसर में काफी लंबे अरसे से मां सरस्वती की पूजा होते आ रहा है। इस अवसर पर आयोजित अखंड कीर्तन में भारी संख्या में महिला और बच्चे शामिल होते हैं । ऋतुराज बसंत पंचमी के आगमन पर होली गायन के साथ कार्यक्रम का समापन कर दिया गया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में जायसवाल टिंबर के प्रो,अरुण कुमार जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार ,कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आशा देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, कल्पना देवी, सीमा देवी, पूर्णिमा कुमारी, सूरज कुमार, सुमित कुमार, अमन कुमार, पीएन सिंह, आर के पांडे, मिट्ठू सिंह, आराध्या, आशिविका आद्रिका, अनुषा,शामिल थे। वहीं हेरहंज में पूर्व मुखिया नंदकिशोर प्रसाद जायसवाल, ग्राम प्रधान केदार प्रसाद गुप्ता,नरेश प्रसाद जायसवाल, भागवत प्रसाद, राज्य श्रीदेवी, सौरव राज, आदर्श कुमार, आशा कुमारी,रंजीत प्रसाद, वीरेंद्र दुबे, जितेंद्र कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, शिवकांत जायसवाल, राहुल कुमार, सोनू कुमार,आदि शामिल थे।